## हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा के हर्ष को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## शादी मुबारक



लुनापानी के रोहित व पंडोह की अदिति को परिणयसूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# बागी विधायकों के कारण भाजपा कांग्रेस दोनों के भीतर ऊहापोह

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

लोकसभा चुनावों के साथ ही क्या बागी विधायकों की वजह से खाली होने वाली विधानसभा सीटों के उपचुनाव भी हो जाएंगे? इसी ऊहापोह में हमीरपुर की राजनीति मुकम्मल तौर पर 'शांत' सी चल रही है। कांग्रेस के कुछ नेता बागी लोगों पर प्रहार कर रहे हैं।



भाजपा नेताओं ने खामोशी धारण कर रखी है। लगता है इंतजार केवल इसी बात का हो रहा है कि 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट से बागी विधायकों का क्या फैसला आएगा? क्या शनिवार को लोकसभा चुनावों की बजने वाली 'डुगडुगी' के साथ ही खाली हुई विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हो जाएगा? यही चर्चा हो रही है। बर्खास्त किए गए कांग्रेस के 6 विधायकों में से चार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से ही ताल्लुक रखते हैं। इनमें दो हमीरपुर और दो ही ऊना जिला से हैं। यदि चुनाव की नौबत आती है तो क्या बर्खास्त किए गए चारों कांग्रेस के नेता भाजपा टिकट पर सवार होंगे? इसी असमंजस के बीच में कार्यकर्ताओं के दरमियान चर्चाएं हो रही हैं। नेता चुप हैं और पैदा होने वाली नई परिस्थितियों के आंकलन में लगे हुए हैं। सुजानपुर में भाजपा पिछले तीन चुनाव नहीं जीत पाई है। यहां पर राजेंद्र राणा प्रदेश की राजनीति में नए समीकरणों का उदय करते रहे हैं। बड़सर की राजनीति में भी इसी तरह की स्थिति है। लगातार तीन चुनाव जीतकर इंद्र दत्त लखनपाल ने भाजपा के लिए तो चुनौती पैदा की ही थी। कांग्रेस के भीतर भी अलग तरह का माहौल देकर उन्होंने खुद को वहां स्थापित किया।

कुटलैहड़ विस में लंबे समय के बाद कांग्रेस के उम्मीदवार देवेंद्र भुट्टो ठीक-ठाक मार्जिन से जीते। मूल रूप से भाजपा के अंग-संग भी रहे हैं। नई परिस्थितियों में भाजपा के भीतर अजीबोगरीब स्थिति पैदा होने वाली है।

गगरेट में चैतन्य शर्मा की नई मौजूदगी पर अभी माहौल खामोश है। विधानसभा उपचुनाव यदि हुआ तो यहां से कौन लड़ेगा? इस पर भी कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लोकसभा के साथ यदि उपचुनाव होते हैं, तो कांग्रेस के लिए भी राहें आसान नहीं होंगी। भाजपाई नए उम्मीदवारों को कितना मान-सम्मान दे पाएंगे? इस पर भी इस नई 'हिचकोले' खाने वाली राजनीति का 'पटाक्षेप' जल्दी होने वाला है। फिलहाल नजरें 18 मार्च पर टिकी हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

## कर्नल संजय को मिली डबल डिग्री



**सोलन।** एक एचपी गर्ल्ज बटालियन सोलन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय शांडिल ने एक और उपलब्धि हासिल की है। कर्नल शांडिल ने लायलपुर खालसा कॉलेज टेक्निकल कैंपस जालंधर से एमबीए एचआर और फाइनेंस में डबल डिग्री हासिल की है। 14 मार्च को आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें डिग्री पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. सुशील मित्तल ने प्रदान की। बता दें कि कर्नल शांडिल ने पहले वर्ष 2021 में एमबीए कंपलीट की थी। उन्होंने इस दौरान न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और गोल्ड मेडल हासिल किया।

# कवि सुरिंदर शर्मा ने किया लोटपोट

## शूलिनी स्प्रिंग उत्सव में संस्कृति और बौद्धिक का आगाज

**आर मोहन चौहान, सोलन**

बहुप्रतीक्षित शूलिनी स्प्रिंग फेस्ट-2024 शुक्रवार को उत्साह के साथ शुरू हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर को रचनात्मकता और ज्ञानोदय के एक जीवंत केंद्र में बदल दिया। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में शूलिनी वार्षिक उत्सव मोक्ष, साहित्य उत्सव, टैक उत्सव और पुष्प उत्सव सहित कई कार्यक्रम प्रदर्शित किए जाएंगे।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की अध्यक्ष संजना गोयल उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि थीं। शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट की अध्यक्ष सरोज खोसला, निष्ठा शुक्ला आनंद ट्रस्टी और निदेशक शूलिनी विश्वविद्यालय भी उत्सव में उपस्थित रहे। साहित्य उत्सव में शर्मिष्ठा मुखर्जी, कवि अशोक चक्रधर और हास्यकार कवि सुरेंद्र शर्मा जैसे दिग्गजों ने अपनी गहन अंतर्दृष्टि और काव्य प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपने पिता की विरासत पर विचार करते हुए भारतीय समाज पर उनके स्थायी प्रभाव पर जोर दिया। अशोक चक्रधर ने हिंदी भाषा के विकास और इसकी आंतरिक प्रतिध्वनि पर प्रकाश डालते हुए कहा, जिस तरह भगवान कृष्ण के आगमन से वसंत ऋतु का आगमन होता है, उसी तरह हिंदी का विकास... क्रमिक और बहुमुखी रहा है। महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक सत्र में सुनैनी शर्मा, विभा रानी और शिल्पा झा ने समाज में महिलाओं की क्षमता और ताकत पर चर्चा की और सामाजिक मानसिकता में बदलाव की वकालत की। शिमला पर सत्र में अतुल लाल और सिद्धार्थ पांडे के साथ लेखकों के संग्रहालय ने शिमला की कहानियों के बारे में बात की। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ऑनलाइन जुड़े हुए थे और क्रिकेट प्रेमियों को भारतीय क्रिकेट के बारे में उत्साहपूर्ण बातचीत की।



हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा अपनी प्रस्तुति देते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### थाने में पेश नहीं हुए चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा व आशीष शर्मा

**शिमला।** कांग्रेस के बागी विधायक चौतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा और हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा शिमला के बालुगंज थाने में शुक्रवार को पेश होना था, लेकिन किन्ही कारणों से वे दोनों पेश नहीं हुए। हालांकि इन दोनों के वकील बालूगंज थाना में पेश हुए। वकीलों ने पुलिस को बताया कि राकेश शर्मा और आशीष शर्मा की तबीयत ठीक नहीं है। उन्होंने पेश होने के लिए पुलिस से एक सप्ताह का वक्त मांगा। बता दें कि हिमाचल हाई कोर्ट ने बीते मंगलवार को राकेश शर्मा और आशीष शर्मा को बालूगंज पुलिस के समक्ष पेश होने की शर्त पर अग्रिम जमानत दी थी। मगर, दोनों खुद पुलिस के समक्ष हाजिर नहीं हुए। इनके खिलाफ कांग्रेस के विधायक संजय अवस्थी और भुवनेश्वर गौड़ ने शिमला के बालूगंज थाना में मामला दर्ज करवाया है। राकेश शर्मा और आशीष शर्मा पर बहुमत वाली कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए षड़यंत्र रचने और विधायकों की खरीद-फरोख्त करने का आरोप है।

### पत्नी की हत्या कर खुद लगाया फंदा

**सोलन।** कसौली थाना तहत कोटबेजा पंचायत के जामली गांव में एक घर से दो शव बरामद हुए हैं। मृतक पति पत्नी हैं। पत्नी के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं जबकि पति का शव लटका मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह दंपती उत्तराखंड का रहने वाला था। मृतक की शिनाख्त तारा सिंह के रूप में हुई है। उसकी पत्नी का नाम विनीता देवी बताया गया है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि वीरवार रात दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था और आरोपी तारा सिंह ने मृतका विनीता की डंडे मारकर हत्या कर दी और कुछ देर बाद खुदकुशी कर ली। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**पांवटा साहिब।** माजरा पुलिस थाना के अंतर्गत पांवटा साहिब-कालाअंब नेशनल हाई वे-07 पर एक बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में युवक बुरी तरह से जख्मी हुआ, जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल पांवटा पहुंचाया गया, लेकिन युवक की तब तक मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय हेमचंद, पुत्र बहादुर सिंह निवासी गांव रूखड़ी, डाकघर शंभूवाला तहसील नाहन के रूप में हुई है।

### अवैध खैर से भरी पिकअप पकड़ी

**बीबीएन।** बरोटीवाला के कोटला हरिपुर मार्ग पर वन विभाग की टीम ने अवैध खैर से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी। वन विभाग ने हरिपुर के समीप वन खंड अधिकारी दिनेश कुमार की देखरेख में नाका लगाया था। वीरवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे कोटला की ओर से एक पिकअप आई, जिसे चैकिंग के लिए रोका तो गाड़ी में खैर की लकड़ी थी, जब गाड़ी चालक से दस्तावेज के बारे में पुछा तो मौके पर पुख्ता दस्तावेज पेश नहीं किए। पिकअप चालक की पहचान हरियाणा के कालका तहसील के गांव भल्ला का चालक राजपाल से हुई।

## कालका-शिमला फोरलेन की जानकारी न देने पर एनएचएआई को फटकार

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने कालका-शिमला फोरलेन के निर्माण कार्य से जुड़ी स्पष्ट जानकारी न देने पर एनएचएआई को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने एनएचएआई को चेतावनी दी कि भविष्य में सावधानी बरतें और कोर्ट के समक्ष अधूरी और अस्पष्ट जानकारी वाले शपथपत्र दायर न करे। कोर्ट ने कहा कि यदि भविष्य में ऐसा किया गया तो एनएचएआई के खिलाफ कड़े आदेश पारित किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को परवाणु से ढली तक निर्माण कार्य पूरा करने की टाइम लाइन शपथपत्र के माध्यम से बताने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने इस दौरान हटाए गए अवैध कब्जों और अतिक्रमणों की जानकारी भी मांगी थी।

# पांवटा साहिब में फाइनेंस के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी

## इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के शोरूम के मालिक पर लगाए आरोप, बैंक कर्मी भी शामिल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



बद्रीपुर-जामनीवाला रोड पर एक शोरूम के बाहर प्रदर्शन करते लोग।

बद्रीपुर-जामनीवाला रोड पर एक शोरूम के बाहर लोगों ने प्रदर्शन किया। आरोप है कि शोरूम मालिक फाइनेंस के नाम पर सैकड़ों लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर फरार हो गया है। इसको लेकर लोग इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर पहुंचे व हंगामा किया।

इसके बाद एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह, थाना प्रभारी पांवटा अशोक चौहान भी मौके पर पहुंचे व मामले में जल्द कार्रवाई करने को कहा, जिसके बाद लोगों ने हंगामा बंद किया। इस दौरान एक पीड़ित ग्राहक ने बताया कि दुकानदार लोगों के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक सामान लेने पर एक लोन करने पर दो-तीन लोन कर देता था, जिसके चलते उनको एक की जगह तीन किस्त देनी पड़ती है व दूसरे लोन का पैसा वह खुद रख लेता था। पीड़ित लोगों ने कहा कि शोरूम के मालिक द्वारा सैकड़ों लोगों के साथ यह फ्रॉड किया गया है। लोगों का कहना है कि शोरूम मालिक के साथ बैंक के लोग भी शामिल हैं। उन्होंने पुलिस से जल्द मालिक को पकड़ने व उसके खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है। एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह ने बताया कि उन्होंने पीड़ित लोगों से बात की। जल्द ही शोरूम के मालिक को पांवटा लाया जाएगा, जिसके बाद ही मामले का पूरा पता चल पाएगा। आईपीएस अदिति सिंह ने लोगों से अपील की है कि बिना जाने किसी को भी अपना ओटीपी व एटीएम कार्ड न दें। आपकी ई-मेल आदि के लिए टू फैक्टर ओथेंटिकेशन का विकल्प चुनें। यह सबसे सेफ तरीका है।

# बागियों ने बिगाड़ी प्रत्याशी चयन में कांग्रेस की चाल

## हिमाचल में लोकसभा के लिए टिकट देना कांग्रेस के लिए बनी गले की फांस

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल में कांग्रेस को सांसद के लिए टिकट देना गले की फांस बन गई है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के टिकट जिताऊ प्रत्याशियों की तलाश में फंस गए हैं। अब शिमला में संभावित उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट होने के आसार कम हैं।

अगले सप्ताह दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की सहमति से ही नाम तय हो सकते हैं। बागी हुए 6 विधायकों के अयोग्य घोषित होने के बाद कांग्रेस के लिए प्रत्याशियों का चयन करना चुनौती भरा काम हो गया है। लोकसभा चुनाव लड़ाने को कांग्रेस के पास नेता तो अनेक हैं, लेकिन पार्टी को जीत दिलाने वाले बड़े नामों की दरकार है। कांग्रेस हाईकमान ने जनवरी के आखिरी सप्ताह में प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशी चुनने के लिए पूर्व रेल राज्य मंत्री भक्त चरण दास को स्क्रीनिंग कमेटी अध्यक्ष बनाया था। पांच फरवरी को स्क्रीनिंग कमेटी की दिल्ली में बैठक हुई थी। इस बैठक में भक्तचरण दास के अलावा मुख्यमंत्री सुक्खू, अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शामिल हुए थे। इस बैठक में चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से आवेदन मांगने का फैसला लिया गया। 25 फरवरी को स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भक्तचरण दास ने शिमला में सभी आवेदकों से एक-एक कर बैठक की थी। मार्च के पहले सप्ताह में स्क्रीनिंग कमेटी की दूसरी बैठक में संभावित उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाना था, लेकिन 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग ने प्रदेश की राजनीति में सियासी तूफान खड़ा कर दिया। इसके चलते लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी तय करने की प्रक्रिया पीछे छूट गई और सरकार बचाने की जद्दोजहद शुरू हुई। (अनंत ज्ञान)

### जल्द तय किए जाएंगे प्रत्याशी

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही कांग्रेस के प्रत्याशी तय कर लिए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश सरकार के 15 माह के कार्यकाल के दौरान शुरू की गई। योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 15 माह के कार्यकाल के दौरान प्रदेश सरकार ने आर्थिक, प्राकृतिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना किया है।

## अफरातफरी में है सरकार: जयराम ठाकुर



**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं। एक ही दिन में दो-दो बार कैबिनेट की बैठकें की जा रही हैं। कैबिनेट बैठकों में पूरे मंत्री भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। आखिर सरकार इतनी अफरातफरी में क्यों हैं? एक तरफ प्रदेश के युवा लंबित परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर महीनों से सड़कों पर हैं और मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने के लिए जनता के हितों को दरकिनार कर रेवड़ियों की तरह कैबिनेट रैंक देने में व्यस्त हैं, जिससे असंतुष्टों को साधा जा सके। एक तरफ सरकार आर्थिक तंगी का रोना तो रही है दूसरी तरफ़ कैबिनेट रैंक बांटकर करोड़ों रुपए का अनावश्यक बोझ प्रदेश की जनता थोप रही है।

## महिलाओं के उत्थान के लिए केंद्र सरकार अग्रसर



**नाहन।** शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत रही है और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सुरेश कश्यप ने नाहन में इनर व्हील क्लब के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद सुरेश कश्यप ने इनर व्हील क्लब की महिलाओं को डोना - पतल बनाने की मशीन भेंट की इससे पहले सांसद द्वारा इस क्लब को सिलाई मशीने में भी उपलब्ध करवाई गई थीं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि इस क्लब द्वारा महिलाओं के उत्थान की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

## 1500 योजना में 22 लाख महिलाएं वंचित: भाजपा



**सोलन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान निधि योजना के तहत हिमाचल सरकार ने जो मापदंड 1500 देने के लिए निर्धारित किया है, उन पर प्रदेश में एक लाख महिलाएं भी पात्र नहीं हो पाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का 10 वर्ष का संघर्ष व महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण व सबका साथ सबका विकास को पछाड़ने का जो असफल प्रयास कांग्रेस ने किया उसी जाल में आज सुक्खू सरकार उलझ चुकी है।

## पेट्रोल-डीजल सस्ता, देशवासियों को राहत: बिंदल



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा डीजल व पेट्रोल की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर की कमी करके देशवासियों को बड़ी राहत प्रदान की है। नई दरें वीरवार 15 मार्च सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपए प्रति लीटर होंगी, जो पहले 96.72 रुपए प्रति लीटर थीं। इसी प्रकार डीजल 87.62 रुपए में मिलेगा, जो पहले 89.62 रुपए प्रति लीटर था। डॉ. बिंदल ने कहा कि जब विश्व मुश्किल दौर से गुजर रहा था, विकसित और विकासशील देशों में पेट्रोल के दामों में 50-72 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई और हमारे आसपास के कई देशों में तो पेट्रोल मिलना ही बंद हो गया तब भी 1973 के बाद आए 50 साल के सबसे बड़े तेल संकट के बावजूद पीएम मोदी के दूरदर्शी और सहज नेतृत्व के कारण देश पर आंच नहीं आई।

## अनंत ज्ञान नारी शक्ति विशेष

# आत्मनिर्भरता से बढ़ेगा महिलाओं में विश्वास



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

समाज में जितनी एहमियत पुरुषों की भूमिका है, उससे कहीं ज्यादा महिलाएं अपने जीवन काल में अलग-अलग भूमिकाओं को निभाते हुए समाज को एक दिशा देने का कार्य कर रही हैं और आज भी हमारे समाज में कहीं न कहीं पुरुषों का वर्चस्व है, जो कि महिलाओं की भूमिका को पूरी तरह से बराबरी पर लाने में संकोच कर रहे हैं। कुल्लू और लाहौल-स्पीति में आज महिलाओं की भागीदारी पहले के मुकाबले बढ़ी है। इसे संतोषजनक तो नहीं कह सकते, क्योंकि अभी भी इसमें बहुत से कार्यों को अंजाम दिया जाना बाकी है। लाहौल-स्पीति और कुल्लू जिले की महिलाओं से 'अनंत ज्ञान' के साथ विचारों को साझा करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत और अपने हौसले के दम पर अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने क्या कहा... (अनंत ज्ञान)

**नारी उत्थान के लिए सही दिशा में हो प्रयास, राजनीतिक घोषणाओं तक न रहें सीमित**

**पॉलिसी मेकिंग और डिसीजन मेकिंग में महिलाओं को भी करना होगा शामिल**

### महिलाओं को समाज में मिले समान स्वतंत्रता



**महिलाओं** को समाज में समानता, न्याय और स्वतंत्रता का पूरा हक मिलना चाहिए। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार के मौके और सामाजिक समर्थन की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही सभी महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिले, ताकि महिलाओं को अपने हुनर को तराशने और अपने लिए अवसर बनाने का मौका मिले। महिलाओं के बिना किसी भी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती और समाज में संतुलन के लिए महिलाओं को समानता का अधिकार सिर्फ घोषणाओं में न हो, बल्कि इस पर कोई कारगर कानून बने तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

**कल्पना ठाकुर, प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं समाजसेवी, मनाली**

### महिलाओं को आगे बढ़ने का दें मौका



**सुनिता** कटोच के अनुसार महिलाओं के पिछड़ने का मुख्य कारण एक महिला का दूसरी के साथ सहयोग न करना है। इसलिए महिलाओं को अपनी झिझक को छोड़कर आगे आना होगा। सुनीता मशहूर कवि हरिशंकर परसाई की कविता में जहां पर लिखा होता है कि दिवस तो कमजोरों का मनाया जाता है और यह सच है। इसलिए सरकार को भी चाहिए कि महिलाओं के लिए लोक लुभावने घोषणा न करते हुए उन्हें अधिक से अधिक मौका दें और यह सुनिश्चित करें कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें और अपने सपने साकार करें।

**सुनीता कटोच, कवयित्री एवं शिक्षिका लाहौल-स्पीति**

### राजनीति में महिलाओं को मौका देने की जरूरत



**राजनीति** की बात करें तो महिलाओं का उत्थान के लिए उन्हें और ज्यादा मौके देने की जरूरत है। महिलाओं को पॉलिसी मेकिंग ओर डिसीजन मेकिंग में भी शामिल करने की जरूरत है, ताकि महिलाओं की भागीदारी बढ़े। आज हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं, लेकिन हर दिवस महिलाओं के लिए उनका अपना दिवस होना चाहिए। इसके लिए सब से ज्यादा जरूरी है कि महिलाएं शिक्षित हों और अपने अधिकारों के प्रति सचेत हो। इसके साथ ही महिलाओं को चाहिए कि वे आत्मनिर्भर बनें और किसी पर भी निर्भर होने की दुर्बलता को पीछे छोड़ समाज में आगे बढे।

**अनुराधा राणा, जिला परिषद अध्यक्ष लाहौल-स्पीति**

### महिलाओं को जाननी होगी अपनी एहमियत



**समाज** में महिलाओं की भूमिका बहुत ही अहम है। इसलिए सरकार को भी चाहिए कि वह महिलाओं के लिए ऐसे कानून बनाए, जिससे महिलाओं का उत्थान सिर्फ घोषणाओं और किताबी बातों तक ही न सीमित रहे। समाज से महिलाओं को अपनी जगह खुद ही बनानी होगी और इसके लिए महिलाओं को अपनी ताकत को समझना होगा। समाज में आज भी महिलाओं के प्रति पुरुषों का रवैया सही नहीं है, जिसके लिए नारी शक्ति को खुद को कमजोर मानने की बजाय खुद को मजबूती के साथ पेश करना होगा, ताकि समाज में फैली पुरानी मानसिकता ओर भ्रांतियों को तोड़ा जा सके।

**कल्पना शर्मा (निक्की), समाजसेवी, शाढ़ाबाई कुल्लू**

## बाल विभाग अनंत ज्ञान



# स्मार्टफोन कर रहा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का नुकसान

**आज** के दौर में मोबाइल भी एक आधुनिक फैशन बन चुका है, फिर चाहे बच्चा हो, बड़ा हो या बुजुर्ग, कोई भी इसके प्रयोग से अछूता नहीं रहा। सिर्फ इतना ही नहीं छोटे बच्चों को खाना खिलाने या शांति से बैठाए रखने के लिए भी अकसर लोग उन्हें स्मार्ट फोन पकड़ा देते हैं, जबकि आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि मोबाइल फोन आपके बच्चे की हेल्थ को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। मोबाइल का प्रयोग दिमाग की रफ्तार को कम करने के साथ साइबर बुल्लाइंस, डिप्रेशन और स्ट्रेस जैसी समस्या को भी जन्म दे सकता है। ऐसे में मां-बाप बच्चे के लिए नियम व शर्त तय करें, जिससे बच्चे को इस खतरे से बचाया जा सके।


### दो से चार साल के बच्चे को दिन में केवल एक घंटा स्क्रीन टाइम

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन ने स्मार्टफोन तकनीक का उपयोग करने वाले बच्चों से जुड़े जोखिम को पहचानना शुरू कर दिया है। वाशिंगटन पोस्ट ने हाल में डब्ल्यूएचओ की रिपार्ट पर लिखा है कि दो से चार साल के बच्चे को एक दिन में एक घंटा स्क्रीन टाइम होना चाहिए। चार से अधिक के लिए दो घंटे हर दिन सही है।

### छोटी उम्र में ही लगने लगा चश्मा

**छोटी** उम्र में ही चश्मा लगना चिंताजनक है। ऐसे बच्चों को पावर वाले चश्मे की जरूरत होती है। पहले 12 से 13 साल की उम्र में इस बीमारी की शुरुआत होती थी और 18 से 19 साल के बाद चश्मा लगता था। अब छोटी उम्र में ही चश्मा लगने लगा है। बच्चे लगातार दो से तीन घंटे मोबाइल पर बीता रहे हैं।

### सोचने और जानने की शक्ति प्रभावित करता है स्मार्टफोन



**चाइल्ड** रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि अधिक समय बच्चे को मोबाइल देना सेहत के लिए सही नहीं है। बच्चों में किसी चीज को सीखने की ललक होती है, तो अधिक जिज्ञासा के कारण वह गलत चीजें सीख सकते हैं। इसके अलावा मेंटल हेल्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव होता है।

### बच्चों पर स्मार्टफोन के बुरे प्रभाव

- ट्यूमर पैदा होने की संभावना।
- मोबाइल मस्तिष्क की गतिविधि को प्रभावित करता है।
- शैक्षणिक प्रदर्शन का कम होना।
- सोशल मीडिया की अनुपयुक्त वीडियो तक पहुंच।
- नींद की समस्या आना।
- मोटापा और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ना।
- साइबर अपराधियों के संपर्क में आना।
- बच्चे सामाजिक कौशल अविकसित हो सकते हैं।

## करंट लगने से झुलसा मासूम, पीजीआई रेफर

**शाहपुरकंडी।** हाईटेंशन तारों में फसी पतंग को छुड़ाने के चक्कर में दस वर्षीय बालक बिजली का करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। उसे रणजीत सागर बांध परियोजना के सरकारी अस्पताल में एडमिट करवाया गया मगर डॉक्टरों ने बच्चों की हालत को देखते हुए उसे पठानकोट रैफर कर दिया गया मगर वहां से भी बच्चे को पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया गया है। जहां बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुरकंडी के साथ लगते गांव छनी-महौला निवासी दस वर्षीय वंश राजपूत पुत्र मिंटू अपने घर के पास पतंग उड़ा रहा था तभी उसकी पतंग वहां से गुजर रही हाईटेंशन तारों में जा फंसी। मगर बच्चे ने पतंग को किसी लोहे की राड से नीचे उतारना चाहा। मगर पतंग को उतारते समय लोहे के डंडे में बिजली का करंट आने से बच्चा बुरी तरह से झुलस गया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर लोग वहां जमा हो गए। लोगों का कहना है कि जैसे यह हादसा हुआ उसे समय खंबे पर जोरदार धमाका सुनाई दिया गया। उसके बाद कई घंटे तक आसपास के इलाके में भी बिजली बंद रही।

## न्यूज ब्रीफ

### जल्द किया जाए पेंडिंग बिलों का भुगतान

**इंदौरा।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने आयु वर्ग के अनुसार पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के बकाया का पत्र जारी करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार तथा महंगाई भत्ते की चार 4 प्रतिशत किस्त का पात्र जारी करने के लिए धन्यवाद किया। इसके साथ उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग कि है कि पेंशनरों के लाखों रुपए पैंडिंग मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द किया जाए। प्रधान ने सरकार से मांग की है कि 2016 के बाद और 2016 से पहले जिन पेंशनरों के पेंशन के केस आए है। उनका आयुवर्ग के अनुसार निपटारा किया जाएं, ताकि पेंशनरों को इसका लाभ जल्द मिल सके।

### यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आठ अप्रैल से

**लंबागांव।** प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर इकाई की बैठक परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम भवन सकोह में संपन्न हुई। इसमें आठ व नौ अप्रैल को परशुराम भवन सकोह में किए जाने वाले यज्ञोपवीत संस्कार पर चर्चा की गई व निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के ब्राह्मण समुदाय के जिन भी लोगों ने अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार धारण करवाना हो वह परिषद के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकता है। इस मौके पर बिहारी लाल, देशराज शर्मा, कमलेश शर्मा, सोमदत, रमेश कुमार, खुशीराम शर्मा, शत्रुघ्न शुक्ला, बाबूराम, अनिल शर्मा, मनु शर्मा, पृथ्वी राज शर्मा, मनोज शर्मा व रवि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### 21 को होंगे ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पॉसिंग

**पालमपुर।** पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना0) नेत्रा मेती ने बताया कि पालमपुर उपमंडल में दिनांक 27 व 28 मार्च को रखी गई वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों के कारण नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि अब पासिंग व ड्राईविंग टैस्ट दिनांक 21मार्च को प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक होंगे।

### गढ़ी शिव मंदिर में भंडारा 17 मार्च को

**ज्वालामुखी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी शिवरात्रि के उपलक्ष पर गांव जौड़ूताल वार्ड संख्या एक ज्वालामुखी में गढ़ी नामक स्थान पर (गढ़ी शिव मंदिर) पर 17 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा शिव भक्तों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है , जो भगवान शिव के प्रति इस भंडारे में अपनी अटूट भक्ति एवं श्रद्धा का प्रमाण देते हैं। भंडारा कमेरी नें आम जनमानस से अपील की है की इस वार्षिक भंडारे में सपरिवार आए व भंडारे का प्रशाद ग्रहण करें।

### निधन पर शोक जताया

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां की समीपवर्ती पंचायत हटवास के निवासी करीब 105 वर्षीय मूलख राज का देहांत हो गया। जानकारी अनुसार मृतक सेना से सेवानिवृत्त हुए थे तथा रोजाना सैर सपाटा करते थे। बताया गया कि उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी और उनका देहांत हो गया। मृतक के दो लड़के है एक दुकान करता हैं और दूसरा एचआरटीसी से सेवानवृत हुआ है । वहीं, लोगों ने निधन पर शोक जताया है।

### बुर्जुगों को घर से मिलेगी मतदान की सुविधाः डीसी

**धर्मशाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान सुलभ बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला की मतदाता सूचियों में 9938 दिव्यांग मतदाता चिह्नित किए गए हैं। इनमें 6524 पुरुष और 3414 महिलाएं हैं। इन मतदाताओं को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया जाएगा। यह विकल्प चुनने के लिए फॉर्म-12डी भरना होगा। एक बार फॉर्म-12डी भरने और उनका नाम मतदाता सूची में मार्क होने के बाद वे केवल घर से ही मतदान कर सकेंगे। यदि कोई दिव्यांग मतदाता फॉर्म-12डी भरने के बजाय स्वयं मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करना चाहेंगे तो मतदान केंद्रों पर भी उनके लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की तरह ही 85 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्ग मतदाताओं के लिए भी यही व्यवस्था रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने 'सक्षम ईसीआई ऐप' भी लांच किया है। इस ऐप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता विभिन्न सुविधाओं की मांग कर सकते हैं। हेमराज बैरवा ने बताया कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं की मदद के लिए एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स और अन्य संस्थाओं के वालंटियर्स भी मौजूद रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में विद्यार्थियों को जागरुक करने के निर्देश दिए।

# पर्यटन नगरी में नौ माह बाद भी रिपेयर नहीं हुई सड़क

## पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हुआ था रोप-वे को जाने वाला मार्ग, सैलानी खा रहे ठोकरें, जल्द मांगा समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एक ओर तो कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने के दावे किए जाते हैं तो वहीं पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हुआ रोप-वे को जाने वाला मार्ग सैलानियों के लिए समस्या का कारण बना हुआ है।

बताते चलें कि पर्यटन नगरी धर्मशाला के रोप वे को जाने वाले रास्ते को टूटे हुए 9 माह बीत जाने के बाद भी अब तक रास्ते का पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है । इसके कारण रोप वे से पर्यटन नगरी धर्मशाला व मैकलोडगंज को आने-जाने लोगों तथा पर्यटकों को परेशानियों का सामना करने को मिल रहा है ।

बताते चलें कि बीती बरसात के जून माह में धर्मशाला टैक्सी स्टैंड के पास एक बड़ा लैंड स्लाइड पेश आया था, जिससे लगभग 40 मीटर की सड़क ध्वस्त हो गई थी वहीं जिसके बाद से लगातार स्काई वे का आनंद लेने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, वहीं 9 माह बीत जाने के बाद अभी तक इस सड़क को रिपेयर नहीं किया जा सका है।





रोप-वे को जाने वाले रोड की हालत खस्ता

### पर्यटक-चालक हो रहे परेशान

**स्थानीय** लोगों ने कहा कि सड़क ठीक न होने से लोगों-चालकों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना। कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा। उन्होंने कहा कि रोड की हालत ठीक न होने से पर्यटक ठोकरें खाने का मजबूर है।

### जल्द ठीक किया जाए मार्गः अश्वनी बाम्बा

**स्थानीय** लोगों तथा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बाम्बा ने सरकार तथा विभाग से मांग की है कि पर्यटकों समेत आम लोगों को होने वाली असुविधा के चलते इस मार्ग को जल्द ठीक किया जाए।

# नगरोटा हेल्पिंग हैंड्स संस्था पीड़ित मनोहर लाल के लिए बनी मसीहा

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

उपमंडल धीरा के अंतर्गत गांव क्यारबां निवासी बस चालक मनोहर लाल की पिछले साल कांगड़ा में एक कार एक्सीडेंट में दोनों टांगे कई जगह से टूट गई। इसके बाद मनोहर बिस्तर पर पड़ गए जो जमा पूंजी थी सब इलाज में लग गई।

एक्सीडेंट से पहले मनोहर ने बैंक से लोन भी ले रखा था मकान निर्माण के लिए अब उसकी भी किस्तें टूटना शुरू हो गई और बैंक के नोटिस आना शुरू हो गए। ऊपर से टांडा आने-जाने के लिए मुश्किल आना शुरू हो गई। वहीं, दो वक्त की रोटी जुटा पाना मुश्किल हो गया। मनोहर लाल की पत्नी, बेटी व एक बेटा है। मुसीबत की इस घड़ी में बच्चों की पढ़ाई भी बीच में छूट गई। कहते हैं जब मुश्किल की घड़ी में कोई काम नहीं आता तो ईश्वर किसी को भेज देते हैं, मसीहा बन कर। हर जगह से मनोहर लाल हार गया, कोई भी मुसीबत की इस घड़ी में मनोहर के साथ खड़ा नहीं हुआ।

रातों की नींदे हराम हो गई और अपनी लाचारी को देखकर मनोहर अंदर ही अंदर टूटना शुरू हो गया, लेकिन एक दिन अचानक दिन सीधे होने बाली बात हो गई मनोहर को नगरोटा बगवां के प्रवेश शर्मा के बारे में पता चला जो गरीब लाचार लोगों के दुख में सहारा बनते आए हैं और कई परिवारों की मदद कर चुके हैं। मनोहर ने प्रवेश शर्मा से संपर्क साधा और अपनी सारी समस्या उन्हें बताई, बस उसके बाद प्रवेश शर्मा ने मनोहर के घर क्यारबां पहुंच गए साथ में दो महीने का राशन भी ले गए और अपने यूट्यूब चैनल और फेसबुक पर मनोहर लाल की दयनीय हालत का वीडियो बना कर डाला। वहीं, वीडियो देख कर लोगों ने लगभग दो लाख रुपए तक की आर्थिक मदद भेजी। इससे अब उनकी स्थिति अच्छी है। (अनंत ज्ञान)

### बच्चों की पढ़ाई के लिए भी आगे आए लोग

**वहीं,** इसके बाद नगरोटा हेल्पिंग हैंड्स परिवार के दानियों और सोशल मीडिया के द्वारा लोगों ने मनोहर के बैंक खाते में गूगल पे, फोन पे आदि के द्वारा लगभग दो लाख रुपए तक की आर्थिक मदद भेजी, जिससे मनोहर बैंक के कर्जे से मुक्त हो गए और थोड़ी बहुत आर्थिक मदद दवाइयों राशन आदि के लिए भी इक्कठी हो गई और कुछ संस्थाओं ने वीडियो देख कर मनोहर लाल के बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए भी मनोहर को कॉल किए।

## एरियर व डीए के आदेश जल्द जारी करे सरकार

**बैजनाथ।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम बैजनाथ इकाई की मासिक बैठक पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह बैजनाथ के प्रांगण में अध्यक्ष केसी कटोच की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में लगभग 120 पेंशनभोगी साथियों ने भाग लिया। इस बैठक में हेम राज भारद्वाज के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस बैठक में जिला महासचिव विजय भंडारी भी उपस्थित थे। इकाई सचिव बीएस राणा ने बोर्ड प्रबंधन से सरकार की तर्ज पर जल्द से जल्द एरियर और डीए के आदेश जारी करने का आग्रह किया। सभी पेंशनर्स ने पुरजोर मांग की कि सरकार बकाया 12 प्रतिशत डीए तुरंत जारी करे। कई ऐसे पेंशनभोगी भी हैं जिन्हें सेवानिवृत्त हुए करीब एक साल हो गया है। लेकिन आज तक उन्हें उनकी ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण नहीं मिला है। इसे जल्द से जल्द जारी किया जाना चाहिए। बोर्ड प्रबंधन को इस उम्र में पेंशनरों के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए।

# बैजनाथ कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में शुक्रवार को एनसीसी कैडेट्स द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी एनसीसी के प्रथम तथा दूसरे वर्ष के 69 कैडेट्स द्वारा तृतीय वर्ष के 11 कैडेट्स को दी गई। कार्यक्रम के शुरुआत में सभी तृतीय वर्ष के कैडेटस को सम्मानित करके जूनियर्स द्वारा उपहार दिए गए और उनका आभार जताया गया।

इस मौके पर सभी कैडेट्स ने नाच गा कर खूब मस्ती की और हर लम्हे को यादगार बनाया। साथ ही सभी कैडेट्स ने अपने युवा और कर्मठ लीडर एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. विक्रम सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. विक्रम ने बताया कि एनसीसी कैडेटस एकता और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं तथा बैजनाथ कॉलेज के होनहार एनसीसी कैडेट हर जगह अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर रहते हैं।

लेफ्टिनेंट डॉ. विक्रम सिंह ने कैडेटस के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनको जिंदगी में कामयाब होने के लिए कुछ टिप्स दिए। पार्टी के अंत में सब भावुक हो गए और जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को नम्म आँखों से विदाई दी। (अनंत ज्ञान)

# केवल सिंह पठानिया ने लिया मां चामुंडा का आशीर्वाद



उपमुख्यसिचेतक केवल सिंह पठानियां को सम्मानित करते मंदिर के पुजारी।

**बॉबी गोस्वामी, चामुंडा**

शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया हिमाचल प्रदेश के नए सरकारी उपमुख्यसचेतक का शुक्रवार को श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में अपने परिवार सहित माता टेका और माता चामुंडा देवी और भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। उनकी पूजा पुजारी ओमप्रकाश और शिव मंदिर पुजारी बोबी गोस्वामी में करवाई। पुजारी ओमप्रकाश ने उनकी विधिवत पूजा-अर्चना करवाने के उपरांत उन्हें प्रसाद माता की चुनरी और सिरोपा भेंट किया। हिमाचल प्रदेश के गोस्वामी वेलफेयर सभा के अध्यक्ष पवन गोस्वामी, कुलदीप गोस्वामी और स्थानीय पदर पंचायत के उपप्रधान बोबी गोस्वामी के द्वारा श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर पहुंचने पर केवल सिंह पठानिया का स्वागत किया गया और नंदिकेश्वर भोले बाबा जी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# हरिपुर के तीन मंदिरों के लिए 103 लाख की मंजूरी पर जनता अनुराग की ऋणी : रमेश धवाला

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश धवाला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की उनके क्षेत्र के तीन मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु केंद्र से मिले 103 लाख की सहायता राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का वे क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार प्रकट करते हैं।

केंद्र सरकार के इस फैसले से क्षेत्र की जनता सांसद अनुराग ठाकुर की मुरीद हो गई है और आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता तहे दिल से इस कर्ज को उतारने का प्रयास करेगी। गौरतलब हो कि केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल हीं केंद्र द्वारा उक्त मंदिरों के पुनर्निर्माण हेतु मिली राशि की जानकारी दी थी। इन प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिरों के पुनर्निर्माण से न केवल प्राचीन धरोहरों को सहेज कर रखने में सहायता मिलेगी बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों को यहां आकर्षण का केंद्र प्राप्त होगा। क्षेत्र के युवाओं को यहां रोजगार के कई अवसर प्राप्त होंगे और यह क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर होगा रमेश धवाला ने इस



निर्णय को क्षेत्र के विकास और जन आस्था के लिए बेहद अहम बताते हुए कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मेरे क्षेत्र के हरिपुर स्थित इन मंदिरों का अब मरम्मत और संरक्षण कार्य हो पाएगा। इससे पता चलता है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी महत्व देती है। रमेश धवाला ने कहा, इस निर्णय के लिए में विशेष तौर पर हमारे हमीरपुर के यशस्वी सांसद और केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का धन्यवाद करता हूं।



इंदौरा। राजकीय महाविद्यालय सुग-भटोली में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमे इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की । इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। इस उपलक्ष्य पर विधायक मलेंद्र राजन ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुति पर खुश होकर 21 हजार रुपए दिए और अपनी विधायक निधि से महाविद्यालय की बिल्डिंग की रिपेयर करवाने के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

## 'एक देश एक चुनाव' अभियान का किया समर्थन

**पंचरुखी।** एक देश एक चुनाव अभियान मंच हिमाचल प्रदेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में, एक देश एक चुनाव समिति ने महामहिम राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसमें पूरे देश में 2029 में एक साथ विधानसभाओं व लोकसभा के चुनाव करवाने की सिफारिश की गई है। इसका स्वागत करते हुए, एक देश एक चुनाव अभियान मंच हिमाचल प्रदेश के प्रवक्ता मंजीत डोगरा ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव करबाने से राष्ट्र की अपार धन-संपत्ति जो बार-बार चुनावों में खर्च होती है वो भी बचेगी, जिसे देश मे किसी अन्य विकास कार्यों के लिए खर्च किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चुनाव करबाने से सरकारों को बार-बार आदर्श आचार संहिता का भी सामना करना पड़ता है। इससे विकासात्मक कार्यों पर भी प्रभाव पड़ता है। पूरे देश मे लोकसभा व विधानसभा का एक साथ चुनाव करवाने से सरकारें पांच वर्ष पूरी तरह से जनता की सेवा तथा विकासात्मक कार्य करवा सकती है। एक देश एक चुनाव अभियान मंच के प्रदेश अध्यक्ष रमेश भाऊ ने कहा कि हमने इस मंच की स्थापना वर्ष 2014 में की थी। तब से ही लगातार एक साथ चुनाव करवाने के लिए संघर्षरत हैं। रमेश भाऊ ने कहा कि जो पौधा 2014 में लगाया था उसका फल आज आना शुरू हुआ है। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी का बहुत-बहुत आभार।

## जमा राशि प्राप्त करने को 31 मार्च तक करें दावा पेश

**जयसिंहपुर।** दी लंबागांव मंडल एचपीएसईबी कर्मचारी वेतन भोगी वचत एवं ऋण सह सभा को लंबे समय से कार्य न करने के कारण विघटन में डाला गया है। सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह 31 मार्च से पहले सभा में जमा अपनी राशि को प्राप्त करने हेतु दावा पेश कर सकते है। वहीं, अगर 31 मार्च के बाद अगर कोई दावा पेश करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

## कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से ओबीसी को मिले सीटः स्वरूप कोहली

**नगरोटा बगवां।** ओबीसी कल्याण मंडल हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल स्वरूप कोहली व सभी कार्यकारणी पदाधिकारियों ने एक वकतव्य में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री बने 14 माह का समय हो गया है, परंतु उन्होंने आजतक ओबीसी वर्ग की कोई सुध नहीं ली। मुख्यमंत्री को हिमाचल ओवीसी कल्याण मंडल के राज्य अध्यक्ष कर्नल स्वरूप कोहली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल 21.12.2023 को तपोवन विधानसभा में मिल कर ओबीसी की मांगो का मांगपत्र सौंपा था। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा था कि मांगपत्र पढ़ कर आपको आपके संविधानिक अधिकार जरूर दिलाउंगा। परंतु आजतक मुख्यमंत्री से वह मांग पत्र नहीं पढ़ा गया। उधर, सामान्य वर्ग के एक विशेष वर्ग को सभी नोमीनेटिड पोस्टों पर धड़ाधड़ ताजपोशी चल रही है । उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग सब कुछ देख रहा है, आज तक मुख्यमंत्री ने हिमाचल पब्लिक सर्विस कमीशन में ओबीसी के बच्चों के साथ साक्षात्कार में हो रहे अन्याय और शोषण को रोकने के लिए ओबीसी का सदस्य तक मनोनीत नहीं किया ओर न ही किसी अन्य निगम बोर्ड में ओबीसी के सदस्यों को लगाया गया । समस्त हिमाचल ओबीसी कल्याण मंडल की राज्य कार्यकारणी मुख्यमंत्री से अनुरोध करती है कि ओबीसी की मांगों को 21.12.2023 को सौंपे गए मांगपत्र के अनुसार लागू करने की गुहार लगाई है। वहीं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कागंडा ससंदीय क्षेत्र से किसी भी ओबीसी के प्रत्याशी को उतारे ओबीसी वर्ग कांगड़ा संसदीय सीट जिता कर मुख्यमंत्री की झोली में डालने का वादा करता है। मुख्यमंत्री ओबीसी को उनके संविधानिक अधिकार देने की घोषणा करें।

# हाइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कॉलेज में वार्षिक इंद्रहार उत्सव में दिखी हिमाचली संस्कृति

**अनिल छांगू, जवाली**

शाहपुर के हाइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कालेज में तीन दिवसीय इंद्रहार फेस्ट का आज समापन हुआ। इसमें शाहपुर विधायक केवल सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विद्यालय के प्रबंधक निदेशक दुष्यंत कायस्था, चेयरमैन रमन कायस्था स्वाति कायस्था सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अर्जुन सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

देवभूमि हिमालय-दी एंचाटमेंट्स थीम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने रंगारंग



इंद्रहार उत्सव के दौरान छात्रों को सम्मानित करते केवल सिंह पठानिया।

कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा हिमाचली कलाकृति प्रस्तुति की गई। जैसा चंबा थाल, कुल्लू पट्टी, गद्दी गदन प्रतिमाएं, पगोड़ा शैली मंदिर आदि। कार्यक्रम के दौरान कालेज प्रबंधक निदेशक दुष्यंत कस्था, चेयरमैन रमन कस्था व प्रिंसिपल डॉ. अर्जुन कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मराठी, हिमाचली, राजस्थानी, मेघालयन, हरियाणवी, पंजाबी, कश्मीरी नृत्य, उत्तराखंडी नृत्य, कुल्लू नृत्य सहित अन्य लोक नृत्य प्रस्तुत कर खूब धूम मचाई।

मुख्यातिथियों के द्वारा बच्चों को वार्षिक अकादमिक, खेल प्रतियोगिताओं व अन्य प्रतियोगिताओं की परफारमेंस के लिए पुरस्कृत किया गया। (अनंत ज्ञान)

**गुस्सा** वायनाड केस पर सीयू देहरा में कार्यकर्ताओं ने जमकर की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# छात्र की हत्या पर एबीवीपी का धरना-प्रदर्शन

**शुभम शर्मा, देहरा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा इकाई ने केरल के वायनाड में पशु चिकित्सक का कोर्स कर रहे छात्र की रैगिंग और उसकी हत्या के विरोध में शुक्रवार को सप्त सिंधु परिसर में प्रदर्शन किया। इकाई सचिव दिव्यांश ने कहा कि पशु चिकित्सक का कोर्स कर रहे द्वितीय वर्ष के सिद्धार्थ की रैगिंग कर उसे यातनाएं देकर उसकी हत्या कर दी गई।

उन्होंने छात्र की रैगिंग और हत्या करने का आरोप एसएफआई पर लगाते हुए सरकार से एसएफआई वामपंथी छात्र संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। आरोप लगाया कि जहां भी वामपंथ बचा है, वहां इसी तरह से कॉलेज परिसरों में हिंसा की घटनाएं होती हैं। दिव्यांश ने कहा कि वामपंथियों का इतिहास रक्त रंजित रहा है। शिक्षण संस्थानों के परिसरों में हिंसा फैलाकर भय का माहौल बनाने का प्रयास होता है। इससे परिसरों में तनाव होने के साथ ही छात्रों की सुरक्षा खतरे में रहती है। वामपंथ आज विश्व में वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहा है। कहा कि केरल के वायनाड जिले के पूकोडे स्थित केवीएएसयू में दूसरे वर्ष के छात्र सिद्धार्थ की एसएफआई गुंडों ने रैगिंग की और उसे प्रताड़ित कर उसकी हत्या कर दी। (अनंत ज्ञान)




छात्र की हत्या पर गुस्साए केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा के छात्र प्रदर्शन करते हुए।

### कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**छात्र** को निर्वस्त्र कर बेल्ट से हमला कर एक कमरे में बंद कर दिया गया और खाना नहीं दिया। 23 दिन से अधिक हो गए हैं और अभी तक केरल पुलिस ने हत्या के इस मामले की निष्पक्षता से जांच नहीं की। उन्होंने केंद्र और केरल की सरकार से इस रैगिंग और हत्या मामले में जो भी लोग संलिप्त हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुठारवीत के व्यक्ति से 35 लाख रुपए की ठगी

**ऊना।** हिमाचल में 420 के मामलों में बढ़ोतरी जारी है। अब हरोली तहसील के कुठारवीत गांव के एक व्यक्ति से 35 लाख रूपए की ठगी हुई है। जानकारी के अनुसार सोम लाल पुत्र दलीप चंद ने पुलिस को दी शिकायत में दावा किया है कि पांच लोगों ने उसके जीवन की जमापूंजि को धोखे से छीन लिया है। सोमलाल ने पुलिस को दी शिकायत में जिन लोगों पर ये आरोप लगाए हैं उनमें सोनी राम पुत्र दलीप चन्द, सोनी राम की पत्नी उषा रानी, उसके पुत्र सुखविंदर सिंह और पुत्र वधु खुशी व राजेश कुमार के नाम शामिल हैं। हरोली पुलिस ने इन पांच आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 506 और 120-बी के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### अनुराग 5वीं बार लहराएंगे जीत का परचम : मंजू



**दौलतपुर चौक।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश सचिव मंजू जरियाल ने कहा कि भाजपा द्वारा अनुराग ठाकुर को लगातार पांचवीं बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से टिकट देने का निर्णय सराहनीय है। अनुराग ठाकुर पांचवी बार लगातार जीत का परचम लहराएंगे और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से रिकार्ड मतों से जीत कर दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के शानदार काम और अनुराग ठाकुर के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों के प्रति स्नेह की बदौलत इस बार जीत का नया रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रचा जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर के मुकाबले कांग्रेस के पास कोई उम्मीदवार नहीं है।

### बाबा बालक नाथ मंदिर में भंडारा कल

**दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के गांव नंगल जरियाला मोहल्ला चौकी में स्थित सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर में 17 मार्च को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सेवादार मलकीयत सिंह आर्य ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष भंडारा लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र सहित बाहर के बाबा बालक नाथ भक्तों से इस धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### कुल्लू और ऊना की टीमें मजबूत स्थिति में

**ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत सेमीफाइनल मुकाबला बिलासपुर और कल्लू के बीच शुरू हुए मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बिलासपुर की टीम मात्र 161 रनों पर सिमट गई। अर्णव भारद्वाज ने 43 रन, आर्यव्रत शर्मा ने 42 रन राहुल ठाकुर 24 और प्रशांत रघु ने भी 24 रनों की पारी खेली। कुल्लू के विजय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया, यशोधन ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया, युतीश ने 1 विकेट हासिल किया। बिलासपुर ने पहली पारी में 10 विकेट खोकर 161 रन बनाए, जिसके जवाब में कुल्लू की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट खोकर 197 रन बनाए। इसमें विजय ने 21 रन, अनूप ठाकुर ने 15 रन, रवि ठाकुर ने 84 रन बनाए, और रिटायर हार्ट हो गए। शशांक शर्मा 27 रन बनाकर खेल रहे हैं और अभिनंदन 19 रन बनाकर नाबाद हैं। बिलासपुर के संचित ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, रोहित ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। उधर, नादौन में ऊना और कांगड़ा के बीच चल रहे मुकाबले में पहले रोज ऊना की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट पर 316 रन बनाए। इस सेमीफाइनल मुकाबले में कांगड़ा की टीम ने टॉस जीता और ऊना की टीम को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया था। ऊना की टीम के अनिरुद्ध शारदा ने 24 रन, अंकित कलसी ने 13 रन बनाए, अमित 56 अमनप्रीत 83, पूर्व राज 65 रन, दीप सिंह 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। कांगड़ा के आयुष ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया, रितिक ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया।




# विजिलेंस ने अंबोटा गांव में दी दबिश सरकारी सीमेंट के बाइस बैग पकड़े

## घर के निर्माण कार्य में हो रहे थे इसतेमाल; मामला दर्ज, बेचने वाला ठेकेदार भी हिरास्त में

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव में एक घर में रखी सरकारी सीमेंट के बाइस बैग पकड़ने में सफलता हासिल की है। विजिलेंस की टीम ने घर से सरकारी सीमेंट के तीन जले हुए खाली बैग भी बरामद किए हैं। इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो ने दो लोगों को नामजद कर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को गुप्त सूचना मिली थी कि अंबोटा गांव में एक घर में छुपाकर सरकारी सीमेंट के बैग रखे हैं। इस सूचना के आधार पर शुक्रवार को विजीलेंस ब्यूरो के ऊना कार्यालय में तैनात निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में ब्यूरो की टीम ने अंबोटा गांव में जब उक्त घर में दबिश दी तो वहां पर निर्माण कार्य चला हुआ था। इस दौरान टीम ने जब मकान के स्टोर में जांच की तो वहां छुपाकर रखे गए सरकारी सीमेंट के बाइस बैग बरामद हुए, जबकि तीन खाली सीमेंट के जले हुए बैग मिले। घर के मालिक से पूछताछ के दौरान पता चला कि उसने ये सीमेंट के बैग एक सरकारी ठेकेदार से लिए थे। जिस पर विजीलेंस की टीम ने उक्त ठेकेदार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की।

विजिलेंस ब्यूरो की टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है उक्त सरकारी सीमेंट किस सरकारी निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत हुआ था और यहां तक कैसे पहुंचा। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ऊना कार्यालय में तैनात डीएसपी कुलविंद्र सिंह ने बताया कि विजिलेंस टीम ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



अंबोटा गांव में पकड़े गए सरकारी सीमेंट के साथ विजिलेंस विभाग की टीम।

# गगरेट में खुलेगा ईसीएचएस कार्यालय छह हजार पूर्व सैनिकों को मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट व अंब के पूर्व सैनिकों के लिए अच्छी खबर है। अब पूर्व सैनिकों को एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम का लाभ गगरेट में ही मिल सकेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रयासों से केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गगरेट में ईसीएचएस कार्यालय शुरू करने को हरी झंडी दे दी है। इससे गगरेट व अंब उपमंडल के करीब छह हजार पूर्व सैनिक सीधे तौर पर लाभांवित होंगे।

उपमंडल गगरेट के पूर्व सैनिक गगरेट क्षेत्र में पूर्व सैनिक सामुदायिक भवन व ईसीएचएस कार्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के माध्यम से अनुराग सिंह ठाकुर से मिले थे। राजेश ठाकुर के प्रयासों से ब्रह्मपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाई गई थी और अब इसके लिए धन उपलब्ध करवाकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर इसके निर्माण के लिए भूमिपूजन भी करके गए हैं। इसके साथ ही अनुराग ठाकुर ने पूर्व सैनिकों की ईसीएचएस कार्यालय शुरू करने की मांग को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष रखा था। जिसे अब हरी झंडी मिल गई है।

इससे पहले जिला ऊना के पूर्व सैनिक जिला मुख्यालय पर स्थित ईसीएचएस कार्यालय पर ही निर्भर थे। पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए किसी बड़े अस्पताल का रुख करना हो तो पहले उस अस्पताल के लिए रेफर करवाने के लिए उन्हें ऊना जाना पड़ता था। शुक्रवार को ऊना रेलवे स्टेशन पर ऊना-इंदौर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गगरेट में ईसीएचएस कार्यालय खोले जाने को अनुमति मिलने का खुलासा किया है। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि गगरेट में ईसीएचएस कार्यालय खुलने से अंब व गगरेट के छह हजार पूर्व सैनिकों को इसका सीधा लाभ होगा। उनको ऊना के चक्कर काटने से भी मुक्ति मिलेगी।

# अनुराग ठाकुर को टिकट मिलने पर गगरेट भाजपा में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

गगरेट विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर व गगरेट ब्लॉक भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह दौलतपुर चौक में एक बैठक का आयोजन किया।



गगरेट भाजपा के नेता और कार्यकर्ता सामूहिक चित्र में।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि इस बार मोदी सरकार 400 का आंकड़ा पार करेगी। उन्होंने कहा है कि अनुराग ठाकुर ने गगरेट ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल में विकास की गंगा बहाई है। गगरेट विस क्षेत्र में उन्होंने मुख्य रेल पुल और बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए आईटीआई का निर्माण करवाया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से फिर टिकट मिलने पर राजेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने दौलतपुर बाजार में ढोल नंगाड़ों के साथ रैली निकाली। इस दौरान पूर्व विधायक विजय ठाकुर ने केंद्र हाईकमान का धन्यवाद भी किया।

इस मौके पर भाजपा नेत्री लक्ष्मी जरियाल, जिला परिषद सुशील कालिया, राजेश डोगरा, गगरेट ब्लॉक भाजपा अध्यक्ष राजीव राजू तथा कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण बोले- न हो मानवाधिकारों का हनन

## प्रेम आश्रम व ऑब्जर्वेशन होम समूरकलां में सुविधाओं का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने वीरवार को ऊना जिला के प्रेम आश्रम और ऑब्जर्वेशन होम समूरकलां का दौरा किया और प्रदान की जा रही सभी सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार का मुख्य उद्देश्य धरातल पर जाकर यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को दिए गए मानवीय अधिकार उन्हें मिल रहे हैं या नहीं। नागरिकों को दिए गए मानवीय अधिकारों का कोई उल्लंघन कहीं भी न हो। इसके साथ यह भी सुनिश्चित करना है कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं और सभी कानून एवं एक्टों की पूर्ण रूप से पालना हो रही है या नहीं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के ऊना, हमीरपुर व कांगड़ा प्रवास के दौरान उनका मुख्य औचित्य बच्चों के शैक्षणिक संस्थान, जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी सहित कारागार का निरीक्षण करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रवास के दौरान उनके द्वारा पूरी जानकारी हासिल की जाएगी कि नागरिकों को कोई भी परेशानी न हो। नागरिकों के अधिकारों का किसी प्रकार से उल्लंघन/हनन होता पाया जाता है तो एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके अध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजी जाएगी, जिस आधार पर आगामी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि संविधान में आर्टिकल 21 के तहत नागरिकों को अपनी मानव गरिमा और जीवन के सभी पहलुओं के साथ रहने का अधिकार है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान किशोर न्याय अधिनियम के तहत पाई गई खामियों बारे जिला उपायुक्त को अवगत करवाया तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने देर रात तक संस्थान का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, डीपीओ नरेंद्र कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह, सीडब्ल्यूसी चेयर पर्सन ऊना, प्रिंसीपल सिस्टर संजना, सिस्टर नीलम मीनाक्षी राणा उपस्थित रहे।

### अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को भी जांचा

**ऊना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार के स्पेशल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने शुक्रवार को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर व सुझाव/शिकायत पट्टिका का निरीक्षण किया। उन्होंने ऊना के विशेष बच्चों के स्कूल प्रेम आश्रम और ऑब्जरवेशन होम समूर कलां का दौरा भी किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के स्टाफ से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में रखी गई खाद्यन्न सामग्री की गहनता से जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल में बनाए गए नव निर्मित मातृ-शिशु अस्पताल का भी निरीक्षण किया और इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, बल्ड बैंक के अतिरिक्त अस्पताल की अन्य कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य पॉलिसी के अंतर्गत रोगी वृद्धजनों के लिए अलग से वार्ड और उनकी देखभाल के लिए अटेंडेंट भी होना चाहिए। इस मौके पर सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा, एमओएच डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू, एमएस डॉ. संजय, डीपीओ आईसीडीएस नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भक्ति ही खोलेगी मनुष्य के लिए मोक्ष का द्वार : डॉ. सुमन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में कल रही श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने श्री राम जन्म प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जब धरती पर पाप बढ़ जाता है तो निश्चय ही प्रभु इस धरती पर अवतार लेते हैं। कथा व्यास ने कहा कि जब रावण जैसे राक्षसों द्वारा अत्याचार और पाप का घड़ा भर गया और यह पापी राक्षस मानव के साथ देवताओं को प्रताड़ित करने लग तो सभी देवी देवता भगवान विष्णु के पास जाकर पापियों के पाप से मुक्त होने की गुहार लगाने लगे। तब भगवान विष्णु ने कहा कि पापी के पाप में ही उनके नाश का बीच छुपा रहता है। बहुत जल्द मैं श्री अयोध्या के महाराजा दशरथ के घर श्री राम के रूप में अवतार लेकर पापियों का नाश करूंगा।

कथा व्यास ने कहा कि उसके बाद महाराजा दशरथ के घर भगवान विष्णु श्री राम जी के रूप में अवतरित हुए। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु और उसके बाद केवल श्री राम जी का नाम ही सहायता करता है। इसलिए तो कहा गया है। कि श्री राम से बड़ा राम का नाम है। को पत्थर को भी पानी में तैरा देता है। श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर श्री राम जन्म उत्सव पर श्री राम भजनों से पूरा पंडाल खूब थिरका और कथा विश्राम के बाद भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।




उन्होंने कहा कि हर प्राणी को श्री राम नाम का जाम करना चाहिए तभी मुक्ति संभव है। भक्ति ही मनुष्य के लिए मोक्ष का द्वार खोलेगी।

# रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ के विजेताओं को डीसी ने वितरित किए चेक व इनाम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 26 जनवरी को निकाले गए लक्की ड्रॉ के विजेताओं को मिनी सचिवालय में उपायुक्त जतिन लाल ने इनाम वितरित किए। लक्की ड्रॉ में प्रथम विजेता रहे कांगड़ा जिला के निखिल अजोरिया को 70 हजार रुपए का चेक, द्वितीय इनाम कृष्ण कुमार व राजीव कुमार को 11-11 हजार रुपए के चेक दिए। तीसरे लक्की ड्रॉ के विजेता सुदेश कुमारी व सुशील कुमार को मिक्सर ग्राइंडर और मंगत राम, राजिंद्र कुमार व विनीत कुमार को 2500-2500 रुपए के चेक दिए गए। चौथे स्थान के विजेता साधना को दो हजार रुपए, पांचवें स्थान के विजेता राजीव कुमार को दो हजार रुपए के चेक वितरित किए गए। 7वें स्थान के लक्की ड्रॉ विजेता शकुंत राज व अर्चित शर्मा को दीवार की घड़ी दी गई।

इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि सोसायटी गरीब व असहाय लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। रेडक्रॉस द्वारा गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों तथा आपदा से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस द्वारा जिला पुस्तकालय ऊना में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए हिंदी व अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके अतिरिक्त जिला पुस्तकालय में रेडक्रॉस द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर व शांत वातावरण प्रदान करने के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, वाईफाई तथा पीने के पानी के लिए वाटर प्यूरिफायर की सुविधा दी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा समय-समय पर बल्ड कैंप शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि जरूरतमंद रोगियों की समय पर मदद की जा सके। इसके अतिरिक्त दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी अपंगता के अनुसार विभिन्न प्रकार के सहायता उपकरण भी रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं, ताकि वह भी अपना जीवन-यापन सम्मानपूर्वक कर सकें। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय सांख्यान, राज कुमारी व मनु ठाकुर उपस्थित रहे।



लक्की ड्रॉ के विजेताओं को चैक और इनाम वितरित करते उपायुक्त जतिन लाल।

# उपनिदेशक उच्च शिक्षा ने भरवाई स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, अंब**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में शुक्रवार को उप निदेशक उच्च शिक्षा ऊना राजिंदर कौशल द्वारा औचक निरीक्षण किया। उपनिदेशक ने भरवाईं स्कूल में अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर व अन्य रजिस्टर की जांच की। इसके साथ ही विद्यालय में चल रही बोर्ड परीक्षा की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान बोर्ड परीक्षा का संचालन संतोषजनक पाया गया। स्कूल रिकॉर्ड सही पाया गया तथा स्कूल में सफाई व्यवस्था बहुत अच्छी पाई गई।

अंत में महोदय ने समस्त स्टाफ सदस्यों को स्कूल के विकास तथा शिक्षा में और अधिक सुधार के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिया तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाई में इस निरीक्षण को बहुत संतोष जनक बताया गया। यह जानकारी स्कूल प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने दी।

इस मौके पर उप प्रधानाचार्य सुरेद्र सिंह, राकेश कुमार, सुनील कुमार, राजीव कौशल, राजीव कुमार, रेणु सरोच, कुमारी शैलजा, बलभद्र , ललित मोहन, संजीव कुमार, सुरेश कुमारी, पंकज, अच्छरा देवी, अनिता भारद्वाज, मनोज कुमार, किरण बाला, सुनील कुमार, आरती, सुरिंद्र सिंह, रानी, रेणु, कृष्ण चंद, इंदु बाला, रविंद्र सिंह, अनिल आदि मौजूद रहे।




उप निदेशक उच्च शिक्षा भरवाईं स्कूल में निरीक्षण के बाद स्टाफ के साथ।

**आयोजन**

## बागी विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में अफसरशाही को बदलने का क्रम बदस्तूर जारी

# एसडीएम गगरेट शशि पाल रिलीव, सौमिल ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलने वाले विधानसभा से अयोग्य करार दिए गए विधायकों के गृह विधानसभा क्षेत्रों में अफसरशाही को बदलने का क्रम बदस्तूर जारी है। उपमंडल गगरेट में तैनात एसडीएम शशि पाल शर्मा का यहां से तबादला चंबा के चुराह उपमंडल में कर देने के बाद वीरवार को शशिपाल शर्मा यहां से रिलीव हो गए। उनके स्थान पर यहां तैनात किए गए एसडीएम सौमिल गौतम ने भी वीरवार को ही पदभार ग्रहण कर लिया।

वीरवार को राजस्व कर्मियों ने जहां एसडीएम शशि पाल शर्मा को भव्य विदाई दी तो वहीं एसडीएम सौमिल गौतम के यहां कार्यभार संभालने पर उनका भी जबरदस्त इस्तकबाल किया। एसडीएम सौमिल गौतम को सात माह बाद ही फिर से प्रदेश सरकार ने गगरेट में तैनाती दी है।

विधानसभा क्षेत्र गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा के अपनी ही सरकार के विरुद्ध बागी तेबर अख्तियार करने पर यह पहले से स्पष्ट था कि इसकी गाज अफसरशाही पर गिरेगी। प्रदेश सरकार ने उन अधिकारियों को बदलने का निर्णय लिया है जो बागी विधायकों की पसंद पर ही उनके गृह विधानसभा क्षेत्रों में तैनात हुए थे। ऐसे में तबादले की गाज का सामना एसडीएम शशि पाल शर्मा को भी करना पड़ा है।

वीरवार को उनके रिलीव होने पर राजस्व कर्मियों ने उन्हें भव्य विदाई दी। नगर पंचायत गगरेट के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में तहसीलदार कुलताज सिंह व नायब तहसीलदारों के साथ हिमाचल प्रदेश कानूनगो एवं पटवारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष सतीश चौधरी ने उन्हें शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। तहसीलदार कुलताज सिंह ने कहा कि बेशक एसडीएम शशि पाल शर्मा के साथ उनका कम कार्यकाल रहा लेकिन शानदार रहा। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने कहा कि गगरेट का उनका अल्प कार्यकाल बेहद बेहतर रहा। उन्हें यहां भी बहुत कुछ सीखने को मिला।



एसडीएम शशि पाल शर्मा को विदाई देने के बाद सामूहिक चित्र में राजस्व कर्मी।

### शिवबाड़ी मंदिर का सौंदर्यीकरण मेरी प्राथमिकता : सौमिल

**उधर** प्रदेश सरकार द्वारा यहां तैनात किए गए एसडीएम सौमिल गौतम ने भी वीरवार को द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में माथा टेक कर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। एसडीएम सौमिल गौतम ने कहा कि वह पहले ही यहां सेवाएं दे चुके हैं और यहां की समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिवबाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण की रहेगी और जो काम वह छोड़कर गए थे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा।

# विधायक बबलू ने कॉलेज निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण



चौकी मन्यार कॉलेज निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक सुदर्शन बबलू।

**अनंत ज्ञान, अंब**

चौकी मन्यार में निर्माणाधीन कालेज भवन का कार्य जोरों पर चल रहा है। विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने निर्माणाधीन भवन का औचक निरिक्षण किया। इस दौरान विधायक ने भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा विधायक ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता व संबंधित ठेकेदार को अच्छी क्वालिटी की सामग्री से कालेज भवन का निर्माण करवाने के निर्देश दिए।

बबलू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूर-दराज के इलाकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना हमारा कर्तव्य है, जिसकी पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। इसी तर्ज पर चौकी मन्यार में 13.33 करोड़ की लागत से कालेज भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। लडोली पंचायत में करीब 100 कनाल भूमि पर प्रस्तावित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को विधानसभा में बुलाकर इसका शिलान्यास करवाया जाएगा।

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भानू ओहरी, ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी कल्याण के पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, अंब के पार्षद रितेश शर्मा, राजेश शर्मा, उपप्रधान चौकी मन्यार जीवन बाली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डॉ. एसके शर्मा एनआईडब्ल्यूएस में बने साइंटिस्ट



**ऊना।** जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत चीफ इंजीनियर जिला ऊना के निवासी डॉ. एसके शर्मा का डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान में साईंटिस्ट ग्रेड एफ के रूप में चयन हुआ है। आईआईटी रूडकी से पीएचडी की डिग्री हासिल करने वाले डॉ. एसके शर्मा जल शक्ति विभाग में चीफ इंजीनियर के पद से 2023 में सेवानिवृत्त हुए थे। जल शक्ति विभाग में उन्होंने ऊना, हमीरपुर व प्रदेश के अन्य जिलों में 33 वर्ष से अधिक अपनी सेवाएं प्रदान की है।

सेवानिवृति के उपरांत डॉ. एसके शर्मा का अब डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान कोलकत्ता में वैज्ञानिक के रूप में चयन हुआ है। उनका यह कार्यकाल 5 वर्ष का रहेगा। डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत इस प्रतिष्ठित संस्थान में अपने दायित्व का वह पूरी तनमयता के साथ निर्वाहन करेंगे।

## संपादकीय

# सियासी दलों ने जुटाया चंदा अब चुनावी बांड पर बवाल

चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का। चुनाव तो चुनाव ही होता है। चुनाव की तैयारियों के लिए सभी पार्टियों को चंदे की जरूरत भी होती है। भाजपा हो या कांग्रेस या फिर कोई अन्य क्षेत्रीय दल, सभी लोगों से मिलने वाले चंदे के जरिए पार्टी को चलाते हैं। चुनाव जीतने के लिए प्रचार की जरूरत होती है और प्रचार बिना चंदे के चल नहीं सकता है। इस वजह से सभी राजनीतिक दलों को चंदा हासिल करना होता है। भाजपा देशभर में सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टी बन गई है। चुनावी बांड से भाजपा को पिछले पांच साल में 6,060 करोड़ रुपए मिले हैं। चंदा लेने के मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने 1,609 करोड़ और तीसरे नंबर पर कांग्रेस पार्टी है, जिसने 1,421 करोड़ रुपए का चंदा लिया है। हालांकि, किस कंपनी ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है, इसका लिस्ट में जिक्र नहीं किया गया है। यह जानकारी चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट पर दो लिस्टें अपलोड कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक डाटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई ने 12 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में डाटा जमा करवा दिया था। दरअसल, राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से केंद्र ने 2017 के बजट में चुनावी बांड योजना के बारे में जानकारी दी थी।

इसके बाद साल 2018 में चुनावी बांड स्कीम संसद से पारित हुई और सरकार ने इसी साल इसको अधिसूचित किया। इस योजना के जरिए कोई व्यक्ति, कॉरपोरेट और संस्थाएं बांड खरीदकर राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं। राजनीतिक दल इस बांड को बैंक में भुनाकर रकम हासिल करते हैं। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एक रुपए तक के चुनावी बांड खरीद सकता है और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को दान कर सकता है। चुनावी बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले भी सख्त रहा है और अब भी काफी सख्त रुख अपना रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एसबीआई ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड की पूरी जानकारी दे दी है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर एसबीआई को झटका दिया है। दरअसल, एसबीआई की ओर से चुनाव आयोग को चुनावी बांड के यूनिक कोड नहीं दिए गए हैं। चुनावी बांड के कागज पर एक सीक्रेट नंबर होता है। इसे केवल अल्ट्रा वॉयलेट लाइट में ही जा सकता है। इसे चुनावी बांड पर सुरक्षा के लिए लगाया गया है जिससे उसकी खरीद और उसे भुनाने की तारीख से जोड़ा जा सके। एसबीआई ने हर चुनावी बांड पर छपे यूनिक अल्फान्यूमेरिक कोड की जानकारी नहीं दी है। उसका कहना है कि एक-एक चुनावी बांड की जानकारी निकालने में काफी समय लग सकता है। इसी बात को लेकर अब बवाल मचा है। सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई ने एक हलफनामा भी पेश किया है। इसमें कहा गया है कि उसकी ओर से 12 मार्च को चुनाव आयोग को एक लिस्ट सौंपी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगा रखी है। कोर्ट ने चुनावी बांड को असंवैधानिक बताया है और इस पॉलिसी को रद्द कर दिया है। कोर्ट का कहना था कि चुनावी बांड की योजना सूचना के अधिकार (आरटीआई) के खिलाफ है। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वो 2019 से अब तक की जानकारी तलब करे।

एसबीआई को यह जानकारी देनी होगी कि अप्रैल 2019 से लेकर अब तक कितने लोगों ने कितने-कितने रुपए के चुनावी बांड खरीदे। दरअसल, चुनावी बांड को सरकार ने आरटीआई के दायरे से बाहर रखा है। यानी आम जनता आरटीआई के तहत चुनावी बांड से संबंधित जानकारी नहीं मांग सकती है, जबकि कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, वोटर्स का हक है कि वो पार्टियों के फंड के बारे में जानकारी रखें। उम्मीद की जानी चाहिए कि एसबीआई सुप्रीम कोर्ट को अपने जवाब से संतुष्ट कर देगी और यह मामला जल्द से जल्द शांत हो जाएगा।

# असामाजिक तत्वों से देवभूमि की सुरक्षा बेहद जरूरी

हिमाचल प्रदेश के निर्माण ( 15 अप्रैल 1948 ) में सबसे महत्वपूर्ण और संभवत: सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाने वाले यशवंत सिंह परमार 'पहाड़ी-चरित्र', सभ्यता, संस्कृति के कठोर पक्षधर थे। स्व. परमार और तत्कालीन लगभग सभी हिमाचली नेताओं की कल्पना-परिकल्पना में कदापि ऐसे हिमाचल की छवि कभी न थी कि इस शांतिप्रिय पहाड़ी राज्य में एक समय चोर-उचक्कों, गुंडों-बदमाशों, भू-माफिया और तस्करों जैसे अराजक तत्वों के मजे हो जाएंगे,बल्कि इसके सर्वथा विपरीत, भोले-भाले पहाड़ी लोगों की मासूमियत व ईमानदारी बनाए रखने के नेक विचार और शुभ भावनाएं ही हिमाचल के अस्तित्व और निर्माण के सबसे बड़े आधार और कारण थे।

इसी संदर्भ में, इसीलिए हिमाचल प्रदेश की विशिष्ट महता को समझते हुए पूर्ण राज्य का दर्जा 25 जनवरी 1971 को मिलने से बहुत पहले ही 1953 में हिमाचल की भूमि-सुरक्षा विशेष का कानून बनाकर 1954 में हिमाचल प्रदेश भू राजस्व अधिनियम 1954 लागू कर दिया गया था। जब भी इस अधिनियम का ठोस धरातल पर ईमानदारी से पालन किया गया, तो ये विशिष्ट अधिनियम हिमाचल की सरकारी भूमि की रक्षा और सुरक्षा करने में बहुत ही प्रभावी सिद्ध हुआ है। हिमाचल प्रदेश सरकार और न्यायालय भी सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने में कोई भी अनावश्यक विलंब नहीं चाहते हैं इसीलिए क्लेक्टर को सरकारी जमीन से अवैध कब्जा तुरंत हटाने के लिए विशेषाधिकार मिले हैं।

राजनीतिक दल चाहे जो भी हों, लेकिन हिमाचल प्रदेश की सभी सरकारें सरकारी जमीन से गैर-कानूनी कब्जे तुरंत हटाने के लिए बहुत ही गंभीर और सतत प्रयत्नशील रहती हैं इसीलिए हिमाचल सरकार ने राजस्व विभाग को विशेष और ठोस दिशा- निर्देश दे रखे हैं कि इस विभाग के सभी कर्मचारी और अधिकारी स्वयं ही विशेष रुचि लेकर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को ढूंढकर चिन्हित करें और उन्हें तुरंत ही हटाना भी सुनिश्चित करें। और इस विषय में जिला उपायुक्त को बहुत ही विशेष शक्तियां आवंटित व हस्तांतरित की गई हैं, ताकि देवभूमि हिमाचल की भूमि की पूर्ण रक्षा-सुरक्षा की जा सके और जब कोई ईमानदार समाजसेवी हिमाचली नागरिक इस प्रकार के अवैध कब्जों के बारे में प्रशासन को सूचित करे तो संबंधित अधिकारियों के लिए तुरंत प्रभावी कार्यवाई करना और भी सहज, सुगम, सरल व सुविधाजनक हो जाना चाहिए।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

उल्लेखनीय है कि कुछ बदमाश अवैध कब्जाधारी बहुत जानबूझ कर सरकारी जमीन के अवैध कब्जे वाले मामलों-मुकदमों को सिविल कोर्ट में ले जाने की अनाधिकार, अनैतिक चेष्टा करते हैं ताकि वर्षों तक ऐसे केस चलते ही रहें क्योंकि सिविल कोर्ट में पहले से ही हजारों अन्य मुकदमे विचाराधीन रहते हैं और उन असामाजिक तत्वों का सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बना रहे। न्यायालय, हिमाचल सरकार और प्रशासन को गलत, झूठी सूचनाएं देकर गुमराह करने वाले ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध तो कानून द्वारा कठोर कार्रवाई कर इन्हें अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसे लोग जान-बूझकर हमारे न्यायालय का बहुमूल्य समय बर्बाद करवाते हैं।

कुछ आश्चर्यजनक मामले ऐसे भी हैं कि सरकारी कर्मचारियों ने भी सरकार की ही जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और पर्याप्त समय के बाद साबित होने पर तहसीलदार की ओर से उन कब्जों को हटाने के आदेश-निर्देश भी जारी हो चुके हैं। फिर भी उन कब्जों को हटाया नहीं जा रहा, क्योंकि ऐसे लोग संविधान व कानून के इतर हमेशा ही न्यायालय, जिला प्रशासन और हिमाचल सरकार को गलत सूचनाएं और नकली-झूठी जानकारी दे रहे हैं। सरकारी भूमि - अर्थात हिमाचल के लाखों मासूम, भोले-भाले लोगों की अप्रत्यक्ष रूप से अपनी ही जमीन। इन सरकारी जगहों पर सर्वथा नाजायज कब्जा करने के लिए चंद मुट्ठी-भर गुंडों-बदमाशों को कैसे इजाजत दी जा सकती है?

कुल मिलाकर देखा जाए तो हमारे पूरे हिमाचल में अरबों रुपए के मूल्य वाली सरकारी भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों ने असंवैधानिक, गैर-कानूनी कब्जा कर रखा है। हमारे प्रदेश के बहुत सारे लोग अपनी जिंदगी भर की मेहनत व ईमानदारी की कमाई से कुछेक बिस्वा या चंद बीघा जमीन ही खरीद पाते हैं और ये नाजायज कब्जे वाले कुछ मक्कार लोग ( जिन्हें भू-माफिया की संज्ञा दी जा सकती है ) कुछ ही दिनों में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर, उसे अपनी निजी संपत्ति घोषित कर सारे समाज में अपना सीना ठोकते हुए घूमते फिरते हैं तो हमारे हिमाचल के लाखों मासूम,ईमानदार लोगों के साथ इससे बड़ा अन्याय और भद्दा मजाक भला और क्या हो सकता है? कुछ लोग तो ऐसे दावे भी करते हैं कि सरकारी जमीन और अन्य संपत्ति को तो हर कोई हड़प रहा है, फिर हम क्यों नहीं लूट सकते? अब हमारी देवभूमि हिमाचल को 'दानवभूमि' बनाने पर तुले इन घोर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का आखिर क्या किया जाना चाहिए? हालांकि एक सुखद अनुभूति ये भी है कि देवभूमि हिमाचल के नब्बे प्रतिशत से भी अधिक लोग भगवान के प्रति आस्थावान, धार्मिक किस्म के और संविधान का पूर्ण सम्मान करने वाले, सरकारी नियमों का पालन करने वाले हैं। सभी जिलों के उपायुक्त यदि अति विशेष रुचि लेकर ध्यान दें तो हिमाचल की पावन भूमि को अवैध कब्जे से बहुत प्रभावी रूप से बचाया जा सकता है। और लगभग सभी उपायुक्त ऐसा शुभ कार्य कर भी रहे हैं।

यहां न तो किसी की खुशामद की जा रही है और न ही किसी की अनावश्यक, अवांछित आलोचना करना मेरा लक्ष्य है, लेकिन बत्तीस साल के मेरे लेखन और पत्रकारिता के अनुभव में ऐसा सैकड़ों बार घटित हुआ है। उपायुक्त या अन्य जिला स्तर के अधिकारियों की ओर से तुरंत ही समस्या या मुद्दे का संज्ञान लेकर कार्रवाई कर दी जाती है और एस डीएम द्वारा भी समय पर क्रिया-प्रतिक्रिया की जाती है, लेकिन प्रशासन के सोपान में इससे नीचे के स्तर पर कार्रवाई करने में काफी देरी लगती है। और अगर निरंतर न कहा-बताया जाए तो इससे और नीचे के स्तर पर तो कार्रवाई करने में वर्षों लग जाते हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्व इस उक्ति से भली-भांति परिचित हैं कि अगर मंत्री को ठगना और गुमराह करना हो तो संतरी को काबू करो। हालांकि हर कोई कर्मचारी या अधिकारी लापरवाह नहीं होता है, परंतु दुर्भाग्यवश लगभग हर विभाग में बड़ी संख्या में भ्रष्ट लोग जरूर पाए जाते हैं।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## नजरिया

# भारत के कृषि क्षेत्र में विकास की संभावनाएं

भारत के कृषि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें अपर्याप्त फार्म-गेट पोस्ट-हार्वेस्ट बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने की स्थिति में महसूस किया जा सकता है। केंद्र की मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय को दोगुना करके उनकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म-गेट अवसंरचना की बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखकर वर्ष 2020 में 1,00,000 करोड़ रुपए के महत्वाकांक्षी परिव्यय से दूरदर्शी पहल-कृषि-अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का शुभारंभ किया। एआईएफ योजना का उद्देश्य फार्म-गेट अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्त पोषण को आसान बनाना है। योजना के अंतर्गत,



लेखक : कुचिभोटला
हिंदुस्थान समाचार

वित्तीय संस्थान वित्तीय वर्ष 2020-21 से छह साल के लिए 1,00,000 करोड़ तक का ऋण प्रदान करेंगे। यह योजना सात साल की अवधि के लिए 2.0 करोड़ रुपए तक की ऋण राशि पर प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान करती है। भारत सरकार की ओर से इस योजना का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें फार्म-गेट अवसंरचना की जरूरतों को विकसित करने के लिए जमीनी वास्तविकता के प्रति अनुकूलनीयता, लचीलापन और संवेदनशीलता में आसानी है। इसके त्वरित दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप इस अत्यधिक प्रभावी योजना का किसानों को लाभ मिला। एआईएफ के लिए अन्य सभी योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने की संभावना सहायक रही, जिससे फार्म-गेट अवसंरचना में निवेश की बढ़ी हुई व्यवहार्यता के साथ-साथ तेजी से योजना को अपनाने में महत्वपूर्ण वृद्धि सुनिश्चित हुई।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## लघुकथा

# दर्द में आंसू पोंछ दे कोई

*हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई दर्द का कोई धर्म नहीं होता।*
*दर्द में आंसू पोंछ दे कोई इससे बड़ा मरहम नहीं होता।*
*रिश्तों को है जोड़ के रखता दुख सुख में सदा मीत बनें,*
*मात-पिता की सेवा से बढ़ कर कोई सत्कर्म नहीं होता।*
*प्यार करे बिन भेदभाव से ईश्वर भी उसी से प्यार करें,*
*सब को जाने अपने जैसा छोटे बड़े का मर्म नहीं होता।*
*भूखे को भोजन है देता और प्यासे की प्यास बुझाता है,*
*निर्धन को धन है देता इस से बड़ा कोई कर्म नहीं होता।*
*अबला की है इज्जत लूटे और मात-पिता को ठुकराता,*
*इंसानियत हो जिस के अंदर वो इतना बेशर्म नहीं होता।*
*प्रतिकार करें तिरस्कार करे भावनाएं मन की जो कुचले,*
*ईश्वर में आस्था हो जिस की वो इतना बेरहम नहीं होता।*



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

# क्लिरनेट का हैशटैग 'शी विनर कैंसर' महिलाओं को आया पसंद

इस साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर क्लिरनेट के हैशटैग 'शी विनर कैंसर' ने लाखों महिलाओं को जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्तन, सर्वाइकल, गर्भाशय और अंडाशय के कैंसर के बारे में आवश्यक जानकारी देना था। इस अभियान में देशभर के प्रसिद्ध स्त्री रोग एवं कैंसर रोग विशेषज्ञों के 1000 से अधिक वीडियो स्थानीय भाषाओं में क्लिरनेट के आभासी मंच डॉक ट्यूब पर हर 15 मिनट में जारी किए गए। इस अभियान में 10 लाख से अधिक दर्शक जुड़े। एक मार्च से शुरू यह अभियान 10 मार्च तक चला। इस अभियान से जुड़ने वाले भारत के 500 से अधिक स्त्री रोग और कैंसर रोग विशेषज्ञ इस सफलता से गदगद हैं। अभियान के दौरान यह सामने आया है कि दर्शकों का सर्वाधिक फोकस गर्भाशय कैंसर से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने पर रहा। क्लिरनेट के सह संस्थापक सौरव कसेरा का कहना है कि सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए इस अभियान की परिकल्पना कैंसर के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखकर की गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर के 20 मिलियन से अधिक नए मरीज सामने आए। इनमें सिर्फ भारत में 1.4 मिलियन से अधिक मरीज शामिल थे। इन 1.4 मिलियन लोगों में 50 फीसद से अधिक महिलाएं प्रभावित हुई थीं। इसीलिए हैशटैग शी विनर कैंसर शुरू किया है। क्लिरनेट की कोशिश है कि भारतीय महिलाओं और उनके परिवारों को कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। खुशी की बात यह रही कि इस अभियान से पूरे भारत के सम्मानित एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी जुड़े। इस पहल का नेतृत्व करने वाले प्रमुख डॉक्टर्स में कोलकाता की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नाबली चक्रवर्ती शामिल रहीं।



हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कॉलेज में प्रसूति व स्त्री रोग विभाग की सेवानिवृत्त प्रोफेसर और पूर्व अध्यक्ष डॉ. अंबुजा चोरानूर और मैक्स अस्पताल में कैंसर देखभाल और ऑन्कोलॉजी विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार जुल्का ने अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त मुंबई की प्रसिद्ध स्त्री रोग और आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. दुरु शाह के अलावा सम्मानित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण कोहेलो का सहयोग भी अहम रहा। अभियान में अहम मार्गदर्शन के रूप में हैदराबाद की पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मंजुला अनागानी और मुंबई की प्रसिद्ध स्त्री रोग व आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. नंदिता पलशेतकर की सलाह बहुत काम आई। शी विनर कैंसर अभियान ने महिलाओं को कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सशक्त बनाने की दिशा में अमिट छाप छोड़ी है। यहां यह जानना जरूरी है कि क्लिरनेट और डॉक ट्यूब क्या हैं? क्लिरनेट मुंबई स्थित एक हेल्थ टेक स्टार्टअप है। क्लिरनेट का लक्ष्य स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण करना है। क्लिरनेट में 700,000 से अधिक डॉक्टर्स अपना सहयोग करते हैं। डॉक ट्यूब देश का सबसे बड़ा वीडियो आधारित हेल्थ प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म में व्यक्ति देश के प्रसिद्ध एवं सम्मानित डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी मुफ्त प्राप्त कर सकता है। डॉक ट्यूब में 10,000 से ज्यादा डॉक्टर्स के 30,000 से अधिक स्वास्थ्य वीडियो की विशाल लाइब्रेरी मौजूद है।

लेखकः मुकुंद
हिंदुस्थान समाचार

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# हिमाचल प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाएं चिंताजनक

बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर अब हर राज्य बेहतरीन सिक्योरिटी के प्रति सजग होता जा रहा है। समाज में बढ़ती चोरियां, डकैती, लूटपाट और हत्याओं से पुलिस को हमेशा अलर्ट रहना ही पड़ेगा। संचार क्रांति आने के कारण इंटरनेट फ्रॉड की वारदातें भी बढ़ी हैं। किसी के अकॉउंट से अनजान व्यक्ति बड़ी ही आसानी से पैसे निकालकर रफूचक्कर हो रहे हैं। एटीएम मशीनें तोड़कर पैसे चुराने में भी चोर पुलिस के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। पुलिस से कहीं ज्यादा चोर प्रोफेशनल बन चुके हैं, जो चोरियों की वारदात को इस तरह अंजाम देते हैं कि पुलिस सिवाए माथा पीटने के कुछ नहीं कर पाती। दूसरे व्यक्ति के एटीएम कार्ड से पैसे निकालने में भी हैकर काफी माहिर हो चुके हैं। चोरों के मंसूबे भी नाकाम साबित किए जा सकते हैं, अगर ग्राहक जागरूकता से काम लें। बैंक खाते की सुरक्षा के लिए सदैव एटीएम कार्ड खुद ही इस्तेमाल करें और एटीएम पिन डालते समय गोपनीयता रखनी चाहिए। एटीएम मशीन के पास एक समय में एक ही आदमी खड़ा होना चाहिए, मशीन पर भीड़ की बजाए, क्यू लाइन ही फॉलो करना सुरक्षा के लिहाज से बेहतर होता है। अगर एटीएम कार्ड रीडर की जगह कुछ अनधिकृत डिवाइस जैसे मैग्नेट, कैमरा बगैरह चिपका मिले तो ट्रांसेक्शन करने की बजाए तुरंत बैंक स्टाफ को सूचित करना ही एक ग्राहक की पहचान होनी चाहिए। आजकल अकाउंट हैकर अनजान मोबाइल फोन नं. से लोगों को फोन कॉल करके लॉटरी निकली होने की बातें करके बैंक अकॉउंट, ई-मेल, एटीएम कार्ड पिन नं. और कार्ड का ही सोलह डिजिट नं. आदि की प्रमुख जानकारियां जानने की कोशिश करते हैं। जनता को ऐसी अनजान फोन कॉल को अनसुना करके अपनी कोई भी जानकारी देने से बचते हुए पुलिस को सूचित करना चाहिए।

पुलिस और जनता के आपसी सहयोग से ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सकता है। अधिकांश जनता पुलिस की मदद करने से पीछे हटती है। नतीजन समाज में ऐसी घटनाओं की बढ़ोतरी तेजी से हो रही है। मौजूदा हालात को देखते हुए जरूरत पुलिस ऑफिसरों का अत्यधिक प्रोफेसनल होना। जनता के जान, माल की रक्षा करना ही एक पुलिस ऑफिसर की अहम जिम्मेदारी होती है। केवल मात्र जवानों की टोपियों का रंग बदल दिए जाने से उनकी जरूरतें पूरी नहीं हो जाती हैं, जब तक पुलिस ऑफिसर को अच्छा वेतनमान और दूसरी सहुलियतें नहीं मिलें, तब तक उनसे सही ड्यूटी की आस रखना एक सपना लगता है। पुलिस ऑफिसर का सही बोल-चाल, अच्छा व्यवहार जनता के लिए बहुत ही मायने रखता है। कंप्लीट वर्दी पहनने से पुलिस जवान की सही पहचान होती है, जो लोगों को कानून का पालन करने पर मजबूर करती है। बिना शेप, बाहर निकले हुए पेट, क्रोधित मूड, सोम रस पिए हुए, मोबाइल पर सदैव व्यस्त दिखने वाले पुलिस जवान को जनता पसंद नहीं करती है। देवभूमि की पुलिस को देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस का अवॉर्ड भले ही मिल गया हो। मगर पुलिस फोर्स के जवानों को मिलने वाली सुविधाएं नाममात्र की ही नजर आती हैं, जब तक पुलिस ऑफिसर अंतरात्मा से खुश होकर अपनी सेवाएं नहीं देता, तब तक लोगों के जान-माल की रक्षा नहीं की जा सकती है। नए भर्ती होने वाले पुलिस जवान को जो वेतनमान दिया जा रहा वह ऊंट के मुंह में जीरा डालने वाली बात के बराबर है। पुलिस ऑफिसरों को जब तक सभी सुविधाओं से लैस नहीं किया जाता, तब तक सर्वश्रेष्ठ पुलिस का दर्जा सिर्फ कागजों में दिया जाना बेहतर होगा। पुलिस फोर्स की जमीनी हकीकत कुछ और नजर आती अगर गहराई से जांच की जाए। पुलिस ऑफिसर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाए इसलिए उन्हें हर सुविधा मिलनी चाहिए। मगर पहाड़ की सरकारों को पुलिस जवानों का दर्द नजर नहीं आ रहा। इसका नतीजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। भारतीय सेना, आईटीबीपी और बार्डर फोर्स के जवानों को पुलिस से कहीं बेहतर सुविधाएं और अच्छे वेतनमान मिलते हैं, लेकिन पहाड़ के पुलिस जवान को न तो अच्छा वेतनमान मिल रहा न ही दूसरी सुख सुविधाएं।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

ज्यादातर पुलिस कर्मचारी पुलिस थानों और चौकियों में ही रात को सोए हुए पाए मिलते हैं। ऐसे माहौल से आभास होता है कि एक पुलिस जवान को लंबी ड्यूटी देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार को एक पुलिस जवान से अतिरिक्त ड्यूटी नहीं लेनी चाहिए, ताकि वह तनाव मुक्त न रहकर लोगों के जान-माल की सही रक्षा कर सके। अतिरिक्त ड्यूटी के बोझ तले हमेशा दबे रहने वाले पुलिस जवान के व्यवहार और बोल-चाल में जमीन आसमान का अंतर आ जाता है। एक तो लंबी ड्यूटी ऊपर से सरकारी अवकाश, रिलीबर सिस्टम का न होना और ड्यूटी शेड्यूल भी बराबर न मिलने से एक पुलिस ऑफिसर तनाव का शिकार बनकर रह जाता है। क्या ऐसे शेड्यूल से एक पुलिस जवान अपनी जिम्मेदारियां जनता के प्रति सही निभा सकता है। एक जवान को मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा लेना किसी जोखिम से कम नहीं है। एक तो वेतनमान सही नहीं ऊपर से मेडिकल इंश्योरेंस क्लेम करने के लिए कई पापड़ बेलने पड़ते हैं, तब जाकर महीनों बाद क्लेम की राशि मिल पाती है। सरकारों की और से जो अलाउंस मिल रहे, वह भी नाममात्र हैं। पुलिस को हमेशा अपने इलाकों में पेट्रोलिंग की गश्त करनी चाहिए। मगर वाहनों की सुविधा बगैर पुलिस सिर्फ थानों और चौकियों तक ही सीमित होकर रह गई है। पुलिस कर्मचारियों के हाथों में पुरानी बंदूकें थमाई जाती हैं। प्रदेश सरकार कहने को बेशक देवभूमि को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है, मगर जब तक पुलिस जवानों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलती, तब तक सफलता मिलना मुश्किल लगता है।

# कर्ज तले दबाती है दहेज प्रथा और फिजूलखर्ची

समाज में दशकों से एक ऐसी गंभीर समस्या उभर रही है, जिस कारण गांवों और शहरों के तमाम गरीबों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वह समस्या है दहेज प्रथा और फिजूलखर्चे, जिसको हर गरीब व्यक्ति वहन नहीं कर पा रहा है। गांव-शहर के उन तमाम संपन्न व्यक्तियों की देखादेखी में गरीब व्यक्ति को उम्रभर की जमा-पूंजी या फिर उम्रभर के लिए कर्ज तले दबने को मजबूर होना पड़ रहा है, आज परिस्थितियां यह हो गई हैं कि पूर्व में हर व्यक्ति अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार शादियों में खर्च करते थे, लेकिन आज समस्या और बढ़ गई है।

आज के परिप्रेक्ष्य में गांव में भी फिजूल खर्चे हो रहे हैं, जिसमें साधन संपन्न व्यक्तियों को तो कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ता, लेकिन मजबूरन गरीब व्यक्तियों को न चाहकर भी काफी हद तक आर्थिक बोझ पड़ता है। दूसरी ओर अब गांव में भी शहरों की तरह फिजूल खर्चों का मानो जैसे दौर चल पड़ा है, जिसमें अनेक प्रकार की शराब, डीजे, टैंट, सैकड़ों बारातियों का जमावड़ा, दहेज प्रथा, स्टैंडिंग खाना आदि फिजूल खर्चे हो चले हैं, जिसकी कोई जरूरत नहीं है, परंतु फिर भी हम अपनी आर्थिक स्थिति सही न होने पर भी या फिर दहेज की मांग के कारण मजबूरन कर्ज तले दबने को मजबूर हैं। हम यह स्थिति पहले शहरों में देखते थे जहां बेटियों की शादी से पहले ही दहेज की मांग की जाती थी और अगर शर्त अनुसार दहेज न मिले, तो बारात वापस लौट जाती थी, तो उस गरीब बाप पर क्या गुजरती होगी जिसने अपनी बेटी को पढ़ा-लिखाकर कामयाब किया, उसके उपरांत भी शादियों में दहेज प्रथा और फिजूल खर्चों के कारण एक गरीब व्यक्ति को अपने घर तक या अपनी सारी जमा-पूंजी दांव पर लगाने को मजबूर होना पड़ता है। आज हम सभी युवाओं और समाज का भी दायित्व बनता है कि हम दहेज न कभी लेंगे और न ही कभी देंगे। आज सरकारों को भी दहेज प्रथा जैसी गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी गरीब व्यक्ति को दहेज प्रथा के कारण अपनी जान तक देने को मजबूर न होना पड़े, तो वहीं गांव में भी हम सभी को इस गंभीर मुद्दे और समस्या को लेकर चिंतन करने और गरीब व्यक्ति को कैसे निजात मिल सके ऐसे प्रयास होने चाहिए। अनेक क्षेत्रों में देखने को मिलता है कि किसी गरीब व मध्यम वर्ग के व्यक्ति को मजबूरन अपने बेटे या बेटी की शादियों में आय से अधिक खर्च कर लेते हैं, जिसका विपरीत असर यह होता है कि वह बाप या फिर पूरा परिवार कर्ज को उतारने में अपनी पूरी उम्र खफा देता है। फिजूल खर्चों की कोई आवश्यकता नहीं थी, परंतु फिर भी गांव-समाज की लाज के लिए एक गरीब व मध्यम वर्ग के व्यक्ति के पूरे परिवार के लिए मानो अभिशाप बन गया हो, इसलिए आज हम सभी को मिलकर गांव से लेकर शहरों तक शादियों में हो रहे फिजूल खर्चों और दहेज प्रथा को समाप्त करने की आवश्यकता है। अन्यथा भविष्य में इसके और अधिक दुष्प्रभाव देखने को मिलते रहेंगे, आज हम सभी को अपनी मानसिकता को बदलने और शिक्षित व्यक्तित्व का परिचय देना होगा। इन सभी दहेज प्रथा और बेफिजूल खर्चों के बजाए बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कारों को देने के प्रयास होने चाहिए, ताकि शादियों में किसी भी बेटी को इस तरह की मानसिकता वाले वर और लोगों से शादी के नाम पर दहेज लेने की जुर्रत कर पाएं, जब हम अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा और उनको कामयाब बनाएंगे, तो निसंदेह भविष्य में दहेज प्रथा से भी कहीं न कहीं समाज को निजात मिल पाएगी। गांवों, क्षेत्रों में ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं, जिन्होंने अपने बेटों और बेटियों की शादियों में फिजूल खर्चों और दहेज प्रथा को देकर उम्रभर कर्ज तले दबे हुए हैं। आए दिन समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर देखने को मिलता है कि दहेज न देने के कारण बेटी ने या फिर बाप ने जहर खा लिया या फिर पूरा परिवार कर्ज तले दबने को मजबूर हो गया, आज हम सभी को इस बात को सुनिश्चित करना पड़ेगा कि हम किसी अन्य साधन संपन्न लोगों की तुलना अपने आप से न करें। उस देखादेखी में हम अपने जीवन में मानो खुद ही अशांति और समस्याओं को न्योता दे रहे हैं। वहीं, हमें इस अशांति और समस्या में न पड़कर अपनी आर्थिकी अनुसार शादियों में कम से कम खर्च करने की आवश्यकता है, ताकि हम शेष जीवन बिना किसी अशांति और समस्या के जीवन जी सकें।



स्वतंत्र लेखक-हेमराज राणा, जिला सिरमौर।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

नगरोटा बगवां में आजकल सड़क पर घूम रहे आवारा पशु वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। दिन को तो ये आराम से दिख जाते हैं, लेकिन जब लोग रात को सफर करते हैं तो कई बार ये अचानक सड़क पर आ जाते हैं और वाहन चालकों को दिखाई भी नहीं देते हैं। इस वजह से कई बार लोग दुर्घटनाओं का शिकार भी हो जाते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालक की स्पीड ज्यादा हो तो उसे गाड़ी कंट्रोल करने में समय लग जाता है तथा जब तक गाड़ी कंट्रोल होती है तब तक एक्सीडेंट हो जाता है। कई बार लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, जिन्हें समय रहते अस्पताल नहीं पहुंचाया गया तो उन्हें जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है। इन आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए सरकार के पास अभी तक कोई पुख्ता योजना नहीं है। कई सरकारें आई और चली गईं, लेकिन किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। कुछ योजनाएं बनती भी हैं तो वह महज कागजी ही साबित होती हैं। ये आवारा पशु फसलों को भी चट कर जाते हैं। किसानों को अपनी फसल का मुनाफा तो दूर की बात बीज और खाद की कीमत भी वसूल नहीं हो रही है। यही वजह है कि लोगों का अब कृषि से मोह भी भंग होने लग पड़ा है। **-अमन कुमार, नगरोटा बगवां**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भरमौर के सेल्फी प्वाइंट पर पड़ रही बजट की मार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए भरमौर में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर बजट की मार भारी पड़ रही है। पिछले वर्ष जुलाई में आई भारी बारिश के कारण इस सेल्फी प्वाइंट का डंगा गिर जाने के बाद अभी तक उसका निर्माण नहीं हो पाया है।

हालांकि इस सेल्फी प्वाइंट पर हर रोज सैकड़ों लोग भरमौर और दूसरी जगह का दीदार करते थे, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी भरमौर प्रशासन इसे बनाने के लिए बजट का प्रावधान नहीं कर पाया है । लिहाजा लोगों को सेल्फी प्वाइंट से भरमौर का नजारा देखने के लिए अब कई दिन और इंतजार करना पड़ेगा।



भरमौर में बने हुए सेल्फी प्वाइंट का दृश्य ।

सूत्रों की माने तो इस सेल्फी प्वाइंट के लिए सरकार की ओर से बजट का प्रावधान भी कर दिया गया है लेकिन यह बजट अभी तक वन विभाग के पास नहीं पहुंचा है। इस सेल्फी प्वाइंट का निर्माण करीब 5 वर्ष पहले वन विभाग द्वारा किया गया था।

यहां पर सूर्य अस्त और सूर्य उदय का नजारा देखने लायक होता है, लेकिन पिछले एक वर्ष से इस सेल्फी प्वाइंट का डंगे का निर्माण न होने के कारण पर्यटकों व स्थानीय लोगों को इसका दीदार नहीं हो पा रहा है। सेल्फी प्वाइंट पर बुजुर्गों के लिए बाकायदा लाइब्रेरी का भी प्रबंध किया गया है।

**साल बाद भी नहीं लगा बारिश से गिर डंगा, करना पड़ सकता है और इंतजार**

## बजट मिलने पर होगा डंगे का निर्माण : नरेंद्र

डीएफओ भरमौर नरेंद्र सिंह ने कहा है कि उनके पास अभी तक इसके लिए बजट का प्रावधान नहीं हुआ है। जैसे ही बजट मिल जाएगा इस डंगे का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और लोगों को फिर से सेल्फी प्वाइंट खोल दी जाएगा। उन्होंने कहा है कि इस सेल्फी प्वाइंट पर हर रोज सैंकड़ों लोग भरमौर व आसपास का नजारा लेते हैं और पर्यटकों के लिए यह सेल्फी प्वाइंट बहुत ही आकर्षण का केंद्र है।

# यातायात नियमों की अवहेलना पर पुलिस का शिकंजा



वाहन चालकों के कागजात चैक करते हुए पुलिसकर्मी।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पुलिस चौकी गैहरा के जवान लोकसभा चुनाव वह सुरक्षा के मध्य नजर जगह-जगह नाका लगातार रुटीन चेकअप कर रहे हैं। इस दौरान पुलिस यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरत रही है। वहीं पर गैरकानूनी काम करने वालों पर भी पुलिस लगातार नजर बनाए हुए हैं।

इस दौरान पुलिस के जवान ट्रैफिक नियमों को लेकर भी लगातार चालकों व परिचालकों को अवगत करवा रहे हैं।

गौरतलब है पिछली कई दिनों से पुलिस की लगातार गस्त और रूटीन चेकअप के कारण काफी हद तक दुर्घटना में कमी आई है तो वहीं पर गैर कानूनी काम करने वाले लोगों पर भी पुलिस का खौफ लगातार बरकरार है।

## पुलिस ने कई जगहों पर नाके लगाकर शुरू की कार्रवाई : डीएसपी चौधरी

**आरके रांगड़ा/चंबा**

जिला मुख्यालय में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन धारकों की अब खैर नहीं है। इस दिशा में यातायात पुलिस सहित थाना व चौकियों की पुलिस दल भी मनचले वाहन धारकों पर शिकंजा कसेंगे।



यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन धारकों के विरूद्ध छेड़ी मुहिम की पुष्टि करते हुए डीएसपी पुलिस हेडक्वाटर चंबा जितेंद्र चौधरी ने बताया कि मुख्यालय अधीन हर पुलिस चौकी व थाना टीमों सहित यातायात पुलिस को नियमों के विरुद्ध चलने वाले वाहन धारकों के चालान करने के निर्देश दिए है।

इस कड़ी में यातायात पुलिस व शहर पुलिस चौकी पुलिस दल ने अलग नाके लगा कर चालान प्रक्रिया अमल में ला रही है, ताकि यातायात सुरक्षा नियमों का वाहन चालक अनुसरंक्षण करे।

## न्यूज ब्रीफ

### सलूनी में होम स्टे प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



चंबा। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग चंबा के सौजन्य से हिमाचल सलाहकार संगठन (हिमकॉन) शिमला के द्वारा सलूनी में तीन दिवसीय होमस्टे प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को फर्स्ट एड, पर्यटकों के साथ उचित व्यवहार करने, होमस्टे मालिक के उत्तरदायित्व और होमस्टे की साफ सफाई के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर आज जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

जिला लोक संपर्क अधिकारी बलबीर सिंह ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ की शिष्टाचार भेंटवार्ता

### बलबीर ने की प्रेस प्रतिनिधियों से भेंट

**चंबा ।** जिला लोक संपर्क अधिकारी चंबा का पदभार ग्रहण करने के बाद बलबीर सिंह ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ शिष्टाचार भेंटवार्ता की। ऊना के निवासी बलबीर ने मीडिया कर्मियों के साथ संवाद के दौरान बताया कि सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही सभी जन कल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं तथा उपलब्धियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित बनाया जाएगा। विभागीय प्रेरणा सूचना-संपर्क सेवा को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।



बलबीर सिंह।



भेंट वार्ता के दौरान मौजूद प्रतिनिधि व साथ हैं अन्य।

**लोकसभा चुनाव 2024 : राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रशासन की बैठक**

# आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा निर्वाचन- 2024 को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने आदर्श आचार संहिता के दौरान लागू होने वाले नियमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विज्ञापन प्रमाणीकरण, आदर्श आचार संहिता का प्रभावी पालन तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की ।

उन्होंने बताया कि नॉमिनेशन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक मतदाता सूची में भावी मतदाताओं द्वारा अपना नाम अंकित करवाया जा सकता है ।

**राजनीतिक दलों को होल्डिंग्स 24 घंटे के भीतर हटाने होंगे**



जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के तुरंत बाद सभी सरकारी परिसरों में स्थापित राजनीतिक संदेश अथवा राजनीतिक दलों के होल्डिंग्स को 24 घंटे की समय सीमा के भीतर हटाना होगा। इसी तरह सार्वजनिक संपत्ति में लगे होल्डिंग्स को हटाने की समय सीमा 48 घंटे निर्धारित है जबकि निजी संपत्ति में लगे होल्डिंग के लिए 72 घंटे की समय सीमा निर्धारित है।

उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार मालिक की अनुमति के बिना उसकी व्यक्तिगत जमीन, भवन, परिसर, दीवार तथा गाड़ी में बैनर लगाने, स्लोगन लिखने, पंपलेट चिपकाने इत्यादि के कार्य नहीं कर सकेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत सी-विजिल एप के माध्यम से भी की जा सकती है, ऐसी शिकायतों समयबद्ध समाधान किया जाता है।

बैठक में कार्यवाही का संचालन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने किया।

बैठक में तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा, नायब तहसीलदार संजय शांडिल, राजनीतिक दलों से धीरज नरयाल, गोवर्धन आहूजा, दीपक कुमार उपस्थित रहे।

## चंबा-तीसा मार्ग पर कार दुर्घटना में दो की मौत

**तीसा ।** तीसा उपमंडल में हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तीसा अस्पताल भेजा गया। मृतकों की पहचान साहब दीन सपुत्र गुलबा गांव कुरमंड उम्र 32 साल व मदन कुमार सुपुत्र चतर सिंह गांव हंगोई उम्र 23 साल के रूप में की है। एसपी चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि नकरोड़ पुलिस चौकी दल ने कार दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

## दो युवकों से 1.89 ग्राम चिट्टा बरामद

**मंडी ।** पुलिस थाना धर्मपुर की टीम ने नाकाबंदी के दौरान दो कार सवार युवकों से 1.89 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान अश्वनी कुमार उम्र 30 वर्ष, पुत्र बलवीर सिंह तहसील धर्मपुर और सोहन सिंह उम्र 27 वर्ष, पुत्र कश्मीर सिंह तहसील धर्मपुर के रूप में हुई है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना धर्मपुर में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पांगी के स्कूलों में 6 साल से खाली हैं टीजीटी नॉन मेडिकल के पद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पांगी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय चस्क व राजकीय माध्यमिक विद्यालय उदीन में पिछले छः सालों से टीजीटी नान मेडिकल के पद खाली पड़े हुए हैं। स्कूलों में खाली चल रहे पद के कारण यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के शिक्षा पर विपरीत असर पड़ रहा है।



रजनी पठानियां।

अध्यापकों के खाली चल रहे पदों के कारण यहां के बच्चों की पढ़ाई बूरी तरह से प्रभावित हो रही है। आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर रजनी पठानियां ने हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि जल्द यहां पर अध्यापकों की नियुक्ति की जाए।

साथ ही उन्होंने शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा एवं शिक्षा निदेशक प्रारंभिक से भी मांग की है कि यहां पर प्राथमिकता के आधार पर अध्यापकों को जल्द से जल्द नियुक्त किया जाए।

### सेचू साहली में पटवारी का पद खाली

**पांगी ।** पांगी के दुर्गम एवं दूरदराज क्षेत्र व पटवार सर्कल सेचू साहली के अंतर्गत आने वाली तीन पंचायतों के लगभग चालीस गांव पिछले तीन चार सालों से पटवारी न होने के कारण दर-दर भटकने को मजबूर है।

पटवार सर्कल सेचू में भी पटवारी का पद खाली होने से यहां की 3000 से भी ज्यादा की आबादी को अनेकों मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । गांव चस्क, चस्क भटौरी, मोझी, मुरछ, उदीन, संधारी, हिल्लू, हिल्लूटवान शुण, लिऊ, सहाली, धनाला, हिलोर गांव के लोगों को राजस्व संबंधी छोटे से कार्य के लिए बीस किलोमीटर दूर पैदल चलकर पटवार सर्कल साच पांगी जाना पड़ रहा है।

महिला नेत्री रजनी पठानियां ने कहा है कांग्रेस सरकार ने सेचू में पटवार सर्कल की आधारशिला रख कर शिलांयास किया था, लेकिन पूर्व में भाजपा की सरकार ने अपनी उद्घाटन पट्टिका लगाने के चक्कर में भवन को तैयार कर उद्घाटन कर दिया लेकिन कोई पटवारी नही दिया। इस पटवार भवन में आज तक कोई भी राज्स्व विभाग का कर्मचारी नियुक्त नही किया गया है।

# ढलोग पंचायत के गांवों में पानी को लेकर त्राहिमाम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढलोग के गांव बाढ़, थम्म, बनी, बदाटु एवं बडेरू में पेयजल संकट गहरा गया है। तमाम गांव वालों की माने तो जल शक्ति विभाग द्वारा दो समय पानी तो जरूर छोड़ जाता है किंतु इतने समय में मुश्किल से दो बाल्टिया भी नहीं भर पाती, घरेलू जरूरत के मुताबिक भी पानी की आपूर्ति जल शक्ति विभाग द्वारा पूरे नहीं की जा रही है जिससे उपरोक्त गांव में त्राहिमाम की स्थिति पैदा हो गई है।



गांव वासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा जल शक्ति विभाग सबडिवीजन बनीखेत में लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत भी दर्ज करवाई गई किंतु समस्या जो कि क्यों बरकरार है।

जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीते कुछ दिनों में हुई भारी बारिश के कारण जल शक्ति विभाग की पाइप क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस कारण पानी की सप्लाई बाधित हो जाने के कारण इन गांव में पानी समय से नहीं आ पाया लेकिन अब पाइपें पर ठीक कर दी गई है और पानी की आपूर्ति समय से की जा रही है।(अनंत ज्ञान)

# ढोलरू कलाकार ग्रीष्म ऋतु का दे रहे संदेश

**एमएम डैनियल, चंबा**

बेशक दुनिया आधुनिक दौर में जुड़ कर आज चांद-तारों पर पहुंच गई है। वहीं देश-प्रदेश में नववर्ष का आगमन का रिवाज ने जहां पश्चिमी सभ्यता का रंग ले लिया हो। मगर जिला चंबा में आज भी देसी माह या विक्रमी माह का प्रतीत नववर्ष का आगमन का संदेश कुछ ढोलरू कलाकारों द्वारा घर-घर जाकर लोकगीत को व ढोलकी की ताल पर दिया जाता है, जो कहीं न कहीं जिला की प्राचीन परंपरा व संस्कृति का गाथा व्यक्त करता है।

गौर हो कि अग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नववर्ष का आगमन जहां 31 दिसंबर की रात 12 बजे से आगाज माना जाता है। वहीं सरकारी कार्यालय अनुसार 31 मार्च को वार्षिकी के रूप में देखा जाता है।



नववर्ष व ग्रीष्म ऋतु का आगमन करते ढोलरू कलाकार।

लेकिन धार्मिक ग्रंथों व अन्य पर्व के तहत विक्रमी साल से जुड़ा देसी वर्ष को मार्च मध्य सप्ताह में आने वाले दिनों से गिना जाता है, जिसमें चैत्र माह को अधिक महत्व देते हुए चैत्र माह के प्रारंभिक दिनों में जिला के कई ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े ढोलरू समुदाय के लोग पुश्त दर पुश्त देसी माह या चैत्र माह आगमन का संदेश गीतों माध्यम मुख्यालय पहुंच लोगों के घर द्वार पहुंचाते है।

रियासतकाल में शुरू हुई इस परंपरा का आगाज राजमहल चंबा शुरू होना बताया जाता है। कलाकारों के कई परिवार है जो इस पुश्तैनी परंपरा को संजौए हुए है, जो इस लोक गीत में वह चैत्र व भाद्रपद माह में राम भगवान विवाह व जन्म की गाथा सहित लोगों के खशहाल जीवन, किसानों-बागवानों के लिए अच्छी फसल का कामना करने का संदेश लोकगीत माध्यम गा कर जनजन तक पहुंचाते है।

### साल में कौन-कौन से महीने जुड़े हैं

अप्रैल माह में : चैत्र/बैसाख
मई : बैसाख/ ज्येष्ठ
जून : ज्येष्ठ/आषाढ़
जुलाई : आषाढ़/ श्रावण
अगस्त : श्रावण / भाद्रपद
सितंबर : भाद्रपद / आश्विन
अक्तूबर : आश्विन / कार्तिक
नवंबर : कार्तिक / मार्गशीर्ष
दिसंबर : मार्गशीर्ष / पौष
जनवरी : पौष / माघ
फरवरी : मार्घ / फाल्गुन

# स्वास्थ्य योजनाओं में प्रोग्रेस बढ़ाएं खंड स्वास्थ्य अधिकारी : डॉ. शर्मा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. कपिल शर्मा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खंड चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ चंबा डॉ. कपिल शर्मा ने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकंलन किया। जिसमें महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही स्वास्थ्य योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की जिस में प्रजनन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एन सी डी कार्यक्रम, तथा एच एम आई एस का खंड स्तरीय समीक्षा भी की। वहीं उन्होंने कहा कि 30 वर्ष से ऊपर वाली पूरी जनसंख्या की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग में उनका बीपी, शुगर, कैंसर की जांच भी की जाए।

उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की गतिविधियों का जायजा लेते हुए सभी कार्यक्रमों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए गए पोषण अभियान जो कि 9 मार्च से 23 मार्च तक चलने के संदर्भ में भी दिशा निर्देश जारी किए।

### सूडोकु 0004 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0003 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## कृषि योजनाओं की दी जानकारी



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

**भरमौर ।** बाल विकास परियोजना भरमौर के होली में जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार और बाल विकास परियोजना अधिकारी अमर सिंह की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें होली पंचायत की प्रधान पूजा देवी मुख्य अथिति की रूप में उपस्थित रही।

कृषि विभाग से प्रसार अधिकारी विशाल राणा तथा डॉ. शिवम ने कृषि योजनाओं की जानकारी दी।

# सरकार शिक्षा सुधारने का कर रही प्रयास : दीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ चंबा के अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना व जिला महासचिव राजेश ठाकुर ने कहा कि सरकार हिमाचल प्रदेश में शिक्षा का स्तर सुधारने का प्रयास कर रही है हम उसका स्वागत करते हैं। प्रवक्ताओं की युक्तिकरण की प्रक्रिया के आदेश को वापिस लेने के लिए प्रवक्ता संघ अभार व्यक्त करता है।

प्रवक्ता संघ सरकार से मांग करता है युक्तिकरण की प्रक्रिया को आरम्भ करने से पहले प्रवक्ताओं को विश्वास में लिया जाए। वही दूसरी ओर दूर दराज क्षेत्र में जिन विद्यालयों में शून्य नामांकन है। उसका कारण पता लगाया जाना चाहिए। प्रवक्ता संघ सरकार से अनुरोध करता है कि स्कूलों में प्रवक्ताओं के खाली पदों को पदोन्नति तथा सीधी भर्ती से जल्दी से भरा जाए। प्रवक्ता संघ लंबित पदोन्नति की सूची जल्द से जारी करने का अनुरोध करता है।



हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के पदाधिकारी।

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ चंबा महासचिव राजेश ठाकुर, जिला संचालन समिति के चैयरमैन शौकत अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बसंत, वित्त सचिव संजीव ठाकुर, मुख्य प्रैस सचिव जगजीत जरयाल आदि ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया ।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

16 मार्च, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :** सप्तमी (9:40): **नक्षत्र :** रोहिणी (04:06), **पक्ष :** शुक्ल, योग प्रीति (06:07) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:05-12:53), राहुकाल 9:29 - 10:59 ।

### विशेष दिन

16 मार्च 2012 में सचिन तेंदुलकर ने एशिया कप के एक मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए मीरपुर स्थित शेर-ए-बंगाल स्टेडियम में शतक लगाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया था।

**मेष :** तनाव व चिंता हो सकती हैं । पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी। पैरों में दर्द की वजह से अस्त-व्यस्त रहेंगे। खर्च में वृद्धि होगी।

**वृषभः** व्यवसाय को लेकर यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। बकाया वसूली होगी। यात्रा लाभकारी रहेगी।

**मिथुनः** रोज नई योजना बनती है पर चालू एक नहीं होती। पिता के साथ आज कल अच्छी घुल मिल रही है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कर्क :** नए लोगों से जरा संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह :** आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें।

**कन्या :**वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में बाधा संभव है। मकान बदलने से लाभ होगा।

**तुला :** जल्दबाजी में कार्यों को अंजाम देने से बचें। करियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं, संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं।

**वृश्चिकः** समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**धनु :** नए वस्त्र की प्राप्ति संभव। माता-पिता का ध्यान रखें। आपसी विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है।

**मकर :** अधिकारियों से विवाद होंगे। बने काम बिगड़ सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। कार्यसिद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कुंभ :** मित्र-संबंधी से मुलाकात संभव है। मित्रों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। नौकरी-व्यापार में तरक्की संभव है।

**मीन :** विवाद न करें। अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। मेहनत से उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**रोष** | **सीटू ने दी एनएचपीसी प्रबंधन को परियोजनाओं का कार्य बंद करवाने की चेतावनी**

# एनएचपीसी परिसर में सीटू ने किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

एक ओर जहां केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त करने के लिए कई योजनाओं को चलाने सहित उन्हें मासिक भत्ता 1500 देने की विभिन्न मंचों से घोषणाएं कर रही है। वहीं दूसरी ओर जिला चंबा में एनएचपीसी में आऊटसोर्स पर कार्यरत रही चंपा देवी सेवाओं को बहाल करने में गत माह से संघर्ष करती नजर आ रही है।

महिला की फरियाद न सुनता देख सीटू ने एनएचपीसी में आऊटसोर्स चतुर्थ श्रेणी चंपा देवी नामक महिला के समर्थन में सीटू संयोजक सुदेश कुमारी की अगुवाई में धरना-प्रदर्शन आरंभ कर दिया है। जिसमें सीटू ने दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि यदि चतुर्थ श्रेणी महिला के रोजगार के प्रति अन्याय संगत अपनाई जाती है तो सीटू जिला चंबा में एनएचपीसी परियोजनाओं के कार्यों को चलने नहीं देंगे।

एनएचपीसी में आऊटसोर्स चतुर्थ श्रेणी चंपा देवी नामक महिला के समर्थन में उतरी सीटू की ओर से संयोजक सुदेश कुमारी ने बताया कि सीटू यूनियन से जुड़ी सफाई कर्मचारी महिला चंपा देवी को एनएचपीसी प्रबंधन, प्रबंधन ठेकेदार व पूर्व विधायक द्वारा जबरन उन्हें वक्त से पहले ही नौकरी से बहाल कर दिया। जिसकी वजह पूछने पर कंपनी द्वारा तर्क दिया गया कि उनकी नौकरी की देय आयु पूर्ण हो चुकी है। लेकिन महिला द्वारा प्रबंधन समक्ष उनकी आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत प्रकाशित होने की बात रखी गई।

प्रबंधन अधिकारियों से मिले आधार कार्ड दुरुस्ती आदेशों के तहत आधार कार्ड ठीक करवाने के बाद कंपनी फिल पल्ला झाड़ते हुए प्रबंधन ठेकेदार से इस विषयको रखने के लिए महिला को कहा गया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने एनएचपीसी ठेकेदार समक्ष भी अपना पक्ष रखा। लेकिन यहां भी उसकी एक न सुनी गई, जिसके बाद यह विषय उपायुक्त चंबा, श्रम अधिकारी के समक्ष रखा गया। लेकिन अफसोस की बात कि दोनों अधिकारियों द्वारा एनएचपीसी को इस दिशा में आदेशों के बाद भी कोई राहत न मिल सकी। जबकि एनएचपीसी ठेकेदार से जब इस दिशा में बात की तो उन्होंने पूर्व विधायक चंबा पवन नैयर का कार्य होने का हवाला देते हुए उनसे बात करने के लिए कहा गया। लेकिन पूर्व विधायक ने इस दिशा में कोई प्रतिक्रिया देना गवारा नहीं समझा।

### पीड़ित महिला को परिसर गेट समक्ष रोका

**सीटू** ने इस विषय को पुनः उजागर कर पीड़ित महिला को राहत देने की बात की, लेकिन जिसका कोई भी सकारात्मक जवाब न मिलने से सीटू ने एनएचपीसी विरुद्ध मोर्चा खोलने का निर्णय लिया, जिसकी भनक लगते ही एनएचपीसी ने अपने कार्यालय परिसर में सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर पीड़ित महिला चंपा देवी को परिसर गेट समक्ष ही रोक दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बागी विधायक रवि ठाकुर के घर कड़ी सुरक्षा

**मनाली।** कांग्रेस से बागी विधायक रवि ठाकुर के घर कड़ा सुरक्षा घेरा कस दिया गया है। केंद्र से आई सीआरपीएफ के लगभग नौ जवान घर के बाहर सुरक्षा में तैनात हो गए हैं। सूत्र बताते हैं कि विधानसभा से निकाले गए छह बागी विधायकों की सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के फैसले तक घर में कड़ी सुरक्षा रहेगी। सीआरपीएफ के जवान मनाली के रांगड़ी में स्थित घर में हथियारों से लैस जवान मोर्चा संभाल हुए है। किसी को भीतर दाखिल होने की इजाजत नहीं है। साथ फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी को सख्त इनकार किया जा रहा है।

### कलवारी में रक्तदान शिविर कल

**बंजार।** रेडक्रॉस सोसायटी यूनिट बंजार की ओर से ग्राम पंचायत कलवारी में एक रक्तदान शिविर का आयोजन एसडीएम बंजार पंकज शर्मा की अध्यक्षता में होने जा रहा है। रक्तदान शिविर का आयोजन 17 मार्च को ग्राम पंचायत कलवारी के पंचायत घर में आयोजित किया जाएगा। एपीएमसी अध्यक्ष रामसिंह मियां ने बताया कि पहली मर्तबा रक्तदान शिविर का आयोजन कलवारी में किया जा रहा है, जिसमें एसडीएम बंजार बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस शिविर में ग्राम पंचायत कलवारी के युवक मंडल और महिला मंडल के सदस्य स्वेच्छा से रक्तदान कर रहे हैं साथ में पंचायत के बाहर से भी लोग इस शिविर में रक्तदान की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। सभी रक्तदान करने के इच्छुक लोगों से अनुरोध है कि शिविर में पहुंचकर अपना योगदान दें। रक्तदान शिविर के साथ-साथ पंचायत कलवारी, श्रीकोट, कंडीधार के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा दूसरे डॉक्टर भी मरीजों का निरीक्षण करेंगे। इस शिविर को सफल बनाने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी यूनिट बंजार के सभी सदस्यों, पंचायत सदस्यों का सहयोग अपेक्षित किया गया है।

### 150 से अधिक लोगों की जांची आंखें

**पतलीकूहल।** नग्गर ब्लॉक में कार्यान्वित संस्था द हंस फाऊंडेशन ने मेगा कैंप के तौर पर आज सरसई में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में नेत्ररोग विशेषज्ञ तथा ऑप्टिकल कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान 150 से अधिक लोगों की निशुल्क नेत्र जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार मुफ्त चश्में भी वितरित किए गए। इस दौरान 100 से अधिक प्रयोगशाला जांच करवाई गई। जनरल ओपीडी में एमएमयू के मेडिकल ऑफिसर्स द्वारा लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान सभी गांव वासियों सहित आशा वर्कर व पंचायत सदस्यों ने द हंस फाऊंडेशन के इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

### मैला ढोने में लगे व्यक्तियों की दें जानकारी : डीसी

**केलांग।** अस्वच्छ या शुष्क शौचालयों और हाथ से मैला ढोने में लगे व्यक्तियों के बारे में तमाम जानकारी देकर सर्वेक्षण में सहयोग देने के बारे में डीसी लाहौल स्पीति सबसे अपील की है। डॉ. बलराम सिंह बनाम भारत संघ और अन्य 20 अक्तूबर 2023 के मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के डब्ल्यूपी नंबर.324/2020 के निर्देशानुसार हाथ से मैला उठाने वाले कर्मिक के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 की धारा-11 के तहत जिला लाहौल स्पीति में मैनुअल स्केवेंजरों का एक व्यापक सर्वेक्षण 15 मार्च 2024 से लेकर आगामी 14 अप्रैल 2024 तक शुरू होने जा रहा है। इस बारे में जानकारी को सांझा करते हुए जिला दण्डाधिकारी जिला लाहौल स्पीति ने जिला लाहौल स्पीति के निवासियों से आग्रह करते हुआ कहा कि वे हमारे अधिकार क्षेत्र के भीतर अस्वच्छ या शुष्क शौचालयों और हाथ से मैला ढोने में लगे व्यक्तियों के बारे में कोई भी प्रासंगिक जानकारी को संबंधित पंचायत अधिकारियों, शहरी स्थानीय निकायों या फिर खंड़ विकास अधिकारी को प्रदान करके इस महत्वपूर्ण सर्वेक्षण में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रयास में आपका सहयोग और सहायता सभी के लिए अधिक न्याय संगत और सम्मानजनक समाज बनाने की दिशा में हमारे प्रयासों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

# बर्फीली हवाओं में भी सड़क बहाली में जुटे बीआरओ कर्मी

## भारी बर्फ के बीच सड़क बहाली में साढ़े 10 घंटे मशीन व मजदूर के साथ खड़े रहते हैं कनिष्ठ अभियंता शुभम, हो रही सराहना

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति की लाहौल घाटी में मौसम के साफ होते ही अब सड़कों को बहाल करने का काम किया जा रहा है। लाहौल घाटी के भीतरी इलाकों में सीमा सड़क संगठन (94 आरसीसी) के अधिकारी माइनस तापमान और बर्फीली हवाओं की परवाह न करते हुए 10:30 घंटे तक काम कर रहे हैं। ऐसे ही एक अधिकारी सीमा सड़क संगठन (94 आरसीसी) में तैनात कनिष्ठ अभियंता शुभम सिंह के कार्यों की खूब सराहना हो रही है।

भारी बर्फबारी के बीच सड़क बहाली में यह जवान अधिकारी माइनस तापमान की बात हो या बर्फीली हवाओं का खौफ की परवाह न करते हुए 10:30 घंटे तक काम के दौरान अपने मशीन आपरेटरों सहित कामगारों के साथ मौके पर खड़े रहते हैं। उनके हौसले और मेहनत को देखते हुए घाटी के लोग भी सराहना कर रहे हैं। इस बार घाटी में सात, आठ साल बाद फिर से जमकर बर्फबारी हुई है। तांदी से अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल तक पांच, छह हिस्सों में भारी हिमखंड सड़क पर गिरा था। साड़ा बैरियर के पास तकरीबन 700 मीटर के करीब हिमखंड गिरने से इनकी टीम को 15 से 18 फुट ऊंची बर्फ के दीवारों से जंग लड़नी पड़ी। वहीं, तेलिंग नाला में भी हिमखंड से सड़क बहाली का कार्य आसान नहीं था सीमा सड़क संगठन ने 11 दिन में सुबह से देर ,शाम तक कार्यों को अंजाम देकर सड़क बहाल की। ऐसे हालातों में कनिष्ठ अभियंता शुभम सिंह हमेशा इन जवानों के साथ सुबह आठ बजे से लेकर शाम 6:30 बजे के बाद तक मौके पर खड़े रहे।



सड़क बहाली कार्य में जुटी मशीनरी के साथ खड़े बीआरओ 94 आरसीसी में तैनात कनिष्ठ अभियंता शुभम सिंह।

घाटी में माइनस तापमान और हिमखंड गिरने के खतरों के बीच सड़क बहाली का कार्य करना किसी चुनौती से कम नहीं रहता है। 94 आरसीसी में तैनात कनिष्ठ अभियंता शुभम सिंह सिस्सू डेट के साथ कारगा डेट में भी कनिष्ठ अभियंता का कमान संभाले हुए हैं। लाहौल घाटी के लोगों का कहना है कि ऐसे अपने काम के प्रति कर्मचारी व अधिकारियों के बेहतर काम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। घाटी के लोगों ने ऐसे कर्मठ अधिकारी को किसी विशेष दिन सम्मानित किए जाने की सिफारिश की है। (अनंत ज्ञान)

### बिजली लाइनों और पेयजल की लाइनों को किया जा रहा दुरुस्त

इसके अलावा पेयजल लाइन को भी ठीक किया जा रहा है। कई ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था बंद है और बिजली बोर्ड के कर्मचारी भी बर्फीले पहाड़ों को पैदल पार कर बिजली की लाइन ठीक करने में जुटे हुए हैं। डीसी लाहौल स्पीति राहुल कुमार का कहना है कि मनाली से केलांग सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है।फिलहाल यहां पर पर्यटकों की आवाजाही बंद रखी गई है। आने वाले दिनों में मौसम साफ होने के बाद सड़क के दोनों किनारों से और बर्फ को हटाया जाएगा ताकि सैलानी भी लाहौल घाटी पहुंच सके। लाहौल के भीतरी इलाकों में भी सड़कों से बर्फ हटाने का काम तेज कर दिया गया है।

# अपनी इच्छा से आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों को लाहौल-स्पीति भेजे सरकार : अनुराधा

## विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में रामभरोसे जनजातीय क्षेत्र के मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

बर्फ से ढके जनजातीय जिला में पहले ही लोगों को विषम भौगोलिक परिस्थितियों से जूझना पड़ रहा है। वहीं, विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को बर्फ बीच जान जोखिम में डालकर कुल्लू का रुख करना पड़ रहा है। केलांग और काजा अस्पताल को सरकार ने आदर्श चिकित्सालय का दर्जा प्रदान किया है, लेकिन यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी मरीजों की जिंदगी और भारी पड़ गया है।



जनजातीय क्षेत्र के लोग वर्षों से मेडिसिन, नेत्र, स्त्री रोग और शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग करते आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी इच्छा से लाहौल में अपनी सेवाएं देने को तैयार हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार इन डॉक्टरों को लाहौल भेजने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। पिछले दिनों घाटी ने कुछ गंभीर रूप से बीमार मरीजों को कई दिनों तक घर पर ही बैठ कर ही कुल्लू पहुंचने के लिए हेलिकॉप्टर का इंतजार करना पड़ा था। जिला परिषद लाहौल-स्पीति की अध्यक्ष अनुराधा राणा ने कहा कि केलांग आदर्श अस्पताल में शिशु रोग, गायनी, मेडिसिन जैसे जरूरी विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्राथमिकता के आधार पर तैनाती करनी चाहिए, क्योंकि विशेषकर सर्दी के दिनों में लाहौल-स्पीति जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितयों वाले जिला में मरीजों को रेफर होने के बावजूद घाटी से बाहर निकलने में कई दिन लग जाते हैं।

अनुराधा राणा ने कहा कि जो विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी इच्छा से लाहौल आना चाहते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर घाटी भेजना चाहिए। अनुराधा राणा ने सीएम सुक्खू से आग्रह किया है कि ऐसे चिकित्सकों को अविलंब घाटी भेजा जाए। जिप सदस्य बीना कुमारी, पंचायत प्रधान अजीत सिंह, जिप सदस्य दोरजे लारजे, कुंगा बौद्ध ने भी सीएम सुखविंद्र सिंह सुखू से आग्रह किया है कि ऐसे विशेषज्ञ चिकित्सकों को व्यापक जनहित ने लाहुल भेजा जाए।

# टनल के पास 'ब्लैक आइस' में स्किड हुई अंडे से भरी पिकअप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

कुल्लू व लाहौल स्पीति जिला में शुक्रवार को भी मौसम सुहावना रहा, लेकिन मनाली-केलांग सड़क मार्ग पर अभी 'ब्लैक आइस' है जिससे हादसों का खतरा बरकरार है। शुक्रवार को मनाली से अंडे लेकर केलांग जा रही जीप अटल टनल के पास ब्लैक आइस में स्किड हो गई। इससे जीप में भरे अंडे सड़क में फुट गए जिससे मालिक को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

बीआरओ ने मनाली केलंग के बीच ट्रैफ़िक व्यवस्था सुचारु कर दी है, लेकिन फिलहाल फोर बाय फोर वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति है। पुलिस ने खतरे को देखते हुए पहले ही सुबह शाम सफर न करने की सलाह दी है।



ब्लैक आइस में सड़क पर स्किड हुई केलांग सामान लेकर जा रही जीप

मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु है, लेकिन ब्लैक आइस जमने से सुबह शाम जोखिम बरकरार है। दूसरी घटना गोंदला के पास हुई है। मनाली से केलांग जा रहा वाहन सड़क में ब्लैक आइस जमने से स्किड हो गई। इस घटना में भी किसी को कोई चोट नहीं लगी है लेकिन गाड़ी को नुकसान हुआ है। शुक्रवार को धूप खिलते ही मनाली केलंग मार्ग पर दिन भर वाहनों की आवाजाही सुचारु रही।

एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि रात को सड़क में ब्लैक आइस जम रही है। खतरे को देखते हुए सुबह व शाम को सफर न करें और फिलहाल फोर बाय फोर वाहनों में ही सफर करें।

# सरस मेले में लगा देसी औषधि का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

समृद्धि स्वयं सहायता समूह व उमंग संगठन गोंदला ने सरस मेले मंडी में देसी औषधि का स्टॉल लगाया हैं। समृद्धि स्वयं सहायता समूह व उमंग संगठन गोंदला की सदस्य और जनजातीय लाहौल-स्पीति के गोंदला से ताल्लुक रखने वाली पूनम पाल ने ऊंची पहाड़ियों से जड़ी बूटी एकत्रित कर मंडी सरस मेले में उन्होंने स्टॉल लगाया है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पूनम एक समाज सेविका के साथ साथ देसी औषधि का ज्ञान भी रखती हैं। पूनम पाल ने बताया कि मेले में हम संगठन के माध्यम से सीबकथोर्न, काला जीरा, जंगली अजवाइन, ग्रीन टी ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहे हैं। आज के युग में हर कोई किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त है। उसके लिए यह औषधि राम बाण सिद्ध होती है। पूनम स्वयं सहायता समूह द्वारा गर्मियों में लाहौल में पर्यटकों को देसी पकवान भी बनाती है जो पर्यटकों को बहुत पसंद आता है।




समृद्धि स्वयं सहायता समूह व उमंग संगठन गोंदला द्वारा लगाया गया स्टॉल।

## किसान प्रशिक्षण शिविर लगाया

**कुल्लू।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो खंड कार्यालय कुल्लू के अंतर्गत आने वाली उप परियोजना 'व्यासर से मापक' में एक दिवसीय सिंचाई एवं जल प्रबंधन पर शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 40 किसानों को जागरूक किया गया । इस शिविर में कृषक विकास संघ व्यासर से मापक के प्रधान सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया जिसमें फसल विविधीकरण के साथ-साथ सिंचाई एवं जल प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# बिजली महादेव में कल चलेगा स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

यंग द्रुकपा संस्था (वाईडीए) गरशा और लिव टू लव संस्था इस वर्ष अपनी हिमालयन क्षेत्र में11वीं इको पद यात्रा आयोजित करेगी। वाईडीए गरशा संस्था के अध्यक्ष सुशील ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी रविवार 17 मार्च को इको पदयात्रा के साथ ही कुल्लू के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बिजली महादेव में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कुल्लू व लाहौल की जनता से इस इको पदयात्रा और स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ भाग लेने का आह्वान किया है।

वहीं, संस्था के प्रेस सचिव ने कुंगा बोध ने बताया कि इस अभियान को इको पद यात्रा के नाम से जाना जाता है, जिसमें वाईडीए गरशा लाहौल की ओर से कुल्लू के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर हर वर्ष यात्रा कर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का संदेश देती है। इस यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल होकर वहां सफाई करने के साथ एक दूसरे को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक भी करते हैं।

उन्होंने बताया कि है अक्सर देखा जाता है कि स्थानीय लोग व पर्यटक पहाड़ों पर स्थित तीर्थ स्थलों पर जाते हैं और यहां पर खाने-पीने की चीजें जिनमें प्लास्टिक रैपर, कोल्ड ड्रिंक की बोतलों सहित अन्य कूड़ा कचरा खुले में फैंककर चले जाते हैं। ऐसे में संस्था की ओर से पिछले कुछ सालों से यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे पर्यटन स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ-साथ लोगों व पर्यटकों को भी जागरूक किया जाएगा। इसी कड़ी में इस बार 11वीं इको पदयात्रा और स्वच्छता अभियान बिजली महादेव में आयोजित होगा। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु और वॉलंटियर शामिल होंगे। संस्था ने अब तक कुल्लू और लाहौल में एसे 10 इको पद यात्रा आयोजित किए हैं।

**इस बार भी स्वच्छता का संदेश देगी वाईडीए गरशा व लिव टू लव संस्था**

उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपने व्यस्त जीवन से समय निकाल कर ऐसे इको पद यात्रा कर पर्यावरण के लिए अपना योगदान दें, जिससे कि हमारा वातावरण संतुलित रहे। उन्होंने बताया कि सभी सुबह 7 बजे बिजली महादेव के लिए रवाना होंगे और वहां की सफाई करने के साथ सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। अधिक जनकारी के लिए 7876502626, 9459034797 पर संपर्क कर सकते हैं।

# एनएचपीसी व संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान, सैंज**

देश की नवरत्न ऊर्जा कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड ने वीरवार को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत एक एमओयू साइन किया। एनएचपीसी के स्वतंत्र निर्देशक डॉ. अमित कंसल, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह तथा पंजाब के संत लोंगोवाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संगरूर के बीच सीएसआर योजना के अंतर्गत संत लोगोंवाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधि प्रतिनिधि डॉ.एमके पासवान निदेशक, एचएम अरोड़ा की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन हुआ, जिसमें एनएचपीसी ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत उक्त इंस्टीट्यूट को 11 लाख 50 हजार की राशि जारी करनी है।

एनएचपीसी की प्रशासनिक अधिकारी डॉली सिंह ने बताया कि इस समझौते ज्ञापन के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सहयोग राशि रुपए 11.50 लाख से संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी संगरूर, पंजाब द्वारा कैंपस के अंदर सॉफ्टवेर एप्प. संचालित साइकिलवन बाइसीकल शेयरिंग सिस्टम चलाया जाएगा।



एमओयू समारोह के दौरान उपस्थित गणमान्य।

एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा उक्त राशि सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों के अंतर्गत प्रदान की जानी है। साइकिलवन बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम एक सॉफ्टवेर ऐप्प संचालित स्मार्ट बाइक सिस्टम है जो मोबाइल ऐप्प के द्वारा कार्य करेगा। यह परिवहन का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करेगा, जिससे विद्यार्थी आसानी से संस्थान के विशाल परिसर में क्लासरूम, हॉस्टल तथ अन्य सुविधाओं तक समय की बचत करते हुए आ-जा सकते हैं। इसके अलावा यह साइकिलें पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का तरीका हैं, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करती हैं और परिसर के वातावरण में स्थिरता को बढ़ावा देती हैं।

इस समारोह में एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय की रूबी रैना, महाप्रबंधक (विधि एवं मानव संसाधन), राजब हुसैन, महाप्रबंधक (तकनीकी) एवं संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी संगरूर, पंजाब से आये प्रतिनिधि डॉ. एम. के. पासवान, निदेशक एच.एम. अरोरा, रैजिस्ट्रार एवं प्रो. सुरेंद्र सिंह तथा क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# कल अटल सदन में गूंजेंगे पारंपरिक होली गीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की ओर से हर वर्ष की भांति इस बार भी होली गायन की परंपरा को निभाते हुए देवसदन में 26वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस सूत्रधार होली संध्या की तैयारियां जोरों पर है। संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि कार्यक्रम को रोचक और रंगारंग बनाने को लेकर संस्था के सभी पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन शुक्रवार को कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दिनेश सेन ने बताया कि ये कार्यक्रम 17 मार्च को सायं 6:30 से रात्रि 10 बजे तक अटल सदन कुल्लू के विशाल सभागार में मनाया जाएगा। इसका आयोजन सूत्रधार कला संगम कुल्लू व प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

होली संध्या में सुप्रसिद्ध लेखक, गायक व संगीतकार स्व. राम कुमार कपूर की रचनाओं के साथ-साथ कुल्लू की प्रसिद्ध प्रचलित व पारम्परिक होली गीतों का गायन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने हेतु इसमें होली से संबंधित नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएगी तथा साथ ही प्रसिद्ध राष्ट्रीय शास्त्रीय नर्तक दिनेश गुप्ता की भी विशेष प्रस्तुति रहेगी। यह संपूर्ण कार्यक्रम सूत्रधार के कलाकारों द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर व प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर द्वारा तैयार किया जा रहा है। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर, भण्डार प्रभारी तिलक राज चौधरी तथा प्रबंधक उत्तम चन्द उपस्थित रहे।

**उद्घाटन** सीपीएस ने ब्यास नदी व कुल्लू के विभिन्न संवेदनशील स्थानों तटीकरण कार्य का किया शिलान्यास

# कुल्लू को बनाया जाएगा आदर्श विधानसभा क्षेत्र : सुंदर ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा। इस दिशा में गत 14 माह के दौरान अनेक कदम उठाए गए हैं। सुंदर सिंह ठाकुर शुक्रवार को यहां गौसदन से एसटीपी लंका बेकर तक ब्यास नदी व कुल्लू के विभिन्न संवेदनशील स्थानों तटीकरण कार्य के शिलान्यास के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में तटीकरण संबंधित 188 करोड़ के तटीकरणकी 24 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट राज्य आपदा मिटिगेशन प्राधिकरण को भेजी गई थी जिनमें से 38 करोड़ रुपए की 6 परियोजनाओं को राज्य आपदा मिटिगेशन प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत कर बजट जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 26 करोड़ 44 लाख की 4 अन्य डीपीआर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कर ली गई है तथा अगले वित्त वर्ष में बजट राशि जारी कर दी जाएगी।




तटीकरण कार्य का शिलान्यास करते सीपीएस सुंदर ठाकुर, साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि 32 करोड़ रुपए की तीन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को राज्य सरकार से स्वीकृति के उपरांत राष्ट्रीय आपदा मिशन प्राधिकरण को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि व्यास नदी किनारे व कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के अन्य संवेदनशील स्थलों पर तटीकरण कर बाढ़ से होने वाले नुक्सान से बचा जा सकेगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को तटीकरण कार्यों को बरसात के मौसम से पूर्व पूरा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के तहत अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है, ताकि यहां स्थानीय लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके। लग घाटी के काईसधार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है वहां पर पुराने ब्राइडल पाथ पर ई-कार्ट चलाई गई है इसी प्रकार पीज से ढालपुर मैदान के लिए पैराग्लाइडिंग आरंभ की गई है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है तथा आज क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सकों के सभी पद भरे गए हैं।

इस मौके पर नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हीम सिंह ठाकुर, जिला परिषद सदस्य आशा ठाकुर, एपीएमसी के सदस्य अनिल सहगल, पार्षद, कांग्रेस के पदाधिकारी, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विनोद ठाकुर, अधीक्षण अभियंता विद्युत रूप सिंह ठाकुर, एसडीम कुल्लू विकास शुक्ला व विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य उपस्थित है।

# प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता के लिए सिर्फ सीएम दोषी: भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्ल**

हिमाचल प्रदेश में जो आज राजनीतिक अस्थिरता आई है उसके लिए सिर्फ सीएम सुक्खू दोषी हैं। मुख्यमंत्री आज बहुमत न होने से घबरा गए हैं और राजनीतिक नाकामी को छुपाने के लिए वह अनाप-शनाप बयानबाजी भी कर रहे हैं। उक्त प्रक्टावा हिमाचल प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर और बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जारी एक प्रेस बयान में किया।

उन्होंने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा है कि आज प्रदेश में आम आदमी, कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी, विधायक, मंत्री सब कांग्रेस सरकार की कारगुजारियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री अपने दरबारी और राजनीतिक सिपाहियों से घिरे रहते हैं और विधायकों को अपमानित करते हुए उनकी हर आवाज को अनसुना कर रहे हैं। आज कांग्रेस के विधायक ही कह रहे हैं कि उनका छोटा काम भी नहीं हो रहा है। उन्होंन कहा कि आज कांग्रेस के विधायक कह रहे हैं कि कांग्रेस सरकार के राज में हिमाचल में तानाशाही चल रही है और पूरे प्रदेश में बदले की भावना से काम हो रहा है। यह सब राजनीतिक परिस्थिति मुख्यमंत्री सुखविंदर की नाकामी और तानाशाही रवैया के चलते हुई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्सारी विकास खण्ड कुल्लू जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चन्सारी में वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्यों हेतु सामग्री के लिए कुटेशनें आमंत्रित की जाती है। जिसमें रेत, बजरी, पत्थर व बोल्डर लकड़ी व फर्नीचर सामग्री ईंट व ब्लॉक एंगल, गार्डर लोहे की सामग्री ग्रिल सरिया, सामग्री ढुलान, हाफ कलवर्ट व पीवीसी पाईप, पेबर ब्लॉक व टाईल, शटरिंग, जेसीबी व स्टोन ब्रेकर, बोर्ड लिखाई इत्यादि। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदाओं को बंद लिफाफे में 30/03/2024 तक डाक के द्वारा या स्वयं पंचायत कार्यालय में भी जमा करवा सकते है। फर्म के पास जीएसटी नंबर होना चाहिए, जो निविदा में प्रदर्शित हो तथा बिल के साथ एम फार्म अनिवार्य है। बाकी शर्तें मौके पर बताई जाएगी। निविदाएं 06/04/2024 को पंचायत बैठक में खोली जाएंगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत चन्सारी

# एचआरटीसी की बस में लगी आग सवारियों ने भागकर बचाई जान

## शिमला से स्योह जा रही थी बस, घुमारवीं के मुख्य बाजार में हुआ हादसा, 27 यात्री थे सवार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-103 पर सवारियों को लेकर जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक चलती बस में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बस में सफर कर रही सवारियों को जैसे ही बस में आग लगने का पता चला, तो वह अचानक जान बचाने के लिए बाहर की ओर दौड़ पड़े। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार एचआरटीसी की धर्मपुर डिपो की बस शिमला से स्योह जा रही थी। हादसे के वक्त बस में 27 यात्री सवार थे। बस जैसे घुमारवीं में दकड़ी चौक पर पहुंची। उसी समय बस के इंजन में से धुआं उठने लगा। बस चालक ने समझदारी दिखाते हुए बस को सड़क किनारे किया और सभी सवारियों को नीचे उतारा। वहीं घटना के बाद स्थानीयों लोगो के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। आग बस के इंजन में लगी थी।



घुमारवीं के मुख्य बाजार में एचआरटीसी की बस में लगी आग।

### अफरा-तफरी में लोगों को आई हल्की चोटें



अफरातफरी के इस माहौल में एक दो लोगों को हल्की चोट आई, जिस पर उन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से अस्पताल पहुंचाया। घटना का पता चलते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग भी मौके पर पहुंचे और घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। वहीं, बस चालक संतोष कुमार ने बताया कि बस जैसे ही दकड़ी चौक पर पहुंची, तो बस के इंजन से धुआं निकलने शुरू हो गया और एकदम से आग लग गई, जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया लिया गया। किसी भी सवारी को ज्यादा चोट नहीं लगी है, लेकिन अगर समय रहते चालक ने ततपरता नहीं दिखाई होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि दकड़ी चौक पर बहुत गाड़िया खड़ी रहती हैं और लोगों की आवाजाही भी बहुत होती है। हादसा बीच बाजार में हुआ, जिस वजह से स्थानीय लोगों ने समय रहते अपनी इस आग बुझाने में बस चालक की सहायता की और इस आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# दो दिन से प्रदेश में ई-डिस्ट्रिक्ट की नहीं चल रही साइट, हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, दधौल**

दो दिनों से प्रदेश भर में ई-डिस्ट्रिक्ट की साइट नहीं चल रही है, जिस कारण लोकमित्र संचालकों और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके साथ ही सरकार ने महिलाओं के लिए 1500 रुपए पेंशन की घोषणा की है, जिसके लिए महिलाएं हिमाचली प्रमाण पत्र बनवा रही हैं एवं अन्य बच्चों द्वारा फॉर्म भरे जा रहे हैं, जिनके लिए कई प्रमाण पत्रों की आवश्यकता होती है, लेकिन ई-डिस्ट्रिक्ट में पिछले कुछ दिनों से समस्या चली हुई है, लेकिन पिछले दो दिनों से साइट काम नहीं कर रही है, जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लोगों के कोप का भाजन लोकमित्र संचालकों को बनना पड़ रहा है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कामगारों के लिए चलाई है, जिसके लिए पंजीकरण होना था, लेकिन यह साइट भी ठीक तरह से नहीं चली कुछ लोकमित्र केंद्रों पर यह साइट चली ही नहीं, जहां पर चली वहां पर भी इन गरीब मजदूरों को दो से चार बार अपनी दिहाड़ी छोड़ कर जाना पड़ा। इसके साथ ही प्रदेश भर के लोकमित्र संचालकों ने नाराजगी जाहिर की है।

### लोकमित्र कल्याण संघ ने की वर्चुअल मीटिंग

इसी को लेकर प्रदेश लोकमित्र कल्याण संघ ने एक वर्चुअल मीटिंग की जिसमें प्रदेश के लगभग सभी जिलों के लोकमित्र संचालक जुड़े तथा प्रदेश लोकमित्र कल्याण संघ ने इस समस्या को लेकर चर्चा की और सरकार से मांग की इस समस्या का हल जल्द करवाया जाए। बिलासपुर से ई-डिस्ट्रिक्ट के जिला प्रबंधक अनुज ने कहा की साइट पर बहुत ज्यादा काम आ गए हैं, जिससे यह समस्या आई है, इसको लेकर शिमला में बात की गई है जल्द ही इसका हल हो जाएगा।

### बिलासपुर कॉलेज में ज्ञान व नौकरी से संबंधित दी जानकारी


**बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोतर कॉलेज में शुक्रवार को भौतिक विभाग में करियर काउंसलिंग लेक्चर का आयोजन किया गया। इस तत्वावधान में डॉ. विनीत शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर वाक्नाघाट जिला सोलन और कॉलेज के एमएससी के विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों में ज्ञान और नौकरी से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरजीत चंदेल, डॉ. मोनिका, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. घनश्याम और प्रो. शीतल धीमान मौजूद रहे।

# सीएम आज बागछाल पुल का करेंगे शुभारंभ, देंगे करोड़ों की सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शनिवार को बिलासपुर दौरे पर रहेंगे। लंबे समय से राजनीति का शिकार हुए बागछाल पुल का सीएम की ओर से शुभारंभ किया जाएगा। वहीं, इसके बाद सीएम कलोल व घुमारवीं क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री बनने के बाद सीएम दूसरी बार बिलासपुर में शिलान्यास व लोकापर्ण करेंगे।

जानकारी के अनुसार सीएम झंडूता में अकेले लोक निर्माण विभाग निर्मित 70 करोड़ रुपए से बने महत्वकांक्षी बागछाल पुल के लोकार्पण के बाद करीब डेढ़ करोड़ से बने उपतहसील कार्यालय कलोल के बहुमंजिला इमारत, करीब चार करोड़ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऋषिकेश के बहुमंजिला इमारत, करीब तीन करोड़ से बने बहुतकनीकी कॉलेज कलोल-बकैन की बहुमंजिला इमारत का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 58 करोड़ की बागछाल से कलोल सुधारीकरण सड़क का भूमि पूजन, बरोहा से कोहिना, मरोतन से धनी, जड्डू से बड़गांव गलू, बुहाड़ से मल्होट, भल्लू से बलघाड़, पनोल से हड़सर विजयपुर राहियां, सुंहानी से तुंगड़ी से सेर चौक, ढोलग से चक्कनाड की एक अरब से ज्यादा लागत से बनने वाली सड़कों के शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा जल शक्ति विभाग मंडल झंडूता की 19 करोड़ की काहरवीं-नाला उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण, बलड़ा सुंहाणी की डेढ़ करोड़, री रडोह, टिहरी, बकैन की दो करोड़ रुपए की सिंचाई योजनाओं की नींव रखेंगे। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री देश के पहले सबसे लंबे सिंगल केंटिलिवर 185 मीटर और 330 मीटर लंबे बागछाल पुल का शुभारंभ करेंगे।



### आधे-अधूरे कार्यों का शिलान्यास करने आ रहे मुख्यमंत्री सुक्खू

# झंडूता के साथ की अनदेखी : कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के झंडूता विस क्षेत्र में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू आधे-अधूरे कार्यों का शिलान्यास करने जा रहे हैं। शनिवार को झंडूता विस क्षेत्र पर आ रहे सीएम के कार्यक्रम तक की जानकारी नहीं है।

यह बात शुक्रवार को बिलासपुर नगर के लेक व्यू कैफे में प्रेसवार्ता करते हुए झंडूता विधायक जेआर कटवाल ने कही। कांग्रेस सरकार ने झंडूता क्षेत्र के साथ हमेशा अनदेखी की है। झंडूता में जो बहुमंजिला भवन का शुभारंभ करने जा रहे हैं, वह भाजपा सरकार के कार्यकाल में किया गया है। कांग्रेस सरकार आधे-अधूरे कार्यों का शुभारंभ है। सीएम प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रहे हैं। झंडूता में बागछाल पुल का शुभारंभ करने के लिए आ रहे सीएम इसका श्रेय ले रहे हैं, जबकि यह पुल भाजपा सरकार की देन है। झंडूता क्षेत्र के साथ कांग्रेस सरकार ने अनदेखी की है, जिसका विरोध किया जाएगा।

जेआर कटवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार चंद ठेकेदारों को फायदा देने के लिए झंडूता में यह शिलान्यास कर रहे हैं। झंडूता में जो बागछाल पुल का शुभारंभ किया जा रहा है, उसमें अभी तक भी कुछ कार्य पूरे नहीं हुए हैं। यह पूरी तरह से गलत है और इसका विरोध किया जाएगा। झंडूता क्षेत्र में एक रुपए का बजट नहीं दिया है। इन सारे कार्यों का वह स्वय रिव्यू करेंगे, लेकिन इस तरह से झंडूता क्षेत्र की जनता को कांग्रेस सरकार द्वारा भ्रमित नहीं किया जाने देगा। झंडूता में सीएम के आने की सूचना और निमंत्रण उन्हें नहीं दिया गया है।



बिलासपुर नगर के लेक व्यू कैफे में प्रेसवार्ता करते विधायक जेआर कटवाल।

# राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के संस्थापक रूमित हमीरपुर से लड़ेंगे चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लोकसभा चुनावों को लेकर हमीरपुर संसदीय सीट से राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने भी अपना दाव खेला है। शुक्रवार को बिलासपुर में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के संस्थापक रूमित सिंह ठाकुर को उम्मीदवार घोषित करने की पुष्टि की है।

बिलासपुर शहर के एक निजी होटल में प्रेसवार्ता करते हुए राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल चंदेल ने कहा कि पार्टी की संसदीय कमेटी ने यह निर्णय लिया है और अब सारी तैयारियां हो चुकी हैं। इस दौरान बिलासपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटी। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी हमेशा प्रदेश की जनता के मुद्दों को उठाती आई है। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी प्रदेशाध्यक्ष जयपाल चंदेल ने कहा कि प्रदेश की अन्य तीन सीटों पर भी पार्टी चुनाव लड़ेगी।

**संसदीय कमेटी ने की घोषणा, पार्टी ने चलाए पटाखे**

इन सीटों पर एक हफ्ते के अंदर उम्मीदवारों के नाम की सूची जारी की जाएगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आशुतोष शर्मा ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं ने रूमित सिंह से इस बारे में पहले बात की थी और उनसे आग्रह किया कि वह इस सीट से चुनाव लड़ें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जो समर्थन 2021 के आंदोलन में रूमित सिंह को दिया था, वहीं समर्थन एक बार फिर उन्हें दें, ताकि वह लोगों के हकों के लिए लड़ाई संसद में लड़ सके।

### गायक गुरनाम भुल्लर नलवाड़ी मेले में मचाएंगे धमाल

**बिलासपुर।** बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी की सांस्कृतिक संध्या में पंजाब के सुप्रसिद्ध गायक गुरनाम भुल्लर आ रहे हैं। 23 मार्च की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में गुरनाम भुल्लर बतौर स्टार नाइट होंगे।

शुक्रवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर बकायदा वीडियो अपलोड करके लोगों को इस संध्या में आने का न्योता भी दिया है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर का राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 17 मार्च से शुरू होने जा रहा है। नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर से मेले के शुभारंभ को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, मेले में 20 मार्च से सांस्कृतिक संध्याएं शुरू हो जाएंगी, जिसमें पहली संध्या में 20 मार्च को पुलिस बैंड, 21 को पद्श्री अवॉर्ड सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खैर, 22 को हिमाचली नाइट और अंतिम सांस्कृतिक संध्या में गुरनाम भुल्लर होंगे। मेले की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं और प्रशासन का कहना है कि मेले में इस बार काफी नया कुछ देखने को मिलेगा।

# देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम : अनुराग

## घुमारवीं में युवाओं की नशा जागरूकता बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को नशा मुक्त, सुरक्षा युक्त अभियान के अंतर्गत घुमारवीं में युवाओं की नशा जागरुकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। बाइक रैली से पहले उन्होंने युवाओं में हेल्मेट वितरित किए।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। मगर ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ युवा साथी नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। ऐसे युवा देश के विकास में भी अपना कोई योगदान नहीं दे पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया है, ताकि युवा विकसित भारत निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इसी के दृष्टिगत नशा मुक्त, सुरक्षा युक्त अभियान शुरू किया गया है, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जा सके। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग, मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान भाजपा के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



घुमारवीं में युवाओं की नशा जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते अनुराग ठाकुर।

### 17 को अनुराग नयना देवी विस क्षेत्र के दौरे पर

**बिलासपुर।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एकदिवसीय श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आ रहे हैं। यह जानकारी देते हुए लोअर मंडल के अध्यक्ष बालकृष्ण ठाकुर, अपर मंडल के अध्यक्ष लेख राम ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रविवार सुबह श्री नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद 10 बजे स्वारघाट में कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। दोपहर एक बजे कोठीपुरा में अपर मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। प्रदेश के पूर्व में रहे शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### महिला हैंडबॉल टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

**घुमारवीं।** प्रदेश की वरिष्ठ महिला हैंडबॉल टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। 52वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता भारतीय हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में 16 से 20 मार्च तक दादर नगर हवेली में आयोजित होगी।

टीम का प्रशिक्षण शिविर सुंदरनगर के महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कॉलेज में संपन्न हुआ। हिमांशु गौतम को टीम कोच, सुमन और विवेक पठानिया को टीम का प्रबंधक नियुक्त किया गया है। कप्तान के रूप में टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी बिलासपुर की दिव्या को सौंपी गई है। मंडी की शिवानी नेगी को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम के प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. लोकेश शर्मा, प्रो. अनिल गुलेरिया, प्रो. सुरजीत, डॉ. धर्मेंद्र राणा, डॉ. संदीप नेगी, वरिष्ठ हैंडबॉल कोच अशोक शर्मा, हैंडबॉल कोच विजय कुमार ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

# खाद्यान्नों के 20 नमूने लिए गए

## जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक डीसी की अध्यक्षता में संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में आवश्यक वस्तुओं/पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता के साथ-साथ विभाग द्वारा कार्यानविन्त की जा रही विभिन्न योजनाओं व विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई, जिसके लिए ब्रिजेंद्र सिंह, जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, बिलासपुर द्वारा बैठक में अवगत करवाया गया कि जनवरी माह में 2024 से फरवरी तक कुल 60,977.49 क्विटल खाद्यान्न व 3,34,049 लीटर खाद्य तेल सामग्री विभिन्न श्रेणियों के 1,15,809 राशनकार्ड धारकों एवं 4,21,337 उपभोक्ताओं को 249 हिम सुविधा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किए गए। इस अवधि के दौरान जिले में खाद्यान्नों के कुल 20 नमूने लिए गए तथा विभिन्न विभागीय आदेशों के अंतर्गत कुल 281 निरीक्षण किए गए तथा अनियमितताएं पाए जाने वाले दोषियों से मूल्य 32.820.00 रुपए की राशि बतौर जुर्माना वसूल कर सरकारी कोष मे जमा करवाई गई। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत मीड-डे-मील प्रारंभिक शिक्षा विभाग व आईसीडीएस आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खाद्यान्नों के वितरण की भी पूर्ण समीक्षा की गई, जिले में राशनकार्ड में पंजीकृत समस्त उपभोक्ताओं की ई-केवाइसी का कार्य अबतक 82 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में विभाग द्वारा एक हिम सुविधा उचित मूल्य की दुकान, जिसके समस्त पूर्ण दस्तावेज/औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत खोलने के बारे भी निर्णय लिया गया तथा जिले में तीन नई उचित मूल्य की दुकानें खोलने को निर्णय लिया।



**सुविधा** — सरकार ने कुछ समय पहले कर दिया था डिनोटिफाई, स्थानीय लोगों की मांगों पर फिर से हुआ शुरू

# डंगार कॉलेज को फिर शुरू करने की नोटिफिकेशन जारी

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

श्री सरस्वती संस्कृत डिग्री कॉलेज डंगार एक बार फिर से संचालित कर दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा इस कॉलेज को कुछ समय पहले डिनोटिफाई कर दिया था। ऐसे में स्थानीय लोगों ने अपनी मांग को सरकार के समक्ष रखा और इस कॉलेज के महत्व और विद्यार्थियों को मिलने वाली मदद के बारे में अवगत करवाया।

इसी के साथ लोगों ने मंत्री राजेश धर्माणी के पास भी अपनी मांग को रखा था। अंतत: अब एक बार फिर से इस कॉलेज को संचालित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। श्री सरस्वती संस्कृत डिग्री कॉलेज डंगार-1981 से संचालित है। 1981 में रामनवमी के दिन डॉ. दीनानाथ ने इस कॉलेज की नींव रखी थी। डॉ. दीनानाथ ने शिक्षा विभाग से शास्त्री के पद पर संस्कृति कॉलेज डोहगी जिला ऊणा में नौकरी करते थे। अपने गृह क्षेत्र का नाम ऊंचा करने के लिए डॉक्टर दीनानाथ शर्मा शास्त्री पद से त्याग पत्र देकर स्थानीय मंदिर में कॉलेज शुरू किया था। वर्ष 1983 में प्रदेश विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त हुई थी। 1984 में इस कॉलेज में परीक्षा केंद्र बना। डॉक्टर दीनानाथ शर्मा व उस समय के स्थानीय पंचायत प्रधान स्वर्गीय लच्छू राम ने लोगों के घर-घर जाकर पैसे इकट्ठे किए थे और लगभग 10 कमरों की बिल्डिंग तैयार की थी और इस संस्कृत कॉलेज को खोला गया था। वर्ष 1985 से राज्य सरकार की तरफ से आंशिक अनुदान मिलना शुरू हुआ। 1987 से केंद्र सरकार से अनुदान मिलने लगा। जानकारी के अनुसार वर्तमान समय करीब 90 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। कॉलेज प्राचार्य प्रकाश चंद गौतम ने बताया कि कॉलेज को सरकार के अधीन करने की मांग लोगों द्वारा की जा रही थी। अब सरकार की देख-रेख में यह कॉलेज संचालित होगा। यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। डंगार पंचायत की प्रधान अनीता धीमान, उपप्रधान दीप सिंह पटियाल, व्यापार मंडल के प्रधान संदीप जसवाल, उपप्रधान राजकुमार, जगदीश सेठी, अभिषेक सेठी, कृष्ण चंद्र गुरुर, जागीर सिंह मेहता कॉलेज अध्यापक वर्ग डाक्टर संदीप पंडित, डॉ. धनीराम, डाक्टर रोशनलाल, शशि वाल, सुनील कुमार आदि ने सरकार का धन्यवाद किया।




### एम्स में विश्व ग्लूकोमा दिवस पर किया जागरूक

**बिलासपुर।** एम्स के नेत्र विज्ञान विभाग ने विश्व ग्लूकोमा दिवस मनाया। इस मौके पर चिकित्सकों ने जागरूकता भाषण दिया। इसके बाद एमबीबीएस छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों ने एम्स में आए लोगों को जागरूकता से संबंधित पर्चे वितरित किए गए। साथ ही आई ड्रॉप डालने का आदर्श तरीका भी समझाया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि 10 से 16 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। ग्लूकोमा मुक्त विश्व इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है। इस बीमारी का उपचार न किए जाने पर अपरिवर्तनीय अंधता हो सकती है। नेत्र रोग विशेषज्ञ की जांच और भी जरूरी हो जाती है जब रोगी 40 वर्ष और उससे अधिक का हो। लंबे कॉर्टिकोस्टेरॉइड का उपयोग, बार-बार चश्मा बदलने, कभी-कभी सिरदर्द और आंखों पर दबाव पड़ने से इस बीमारी की संभावना बढ़ जाती है।

# परीक्षित व रिद्धिमा का सबजूनियर कोर्फबाल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, दधोल**





दधोल स्कूल के परीक्षित भारद्वाज का चयन राष्ट्रीय सबजूनियर अंडर-14 कोर्फबाल प्रतियोगिता में हुआ है।

यह प्रतियोगिता आगरा में 17 से 20 मार्च तक आयोजित होगी। दधोल स्कूल के शारीरिक प्राध्यापक अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि परीक्षित गांव सेऊ के निवासी हैं और इनके पिता रामस्वरूप भारद्वाज प्रदेश पथ परिवहन में ड्राइवर हैं और माता गृहिणी हैं। रामस्वरूप अच्छे बास्केटबॉल खिलाड़ी भी रह चुके हैं। इसके इलावा इस क्षेत्र से रिद्धिमा जस्वाल पुत्री संदीप का चयन भी इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कि डीएवी घुमारवीं की छात्रा हैं। यह जानकारी देते हुए पाठशाला प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने कहा कि यह पाठशाला एवं इस क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरव और हर्ष की बात है कि बच्चे खेल के क्षेत्र मे आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि आज का युवा नशे की तरफ अपने कदम बड़ा रहा है मगर इस क्षेत्र के बच्चों ने खेल के क्षेत्र को अपना भविष्य चुना है। आगे चलकर ये बच्चे खेलों में देश का प्रतिनिधित्व भी कर सकते हैं। यह बहुत ही गौरव की बात है कि दधोल पाठशाला से बच्चे निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**यह प्रतियोगिता आगरा में 17 से 20 तक होगी आयोजित**

## न्यूज ब्रीफ

### ईशा मिस व ऋतिक बने मिस्टर फेयरवेल



डीएवी कॉलेज कोटखाई में फेयरवेल पार्टी के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

**रोहड़ू।** डीएवी कॉलेज कोटखाई में फेयरवेल पार्टी का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य रंधिर चौहान एवं उनके साथ आए हुए कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनका डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार जिस्टू ने टोपी व शॉल पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वाति द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। उसके बाद कॉलेज के प्राचार्य ने मुख्यातिथियों के पधारने पर स्वागत एवं धन्यवाद किया। कार्यक्रम की गतिविधियों को गैस द टाइटल गेम के साथ शुरू किया गया। उसके बाद मोडलिंग रॉउंड करवाया गया, जिसमें छात्रों ने अपने तीन वर्षों का अनुभव सभी के साथ साझा किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुख्यातिथि ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, साथ ही आधुनिक युग की चुनौतियों के बारे में बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत मे ईशा को मिस फेयरवेल व ऋतिक को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

### गुणसा, ढलेवना पहुंची ग्राम परिक्रमा यात्रा



भाजपा किसान मोर्चा की गांव में परिक्रमा यात्रा निकलते कार्यकर्ता।

**नेरवा/चौपाल।** भाजपा किसान मोर्चा की ग्राम परिक्रमा यात्रा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक पनाइक की अगुआई में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के गुनसा, ढलेवना गांव में पहुंची और लोगों को मोदी सरकार की किसान संबंधी सभी योजनाओं से अवगत करवाया गया। यात्रा में किसान प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा के सदस्य विनोद झगटा, भाजपा मंडल महामंत्री गुलाब राणा, जिला सचिव किसान मोर्चा शिवपाल शर्मा, मंडल कार्यालय सचिव सुरेश शर्मा, पूर्व सैनिक मस्तराम वर्मा आदि उपस्थित रहे। दीपक पनाइक ने बताया कि प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा की ओर से प्रदेश के सभी गांव में परिक्रमा यात्रा निकाल कर मोदी सरकार की किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया जाएगा।

### छात्रों को रोड सेफ्टी के प्रति किया जागरूक

**शिमला।** शिमला के संजौली कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डीएसपी दुष्यंत सरपाल रोड सेफ्टी सेल परिवहन निर्देशालय मौजूद रहे। डीएसपी ने अपने व्याख्यान में विभिन्न पहलुओं जैसे दुर्घटना परिदृश्य, दुर्घटनाओं के घातक परिणाम इत्यादि प्रदेश और विभिन्न जिलों के आकड़ों को पेश कर छात्रों को रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक किया। शिमला, मंडी और कांगड़ा में सड़क दुर्घटनाएं अन्य जिलों की अपेक्षा अधिक है। दुर्घटना की गंभीरता को मध्य नजर रखते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि किन्नौर सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र है। दुर्घटना के मुख्य कारण तेज रफ्तार, लापरवाही, नशे में धुत होकर गाड़ी चलाना, ओवरटेकिंग इत्यादि है।

### भाजपा कार्यकर्ता सुरेश कांग्रेस में हुए शामिल

**रोहड़ू।** नावर क्षेत्र की कडीवन पंचायत से भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश नेगी ने पूरे परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

### दो छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन

**जुन्गा।** बीते दिनों गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की ऐथलीट प्रतियोगिता में एचडी पब्लिक स्कूल जनेडघाट की दो छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करके स्कूल और प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य एम हसन ने बताया कि अहमदाबाद में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की ऐथलीट प्रतियोगिता में पूरे देश से करीब छह हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय स्तर की ऐथलीट प्रतियोगिता में तारिका वर्मा ने 60 मीटर की दौड़ में 16 वां स्थान प्राप्त किया था, जबकि सोनाक्षी ठाकुर ने गोला फेंक प्रतियोगिता में 64 वां स्थान प्राप्त किया।

### चौपाल-जुब्बल बस अब वाया चौकिया चलेगी

**नेरवा/चौपाल।** चौपाल से वाया धबास चलने वाली चौपाल-जुब्बल बस अब वाया चौकिया चलेगी। लोगों की मांग पर अब इस बस का रुट बदल कर वाया चौकिया-लिंगाह चलाया जा रहा है। एक सप्ताह से ज्यादा समय तक बड़े वाहनों के लिए बंद चौपाल-चौकिया-झिक्नीपुल मार्ग वीरवार को यातायात के लिए बहाल हो गया है, बता दें कि यह मार्ग सदरौना में सड़क धंसने की वजह से पिछले एक सप्ताह से इस मार्ग पर बस सेवा बंद थी। अड्डा प्रभारी हिमाचल परिवहन डिपो चौपाल हीरालाल गाजटा ने कहा कि इस मार्ग पर सभी बसें सुचारू रूप से चल रही हैं। इस मार्ग पर वीरवार से चौपाल-जुब्बल बस सेवा भी शुरू की गई है। यह बस चौपाल से सुबह साढ़े छह बजे वाया झिकनीपुल-लिंगाह जाएगी।

### बिजली ट्रांसफार्मर के लिए रोहित का जताया आभार

**रोहड़ू।** कोटखाई तहसील की शिली पंचायत (देवरी-खनेटी) के बैली वासियों ने 63केवी बिजली का ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार जताया है। बैली ग्रामीण वासियों ने संयुक्त बयान में कहा कि ग्रामीणों की मांग पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से मात्र पांच दिन के भीतर 63-केवी का ट्रांसफार्मर लगना संभव हुआ है। 63-केवी के ट्रांसफार्मर लगने से बिजली की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### मानवीय अतिक्रमण से जैव विविधता हो रही नष्ट

**शिमला।** शिमला के सैंज और ठियोग में शुक्रवार को जैव-विविधता संरक्षण पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 किसानों एवं ठियोग वन मंडल के 10 वन कर्मियों ने भाग लिया। हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि मानवीय अतिक्रमण से जैव विविधता का ह्रास हो रहा है। इस जागरूकता कार्यक्रम से वन कर्मी एवं किसानों को जैव-विविधता संरक्षण एवं इसका वैज्ञानिक प्रबंधन, जल सरंक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिससे कि भविष्य में जैव-विविधता सुरक्षित रखने तथा पानी के स्रोतों का पुनर्जीवन भी सुनिश्चित कर सकते हैं। विकास तो जरूरी है, परंतु विकास और संतुलित रूप से होना चाहिए, ताकि प्रकृति के हर तंत्र को संतुलित रखा जा सके।

# बागी विधायकों को कौन कर रहा नियंत्रित : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र को 165 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आगामी लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि जो राजनीतिक दल एवं लोग लोकतंत्र की मर्यादाओं का हनन कर लोकतांत्रिक प्रणाली को धन-बल के प्रयोग से कमजोर कर रहे हैं, उन्हें लोकतंत्र के महापर्व पर करारा जवाब दें।

लोकसभा चुनाव में लोकतांत्रिक हथकंडे अपना रहे ऐसे सभी दलों एवं लोगों को करारा सबक सिखाएं। मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को जिला शिमला के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सराहन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंद्रह-बीस क्षेत्र में उपतहसील खोलने, ननखड़ी में बस स्टैंड के निर्माण तथा शॉपिंग कांप्लेक्स के निर्माण, नलाटी स्टेडियम का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नाम से करने, रामपुर में पार्किंग के निर्माण, किन्नू स्कूल का नामकरण शहीद पवन धंगल के नाम से करने, बड़ावली में आईटीआई खोलने तथा सरपारा झील के विकास के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार के खिलाफ वोट करने वाले बागी विधायकों की पार्टी विरोधी गतिविधियों पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि उन्हें कौन नियंत्रित कर रहा है? धन-बल से लोकतंत्र की हत्या करने वालो के कारनामे जग जाहिर हुए हैं। उनके मनसूबे हिमाचल जैसे शांतिप्रिय प्रदेश में कभी सफल नहीं होंगे क्योंकि यहां की जनता कभी भी अपना इमान नहीं बेचेगी।



सुखविंद्र सिंह सुक्खू रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 165 करोड़ रुपए के विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण करते हुए।

### महिलाओं के सशक्तिकरण को विशेष अधिमान

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के लगभग 100 करोड़ रुपए के विकास कार्य जनता को समर्पित किए हैं। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग का कल्याण सुनिश्चित कर रही है तथा महिलाओं के सशक्तिकरण को विशेष अधिमान दिया जा रहा है। पांचवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष व विधायक नंद लाल ने क्षेत्र में 165 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### 25 परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास

सुक्खू ने शिमला के रामपुर में 165 करोड़ रुपए की 25 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 9.54 करोड़ से एमजीएमएससी खनेरी के ट्रॉमा केंद्र, 6.95 करोड़ से निर्मित स्नातकोतर कॉलेज रामपुर के विज्ञान खंड, 9.85 करोड़ से निर्मित खेल परिसर दत्तनगर आदि कार्यों का लोकार्पण किया।

### हिमाचलवासी सदैव सच का देते साथ

हिमाचलवासी सदैव सच और ईमानदारी का साथ देते हैं। इस अवसर पर राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र, जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा, पंचायत समिति अध्यक्ष आशीष, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव विकेश चौहान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ग्लेशियर की चपेट में आने से कई बागवानों के सेब बगीचों को नुकसान

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ


मार्च में भारी बर्फबारी के चलते जगह-जगह भारी ग्लेशियर आने से सुन्नम गांव के बहुत से बागवानों के सेब के बगीचे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

उपप्रधान सुन्नम जीता नेगी ने कहा कि हॉर्टिकल्चर विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर नुकासन का जायजा लिया। क्षेत्र के करीब नौ किसानों के बगीचे पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। विभाग की तरफ से आए कर्मचारियों ने भी मौका देखकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट बनाई हैं, जिन किसानों के बगीचों को पूरी तरह से नष्ट हुए उनमें शमशेर सिंह, करतार सिंह, लोबू राम, छिमु, दोरजे, राकेश, इनु, छेरिंग मेडुप और कुंजग शामिल हैं। इसके अलावा आंशिक रूप से गांव के अधिकतर किसानों का नुकसान हुआ है। रोपा वैली में दिसंबर और जनवरी में ज्यादा बर्फबारी होती थी, लेकिन लगातार पर्यावरण में बदलाव के चलते अब मार्च में ज्यादा बर्फबारी हो रही है, जिसके चलते हर साल किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिन लोगों का नुकसान हुआ है उनमें अधिकतर सभी बीपीएल परिवार से संबंध रखते हैं और उनके पास एकमात्र वही बगीचा था। (अनंत ज्ञान)



ग्लेशियर से सेब के पौधे क्षतिग्रस्त।

चहलकदमी...



शिमला के रिज मैदान पर शुक्रवार को चहलकदमी करते पर्यटक। (फोटो-प्रदीप कुमार)

### विक्रमादित्य आज तारादेवी, धरोगड़ा के प्रवास पर होंगे

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह शनिवार को जिले के तारादेवी व धरोगड़ा के प्रवास पर होंगे। तारा देवी में वह प्रदेश लोक निर्माण विभाग की नई मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद पंचायत धरोगड़ा के संदोआ पहुंच कर राजकीय उच्च विद्यालय संदोआ के नए भवन, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र संदोआ के नए भवन, धनपाड़ से पलगेड संपर्क मार्ग, लंबीधार से सरिया, डुमेहर नाला से हरिजन बस्ती डुमेहर, पिपलुघाट से परगेना, कडारघाट से गानवी, पिपलुघाट से ग्रोन, डीजीबीआर से मंजेलु, डीजीबीआर से बरोटा , बनूना से सोंटा कुंड गानवी, शरेवाला से थाच तथा शरेवाला से बराल संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

### 1500 महिलाओं के सशक्तिकरण में होंगे सहायक : डीसी

**रिकांगपिओ।** जिले की पात्र महिलाएं इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के लिए आवेदन कर सकती हैं। रिकांगपिओ में पत्रकार वार्ता करते हुए उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के सरंक्षण में महिलाओं का अहम योगदान है। यह योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक होगी, जिससे वह परिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी का सार्थक निर्वहन कर सकें। पात्र महिलाएं ऑफलाइन ही आवेदन कर सकती हैं। सरकार ने ऑनलाइन आवेदन की सुविधा नहीं दी है। बौद्ध मठो में स्थायी रूप से रहने वाली बौद्ध भिक्षुणियों जोमो भी इस के पात्र होंगें। डीसी ने कहा कि परिवार का डिफिनेशन 31 मार्च 2023 से पहले परिवार रजिस्टर में दर्ज परिवार की परिधि में आएंगे। केंद्र, राज्य सरकार के कर्मचारी, पेंशनर्स, अनुबंध, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालिक आदि वर्ग के कर्मचारी, सेवारत, भूतपूर्व सैनिक व सैनिक विधवाएं, मानदेय प्राप्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स, मिड-डे मील वर्कर्स, मल्टी टास्क वर्कर्स, सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी, वस्तु एवं सेवाकर के लिए पंजीकृत व्यक्ति तथा आय करदाता पात्र नहीं होंगे।



## पांगी को प्राकृतिक खेती में परिवर्तित करने के लिए किए जाएंगे प्रयास : नेगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में प्राकृतिक खेती को लेकर की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर शुक्रवार को कृषि भवन बालूगंज में एक बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में जिले के परियोजना निदेशकों ने भाग लिया। राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने की तैयारियों और आगामी वित्त वर्ष में योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना 31 मार्च से पहले तैयार करके भेजने के निर्देश दिए। हेमिस नेगी ने कहा कि इस वर्ष लाहौल-स्पीति जिले के काजा क्षेत्र और चंबा जिले के पांगी क्षेत्र को पूरी तरह से प्राकृतिक खेती में परिवर्तित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इन स्थानों पर उगने वाले फल, सब्जियों और अनाजों के विपणन के लिए भी उचित प्रबंध किए जाएंगे। इस वर्ष राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना के तहत किसान-बागवानों को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक तौर से सशक्त बनाने का काम भी किया जाएगा।



प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के निदेशक हेमिस नेगी बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## कोटखाई क्यारी एवं खनेटी सड़क की दुर्दशा चिंतनीय

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

कोटखाई से क्यारी, खनेटी सड़क की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों में महेंद्र नेक्टा, प्रकाश रौंटा, राकेश डोगरा, सुशांत बसौली, रिंकू घालटा, ईशान, विपुल, चेतन, सौरव, पवन चेंटा, प्रीतम चौहान, राहुल रेकटा, सुनील बेक्टा व सतिंद्र बरागटा ने कहा कि कोटखाई खनेटी, क्यारी सड़क कि हालात बद से बदतर हो गई है।

आए दिन इस सड़क पर सैकड़ों वाहन की आवाजाही रहती है। सड़क की दुर्दशा पर सरकार व लोक निर्माण विभाग की ओर से कोई सुध नहीं ली जा रही है। स्थानीय लोगों को सड़क खराब होने से आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इस सड़क को तुरंत दुरस्त करने की दिशा में सरकार व लोक निर्माण विभाग उचित कदम उठाएं। अन्यथा स्थानीय लोग संयुक्त रूप में इस सड़क को दुरुस्त करने को लेकर धरना-प्रदर्शन करने में भी गुरेज नही करेंगे।



## शिमला शहर में शुरू हुई होली की तैयारियां, सजे बाजार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला में होली की तैयारी शुरू हो चुकी हैं। रंगों के त्योहार होली के लिए शिमला का बाजार सजने लगा है। शिमला का लोअर बाजार रंगों से महक उठा है।

बाजार में लोगों को आकर्षित करने के लिए अनेक प्रकार के रंग लगाए गए हैं। इस बार होली का त्योहार 25 मार्च को मनाया जाता है। होली के दिन लोग एक-दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाते हैं और गले-शिकवे भुलकर गले मिलते हैं। लोअर बाजार सुंदर पंसारी की दुकान पर इस बार कई प्रकार के नए हर्बल के रंग आए हैं। शहर में बड़ी धूमधाम के साथ होली मनाई जाएगी। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होली के एक दिन पहले ही होली मना लेते हैं। होली के दिन घर में परिवार के साथ पर्व मनाते हैं। हिरण्य कश्यप के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर कई। किंतु भगवान विष्णु की कृपा से तब भी भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन होने लगा व ये त्योहार मनाया जाने लगा।




शिमला शहर में होली के लिए सजी दुकानें।

### शहर में धूमधाम से मनाया जाता है होली का पर्व

शिमला के विभिन्न क्षेत्रों में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। संजौली, गंज बाजार, राम बाजार, प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आसपास के लोग रंगों के त्योहार को मनाने के लिए साथ आते हैं। इसके लिए बाजारों में भी रंगों को इस त्योहार में लोगों की मांग को पूरा करने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी हैं।

### बाहरी राज्यों से मंगवाए गए होली के रंग

हर्बल रंग राजस्थान, जयपुर और दिल्ली से मंगवाए गए हैं। इस त्योहार को मनाने के लिए बच्चों, युवा से लेकर बुजुर्ग लोग बहुत ज्यादा इंतजार करते हैं। यह रंग स्किन को खराब नहीं करते और जल्द निकल भी जाते हैं। एक रंग का पैकेट अभी बाजार में 20 रुपए का बेचा जा रहा है।

### बाजार में बच्चों के लिए आई पिचकारी

शिमला के बाजार में बच्चों के लिए होली पर्व के लिए पिचकारियां आ चुकी हैं। इस बार बच्चों के मन पसंदीदा कार्टून वाली जैसे स्पाइडर मैन, छोटा भीम, पिकाचू और अन्य कार्टून वाली पिचकारी बाजार में लगाई हैं। इनके शुरुआती दाम 50 से 800 तक अंतिम दाम हैं।

**तैयारी** फ्लाईओवर बनाने के काम में तेजी, 25 करोड़ से किया जा रहा काम, लंबे समय से लटका हुआ था प्रोजेक्ट

## रेलवे की हरी झंडी: फ्लाईओवर का काम शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला में फ्लाईओवर बनाने का कार्य शुरू हो गया है। विधानसभा से विक्ट्री टनल तक फ्लाईओवर बनाया जाएगा। यह लंबे समय से अटका हुआ था, जिसमें अब रेलवे की क्लीयरेंस के बाद इसे शुरू कर दिया गया है। यह फ्लाईओवर करीब 25 करोड़ की लागत से बन कर तैयार होगा और इसकी लंबाई 220 मीटर होगी। शहर में बनने वाला यह पहला फ्लाईओवर होगा और आने वाले समय में शिमला के अन्य क्षेत्रों में भी फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। लोगों की सहूलियत के लिए यह बनाया जा रहा है। काफी समय से इसे बनाने की योजना बनाई जा रही थी।



फ्लाइओवर का काम।

शिमला शहर में फ्लाईओवर का काम शुरू हो चुका है। उम्मीद है कि लोगों को जल्द से जल्द इसकी सुविधा मिले। इसके अलावा खलिनी में भी फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। लोगों को जाम से निजात मिले, इसलिए भी इसका निर्माण किया जा रहा है। **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

### खलिनी में भी बनेगा फ्लाईओवर

शिमला में विधानसभा के बाद अब खलीनी में भी फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव है। खलीनी में भी अक्सर जाम देखने को मिलता है। लोगों को जाम से निजात दिलवाने के लिए खलीनी में भी आने वाले समय में फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इसके अलावा शहर में ऐसे बहुत से चौक और क्रॉसिंग हैं, जहां अक्सर जाम लगा रहता है और लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है आने वाले समय में इन सभी स्थानों में जाम से निपटारे के लिए फ्लाईओवर बनाए जाए।

### जाम से मिल सकती है निजात

फ्लाईओवर बनने से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। फ्लाईओवर का कार्य लगभग एक वर्ष में पूरा होना संभावित है। शिमला में लोगों को जाम से निजात दिलवाने के लिए विधानसभा से विक्ट्री टनल तक फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। शिमला में कई ऐसे चौक या क्रॉसिंग हैं, जहां अक्सर जाम लगा रहता है और लोगों को अपने काम में पहुंचने में देरी होती है। इन सभी स्थानों में आने वाले समय में फ्लाईओवर बनाए जा सकते हैं।

## अत्याधुनिक तकनीक जटिल कैंसर से पीड़ित रोगियों में जगाई आशा की किरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मोहाली में फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट के ऑन्को-सर्जरी विभाग ने कैंसर के इलाज में क्रांति ला दी है, जिसमें कई रोगियों का अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से सफलतापूर्वक इलाज किया गया है।

पहले मामले में फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रोबोट-एडेड सर्जरी के कंस्लटेंट डॉ. जितेंदर रोहिला के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने हाल ही में रेडिकल कोलन कैंसर सर्जरी के माध्यम से स्थानीय रूप से एडवांस्ड कोलन कैंसर (बड़ी आंत) से पीड़ित एक 80 वर्षीय महिला का इलाज किया, कोलन कैंसर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट का एक कैंसर है, जो बड़ी आंत के दाहिने कोलन, ट्रांसवर्स कोलन और बाईं ओर के कोलन में उत्पन्न होता है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. जितेंदर ने कहा कि रोगी को पिछले छह महीनों से सामान्य कमजोरी, एनीमिया, वजन में कमी, पेट में फैलाव के साथ मल त्यागने में कठिनाई और मल में खून आ रहा था। राहत न मिलने पर उन्होंने फोर्टिस मोहाली में डॉ. जितेंदर रोहिला से सलाह ली, जहां पीईटी सीटी स्कैन में छोटी आंत (डुओडेनम डी दो-डी तीन जंक्शन) से जुड़े कोलन के दाहिने तरफ से एक बड़ा द्रव्यमान दिखाई दिया, जो स्थानीय रूप से एडवांस्ड (टी 4) कोलन कैंसर का संकेत देता है, जबकि कोलोनोस्कोपिक बायोप्सी एडेनोकार्सिनोमा का संकेत दे रही थी। एडेनोकार्सिनोमा कैंसर का एक रूप है जो फेफड़ों, कोलन या यहां तक कि स्तनों जैसे अंगों के अंदर म्यूकस ग्रंथियों में उत्पन्न होता है।



दोनों रोगियों के सफलतापूर्वक इलाज के बाद खड़े डॉक्टर व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### पेरिस ओलंपिक में प्रदर्शन में निरंतरता होगी सफलता की कुंजी : श्रीजेश




**दिल्ली।** वर्षों बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओलंपिक में पदक विजेता के रूप में उतरेगी और अपेक्षाओं के दबाव को ऊर्जा का स्रोत मानने वाले अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा कि टीम का फोकस प्रदर्शन में निरंतरता पर है जो ओलंपिक में कामयाबी की कुंजी साबित होता है। श्रीजेश ने भुवनेश्वर से भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा, ''पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है। इस बार हमारे पास पदक है और अपेक्षाएं बढ़ गई है और हमने उसके बाद से अच्छा प्रदर्शन भी किया है। यह सकारात्मक दबाव है और याद दिलाता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं।'' अपने कैरियर में 16 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके पद्मश्री श्रीजेश ने कहा, ''दबाव ओलंपिक का हिस्सा है लेकिन हम उसे सकारात्मक लेकर ऊर्जा का स्रोत के रूप में इस्तेमाल करते हैं।''

### यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपस

**मुंबई।** भारत के महान टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बन गई और आगामी चरण में



अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम को अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के नाम से पुकारा जाएगा। टीम जयपुर पैट्रियट्स के साथ पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के तत्वाधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रोमोट की जाने वाली फ्रेंचाइजी आधारित लीग के जुलाई 2023 में सफल आयोजन के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई। कई बार के ग्रैंडस्लम चैंपियन भूपति एसजीएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी है और एसजीएसई का ध्यान खेल प्रतिभाओं के समर्थन और पोषण पर लगा है। कंपनी पहले से ही शतरंज और टेनिस लीग का हिस्सा रही है और अब टेबल टेनिस के विकास में भी योगदान देगी। भूपति ने एक बयान में कहा, ''यूटीटी देश की प्रमुख टेबल टेनिस प्रतियोगिता है जिसमें एलीट स्तर पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन देखने को मिलता है। हम उत्साहित हैं कि हमें भी इसमें हिस्सा लेने का मौका मिला है।''

### मंडी के नवीन बने हिमाचल कुमार व अंकुश को मंडी कुमार का खिताब

**मंडी ।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जी. शिव कुमार पुलिस उप महानिरीक्षक, मध्य खंड मंडी रहे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कुश्ती के शिवरात्रि भारत केसरी (खुली श्रेणी) में दीपक कुमार हमीरपुर विजेता व विकास रोहतक उप विजेता रहे। हिमाचल कुमार अंडर 21 वर्ग में नवीन मंडी विजेता व निशांत चंदेल बिलासपुर उप विजेता रहे। अंडर 19 वर्ग में मंडी कुमार में अंकुश ठाकुर सुंदरनगर विजेता व मोहित कंसा चौक अखाड़ा उप विजेता रहे। महिला महाशिवरात्रि केसरी (खुली श्रैणी) में कृतिका जंवाल हमीरपुर विजेता व सोनिका बिलासपुर उप विजेता रही।

### राजकुमार चब्बेवाल ने पार्टी छोड़ी आप में हो सकते हैं शामिल

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक झटका लगा है क्योंकि पार्टी के वरिष्ठ विधायक राजकुमार चब्बेवाल ने शुक्रवार को पार्टी छोड़ दी और उनके पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने की संभावना है। चब्बेवाल (54) होशियारपुर जिले के चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज कांग्रेस और पंजाब विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पत्र में लिखा है, 'मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा देता हूं।' हालांकि, उन्होंने पार्टी छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया। सूत्रों ने कहा कि चब्बेवाल के 'आप' में शामिल होने की संभावना है, जो उन्हें होशियारपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतार सकती है।



# वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

## टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल और फाइनल के लिए होगा 'रिजर्व-डे

**एजेंसी, दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अभी प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को आगामी टी-20 विश्व कप 2024 से सभी पूर्णकालिक सदस्यों के वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने 'स्टॉप क्लॉक' नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और अभी इसे इस्तेमाल किया जा रहा है जिसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने अपनी सालाना बोर्ड बैठक के बाद एक बयान में कहा, 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वैस्ट इंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा।''

बयान के अनुसार, ''ट्रायल अप्रैल 2024 तक किया जाना था लेकिन इस ट्रायल के नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं।'' नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी एक 'इलेक्ट्रोनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जायेंगी और इसके बाद के उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा।




आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद्द कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने की स्थिति में मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण समय खराब हुआ हो।

आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) दिन को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। पर 'नॉकआउट' मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी।

# सीएसके में वापसी से उत्साहित हैं शार्दुल

**एजेंसी, मुंबई**

▶ कहा, माही भाई से सीखने को बेकरार हूं

भारत के आल राउंडर शार्दुल ठाकुर हाल में मुंबई के साथ रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद लगाये हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं रहा था।

शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके टीम का हिस्सा रहे थे जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली कैपिटल्स और 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें चार करोड़ रुपए में खरीदा गया। शार्दुल ने एक साक्षात्कार में पीटीआई वीडियो से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा।'' वह पिछले सत्र में 11



आईपीएल मैच में महज सात विकेट ही झटक सके थे और बल्ले से 14.13 के औसत से रन जुटा पाए थे। ठाकुर के अलावा इस सत्र में सीएसके में युवा समीर रिज्वी, न्यूजीलैंड के आल राउंडर डेरिल मिचेल और रचिन रविंद्र भी शामिल होंगे।

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे मैथ्यू वेड

**एजेंसी, होबार्ट**

आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल यहां 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा।



इस मैच के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए गुजरात टाइटंस से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह आईपीएल के पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही पड़ रहा है। वेड ने आस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में चार शतक से 29.87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं। वेड ने एक बयान में कहा, ''लाल गेंद का क्रिकेट हमेशा ही मेरे लिए शीर्ष और पसंदीदा प्रारूप रहा है। मैंने लंबे प्रारूप की चुनौतियों का पूरा लुत्फ उठाया है, हालांकि मैं आस्ट्रेलियाई जर्सी में सफेद गेंद का क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।''

## मुल्तान सुल्तांस ने पेशावर जाल्मी को हराया

**एजेंसी, कराची**

मुल्तान सुल्तांस ने एकतरफा क्वालीफायर में पेशावर जाल्मी को सात विकेट से हराकर लगातार चौथे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) फाइनल में प्रवेश किया। मुल्तान सुल्तांस ने 2021 में पीएसएल खिताब जीता था, लेकिन पिछले दो चरण में उसे फाइनल में लाहौर कलंदर्स से हार मिली थी।

बाबर आजम की अगुआई वाली पेशावर जाल्मी को सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा जब वह इस्लामाबाद यूनाइटेड और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बीच शनिवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता से भिड़ेगी। मुल्तान सुल्तांस ने पेशावर जाल्मी को सात विकेट पर 146 रन ही बनाने दिए। फिर उसने सलामी बल्लेबाज यासिर खान (54 रन) और फॉर्म में चल रहे उस्मान खान (नाबाद 36 रन) की बदौलत 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 147 रन बनाकर जीत हासिल की।




मुल्तान सुल्तांस के खिलाड़ी विकेट लेने के बाद खुशी मनाते हुए।

## अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में सिनर से भिड़ेंगे

**इंडियन वेल्स ( अमेरिका )।** कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के हमले के कारण करीब दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वीरवार को मुकाबले के दौरान अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे अल्काराज खुद को बचाते हुए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां 'स्पाइडर कैमरे' पर चिपक गईं और उन्हें 'वैक्यूम' से हटाया गया। बाद में कोर्ट के करीब दीवारों और सीट पर स्प्रे बोटल का इस्तेमाल किया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को 6-3 6-3 से हराकर इस साल लगातार 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा।



## भारतीय रेल ने माल ढुलाई में 1500 मिलियन टन का आंकड़ा किया पार

**एजेंसी, प्रयागराज**

भारतीय रेल वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल ढुलाई व्यवसाय, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने की राह पर है। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार भारतीय रेल ने आज 15 मार्च को 1500 मिलियन टन की मूल माल ढुलाई को पार कर लिया है।




यह जानकारी वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले, भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1512 मिलियन टन की अब तक की सबसे अच्छी माल ढुलाई की थी। इस वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे का कुल राजस्व अब तक 2.40 लाख करोड़ रुपए है। पिछले वर्ष 15 मार्च को कुल राजस्व 2.23 लाख करोड़ रुपए था। इसमें 17000 करोड़ की वृद्धि हुई। इस वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपए है।

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या 648 करोड़ है। जारी वित्तीय वर्ष में अब तक भारतीय रेल द्वारा 5100 किलोमीटर नई ट्रैक बिछाई गई है। इस वित्त वर्ष में औसत दैनिक ट्रैक प्रतिदिन 14 किलोमीटर से अधिक है।

## अमिताभ बच्चन की एंजियोप्लास्टी हुई

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की एंजियोप्लास्टी हुई है। 81 साल के बिग बी को शुक्रवार सुबह छह बजे भारी सिक्योरिटी के बीच मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती किया गया था। इसी बीच बिग बी ने एक ट्वीट कर सर्जरी के बाद शुभचिंतकों का आभार जताया है। 2018 की फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में एक एक्शन सीन करते समय उन्हें कंधे पर चोट आई थी। हालांकि यह चोट गंभीर नहीं थी। उन्हें बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई, लेकिन उन्होंने यह सीन खुद करना तय किया। 2022 में कौन बनेगा करोड़पति 14 की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन के पैर की नस एक मेटल के टुकड़े से कट गई थी।



## सीएए पर अमेरिका के बयान को भारत ने बताया अनावश्यक और बेतुका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर अमेरिका के बयान को खारिज करते हुए कहा है कि यह आनवश्यक, गलत सूचनाओं पर आधारित और बेतुका बयान है। संकट में फंसे लोगों की मदद करने के लिए उठाए गए इस प्रशंसनीय कदम को वोट बैंक की राजनीति के चश्मे से देखते हुए आलोचना नहीं की जानी चाहिए।




विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं और इस क्षेत्र में विभाजन के इतिहास के बारे में सीमित जानकारी है, उन्हें उपदेश नहीं देने चाहिए। भारत के सहयोगी और शुभचिंतकों को अच्छी मंशा से उठाए गए इस कदम का स्वागत करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सीएए कानून पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि उनका देश इस कानून को लेकर चिंतित है, वह इस कानून के क्रियान्वयन पर नजदीकी से नजर बनाए रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता और सभी के साथ समान व्यवहार का सम्मान किया जाना मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांतों का तकाजा है।

### आबकारी नीति 'घोटाला'

## बीआरएस नेता कविता को ईडी ने किया गिरफ्तार

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को गिरफ्तार कर लिया। संघीय एजेंसी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है।



## केजरीवाल को सेशंस कोर्ट से नहीं मिली राहत, 16 मार्च को पेश होने का आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं मिली है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने केजरीवाल को कल 16 मार्च को एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। आज सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने से पहले अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 197 के तहत अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने दूसरा समन जारी करने के पहले केजरीवाल के पहले समन जारी होने के समय के जवाब पर गौर नहीं किया। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा था कि पेश होने के ठीक पहले याचिका दायर की गई है।



## ममता बनर्जी की हालत स्थिर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालत स्थिर है। राज्य प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि ममता बनर्जी को रात में अच्छी नींद आई। ममता वीरवार शाम को कालीघाट स्थित अपने आवास में गिर गई थी जिस कारण उनके माथे और नाक पर गंभीर चोट लग गई थी। इसके बाद उन्हें एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें कुछ टांके लगाए गए और उनकी चिकित्सकीय जांच की गई। बाद में चिकित्सकों ने उन्हें छुट्टी दे दी। सेठ सुखलाल करनानी मेमोरियल अस्पताल के निदेशक मणिमोय बंद्योपाध्याय ने कहा कि उनके सिर पर चोट लगी थी और उनके माथे एवं नाक पर गहरी चोट थी जिससे काफी खून बह रहा था। उनके माथे पर तीन और नाक पर एक टांका लगाया गया तथा आवश्यकतानुसार पट्टी की गई।



## अफगानिस्तान-पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**




राजधानी में नागरिकता कानून (सीएए) पर घमासान जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के बाद दिल्ली में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू बेहद आक्रोशित हैं। शुक्रवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

दिल्ली में रह रहे हिंदू शरणार्थियों ने अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस मुख्यालय के बाहर भारी पुलिस बल भी तैनात था जो हिंदू शरणार्थियों को बीच में ही रोक रहा था, हालांकि हिंदू शरणार्थी लगातार कांग्रेस और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नजर आए।

उल्लेखनीय है कि वीरवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हिंदू शरणार्थियों को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला था और कहा था कि भारत में लोगों के पास रोजगार नहीं है बाहर से लोगों को देश के अंदर क्यों बसा रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि इन पाकिस्तानियों की इतनी हिम्मत? पहले हमारे देश में गैर-कानूनी तरीके से घुसपैठ की, हमारे देश का कानून तोड़ा इन्हें जेल में होना चाहिए था, इनकी इतनी हिम्मत हो गई कि हमारे देश में प्रदर्शन और हुडदंग कर रहे हैं? सीएए आने के बाद पूरे देश में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी फैल जाएंगे और लोगों को परेशान करेंगे, भाजपा इन्हें अपना वोट बैंक बनाने के स्वार्थ में पूरे देश को परेशानी में धकेल रही है।

### हम आतंकी नहीं : हिंदू शरणार्थी

**पाकिस्तान** से आए हिंदू शरणार्थियों का कहना है कि जब हमें नागरिकता मिल रही है तो विपक्ष के लोगों को क्यों परेशानी हो रही है, ये लोग कहते हैं कि हम लोग आतंकवादी हैं हम लोग असमाजिक तत्व हैं लेकिन हम लोग दिल्ली में पिछले 15 साल से रह रहे हैं आप चेक कीजिए किसी भी चौकी या थाने में हमारे खिलाफ कोई भी शिकायत दर्ज है। प्रदर्शन कर रहे शरणार्थियों का कहना है कि आज तक हमें कोई सुविधाएं नहीं दी गई। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमको नागरिकता दी है। केजरीवाल की हमसे क्या दुश्मनी है। प्रदर्शन कर रहे हिंदू शरणार्थियों में महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे बुजुर्ग सभी लोग शामिल हुए।

**आंकड़े** वैश्विक मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में भारत 134वें स्थान पर

## भूटान और बांग्लादेश से भी पिछड़ा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मानव विकास पर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ताजा रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में भारत 134वें स्थान पर है। इस रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि समृद्ध देशों में अभूतपूर्व स्तर की वृद्धि देखी गई है, जबकि दुनिया के आधे सबसे गरीब देश अपनी महामारी से पहले की प्रगति का स्तर हासिल करने में भी विफल रहे हैं।

रीइमेजिनिंग को ऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्डग' शीर्षक वाली 2023/24 मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार जहां एचडीआई के साल 2020 और 2021 में गिरावट के बाद 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने का अनुमान है, वहीं अमीर और गरीब देशों के बीच विकास के स्तर में काफी अंतर देखा गया है।

### चीन और श्रीलंका उच्च मानव विकास श्रेणी में

'बहुत उच्च', 'उच्च', 'मध्यम' और 'निम्न मानव विकास' के रूप में वर्गीकृत सूची में चीन और श्रीलंका उच्च मानव विकास श्रेणी में क्रमशः 75वें और 78वें स्थान पर हैं, वहीं भारत 134वें स्थान पर है। भारत भूटान (125) और बांग्लादेश (129) से भी नीचे है, जबकि इन तीनों देशों को ही 'मध्यम मानव विकास' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक असमानताएं आर्थिक तौर पर केंद्रीकरण के कारण बढ़ी हैं। वस्तुओं के मामले में वैश्विक व्यापार का लगभग 40 प्रतिशत तीन या उससे कम देशों में केंद्रित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में दुनिया की तीन सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों में से प्रत्येक का मार्केट कैपिटलाइजेशन साल 90 प्रतिशत से अधिक देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को पार कर गया।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रमुख अचिम स्टीनर ने कहा, 'रिपोर्ट से मानव विकास के बढ़ते अंतर से पता चलता है कि अमीर और गरीब देशों के बीच असमानताओं को लगातार कम करने की दो दशकों की प्रवृत्ति अब उलट गई है। हमारे वैश्विक समाजों के गहराई से जुड़े होने के बावजूद हम कमजोर पड़ रहे हैं। हमें अपनी साझा और अस्तित्वगत चुनौतियों का समाधान करने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी परस्पर निर्भरता के साथ-साथ अपनी क्षमताओं का लाभ उठाना चाहिए।'